

रिपोर्ट के मुताबिक भारत में फरवरी में रिकार्ड 4.25 लाख यात्री वाहनों की बिक्री -12




कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार -12



सीमा पर बाड़ लगाने के लिए 105 एकड़ जमीन देगी बंगाल सरकार -13



मैंने फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया और अंतरात्मा की आवाज सुनी : सैमसन -14


आज का मौसम 32.0° अधिकतम तापमान 15.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.32 सूर्यास्त 06.10

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 05:07 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 3 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 198, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## रंगों से आगे... आत्मा के रंगों की होली

होली केवल एक ऐसा पर्व न बने जहाँ हम एक-दूसरे को रंग लगा भर दें। होली वह उत्सव बने, जहाँ हम अपनी आत्मा के रंगों में रंग जाएं। बचपन की होली आज भी स्मृतियों में उतनी ही ताज़ा है। त्योहार आने से 15-20 दिन पहले ही उसका उत्साह शुरू हो जाता था। स्कूल से लौटते ही हम मित्र शाम का इंतज़ार करते। फिर सब मिलकर कस्बे के बाहरी हिस्सों की ओर निकल पड़ते -हाथ में फावड़ा या कुल्हाड़ी जैसी कोई चीज़, सूखी टहनियाँ और लकड़ियां इकट्ठा करने के लिए। हम सूखे पेड़ों की डालियां और लकड़ियां जमा करते और एक स्थान पर उन्हें इस प्रकार सजाते जैसे कोई गुफा बना रहे हों। पूर्णिमा की रात तक हमारी होलिका दहन की तैयारी पूरी हो जाती।

हम गोबर के उपले, ईंधन और अन्य सामग्री भी एकत्र करते और मोहल्ले के लोगों को समय की सूचना देते। पूरा आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आपसी समन्वय, सहयोग और आनंद का उत्सव होता था। समय के साथ तरीक़े भले बदल गए हों, पर होली का उत्साह आज भी वैसा ही जीवंत है। होली का आध्यात्मिक अर्थ रंगों और उल्लास से कहीं अधिक गहरा है। यह नवीनीकरण, क्षमा, समानता और आनंद का पर्व है। होलिका दहन में हम अपने भीतर की नकारात्मकता, अहंकार और कटुता को भी अग्नि को समर्पित करते हैं। इसके बाद रंगों का उत्सव जीवन की नई शुरुआत का प्रतीक बन जाता है जैसे अंधकार के बाद प्रकाश।

होली की सुबह एक अद्भुत दृश्य सामने आता है। घरों, गलियों और दिलों में जैसे कोई जादू उतर आता है। चेहरे रंगों से सराबोर होते हैं, हंसी संकोच की जगह ले लेती है, और वर्षों की दूरियां भी जैसे एक दिन के लिए मिट जाती हैं। यह मुक्ति केवल बाहरी नहीं, भीतर की भी होती है और यही होली का आध्यात्मिक सार है। रंग केवल सजावट नहीं, भावनाओं और संदेशों के प्रतीक हैं। लाल ऊर्जा और प्रेम का, पीला आस्था और पवित्रता का, हरा समृद्धि और नई शुरुआत का, और नीला अनंत आकाश जैसी व्यापकता का प्रतीक है। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तो अनजाने में हम शुभकामनाएं, अपनापन और सकारात्मकता भी बांटते हैं।

अमृत विचार में होली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि एक भावना है। हमारा प्रयास सदैव यही रहता है कि हम समाज के जीवन में सकारात्मक विचारों, निष्पक्ष समाचारों और नई सोच के सुंदर रंग भर सकें। इस पावन अवसर पर हम अपने सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, वितरकों, सहयोगियों और समर्पित टीम के प्रत्येक सदस्य को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। आइए, इस होली केवल रंग न खेलें — बल्कि मन, विचार और आत्मा को भी प्रेम, विश्वास और सद्भाव के रंगों से रंग दें। आप सभी को होली की शुभकामनाएं।

**पार्थो कुनार**, सीओओ

# हिजबुल्लाह भी कूदा जंग में, इजराइल पर शुरू किए हमले
# कुवैत में कई अमेरिकी विमान गिरे, यूएई में रिफाइनरी बंद

### दोनों ओर से हमले तेज होने के बाद जंग का दायरा बढ़ा, कुवैत में अमेरिकी दूतावास पर भी ईरान का मिसाइल हमला

**दुबई, एजेंसी**

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच संघर्ष का दायरा बढ़ने के साथ मंगलवार को तीसरे दिन युद्ध भीषण हो गया। इजराइल और अमेरिका के विमानों ने ईरान पर भारी बमवारी की तो जवाब में ईरान ने खाड़ी देशों को निशाना बनाते हुए कुवैत में अमेरिका के कई एफ- 15 लड़ाकू विमान मार गिराए। कुवैत में अमेरिकी दूतावास पर भी मिसाइल हमला किया, जिसके बाद यहां आग के साथ धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। ईरान के हमले के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एक रिफाइनरी को बंद करना पड़ा। ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय को भी निशाना बनाने का दावा किया है, हालांकि इजराइल ने इसकी पुष्टि नहीं की।

इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खोमेनी की मौत के बाद लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह भी जंग में कूद पड़ा। सोमवार को उसने उत्तरी इजराइल में रॉकेटों से हमला किया। जवाब में इजराइल सशस्त्र बल ने बेरुत में हमला कर हिजबुल्लाह के खुफिया मुख्यालय के प्रमुख हुसैन मकलेद को मार गिराया। इजराइल ने बेरुत में हिजबुल्लाह के वरिष्ठ आतंकवादियों, दर्जनों केंद्रों और हथियार जमा करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले स्थल पर सटीक हमला किया। इस हमले में 31 अन्य लोगों की भी मौत हो गई। इधर, ईरान ने यूएई, कतर, कुवैत, बहरीन और सऊदी अरब समेत खाड़ी देशों को निशाना बनाना जारी रखा। यहां ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए।

भीषण जंग के बीच ईरान ने दावा किया कि उसने कुवैत में अमेरिका के कई एफ-15 स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। ये विमान ईरान पर हमले के लिए उड़ान भर रहे थे। हालांकि उनके पायलटों को सुरक्षित बचा लिया गया। कुवैत के आधिकारिक प्रवक्ता कर्नल साद अल अतवान ने विमानों के गिरने की पुष्टि की। हालांकि अमेरिका ने कहा कि उसके तीन विमानों को कुवैत की वायु रक्षा प्रणाली ने धोखे में हमला कर गिराया है। ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय को भी अपने हमलों का निशाना बनाए जाने का दावा किया है। हालांकि इसकी पुष्टि इजराइल की ओर से नहीं की गई। कुवैत सिटी में अमेरिकी दूतावास पर भी मिसाइल से हमला किया जिसके बाद परिसर के अंदर से आग और धुआं उठता देखा गया।

ईरान और ईरान समर्थित मिलिशिया ने इजराइल और अरब देशों पर बड़े पैमाने पर मिसाइलें दागीं। इसके बाद सऊदी अरब की सरकारी स्वामित्व वाली तेल कंपनी अरामको ने दम्माम के समीप अपनी रास तानूरा तेल रिफाइनरी को अस्थाई रूप से बंद कर दिया। सऊदी अरब के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि यह फैसला एहतियाती तौर पर लिया गया है। ईरानी हमलों के कारण तेल के व्यापार को खासा नुकसान पहुंचा है।



तेहरान में इजराइली हमलों के बाद उठता धुएं का गुबार।



इजराइल में ईरान के मिसाइल हमले से गड्ढे में तब्दील सड़क।

## ईरान में दो दिन के अंदर 555 लोगों की मौत, 131 शहरों को भारी नुकसान

**तेहरान/वियना।** युद्ध क्षेत्रों में मानवीय सहायता पहुंचाने वाली संस्था रेड क्रिसेंट के मुताबिक अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों में ईरान में दो दिनों में 555 लोगों की मौत हो गई है और देश के 131 नगरों को खासा नुकसान पहुंचा है। इस बीच ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका-इजराइल ने उसके नतांज परमाणु संवर्धन स्थल को हवाई हमलों का निशाना बनाया है। हालांकि

- **अपने परमाणु स्थल नतांज पर भी हवाई हमले का ईरान ने लगाया आरोप**

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने इस दावे की पुष्टि नहीं की। आईएईए में ईरान के राजदूत रेजा नजफी ने सोमवार को कहा कि अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों में ईरान के नतांज परमाणु संवर्धन स्थल को निशाना बनाया गया है। इसके विपरीत आईएईए प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा कि अब तक एजेंसी को कोई संकेत नहीं मिला है कि ईरान में परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया गया है। आईएईए मुख्यालय में रूस के अनुरोध पर संचालन मंडल की बैठक चल रही है। इजराइल ने इससे पहले 13 जून को नतांज में हमला किया था, जिससे यह काफी हद तक नष्ट हो गया था।

- **महायुद्ध में तब्दील होने लगा ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष, पश्चिम एशिया में और बढ़ा तनाव**
- **बेरुत में इजराइल के जवाबी हमले में मारा गया हिजबुल्लाह का खुफिया प्रमुख, 31 आम लोगों की भी मौत**

### हमले में घायल खामेनेई की पत्नी ने भी तोड़ा दम

**तेहरान।** इजराइल के हमले में घायल हुईं ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की पत्नी की भी सोमवार को मौत हो गई। सरकारी मीडिया के अनुसार खामेनेई की पत्नी को शहादत नसीब हुई है। शनिवार को खामेनेई इजराइल के मिसाइल हमले में मारे गए थे। उनके कई रिश्तेदारों की भी मौत हो गई थी।

### तेल टैंकर को टक्कर मारी, भारतीय की मौत

**दुबई।** ओमान में मस्कट प्रांत के तट के पास सोमवार को विस्फोटकों से भरी एक मानवरहित नौका के तेल टैंकर से टकराने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। ओमान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक शेष 21 सदस्यों को सुरक्षित निकाला गया। इनमें 16 भारतीय हैं। एक दिन पहले, होर्मुज जलडमरूमध्य में एक अन्य तेल टैंकर पर हमला हुआ था। इसमें चालक दल के चार सदस्य घायल हो गए। जो भारत और ईरान के नागरिक थे।

### सूचना

सभी सुधी पाठकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनदाताओं को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 3 व 4 मार्च (मंगलवार-बुधवार) को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 6 मार्च (शुक्रवार) को प्रकाशित होगा।

- संपादक

### न्यूज ब्रीफ

### डॉलर के मुकाबले रुपये में 41 पैसे की भारी गिरावट

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सोमवार को रुपया 41 पैसे की जोरदार गिरावट के साथ 91.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच सैन्य हमलों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आने से अमेरिकी मुद्रा की मांग में तीव्र वृद्धि हुई है। घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी ने भारतीय मुद्रा पर दबाव को और बढ़ा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.23 पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 91.65 का निचला स्तर छुआ। अंत में रुपया 91.49 पर बंद हुआ। शुक्रवार को रुपया 17 पैसे टूटकर 91.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## माता-पिता, बहन व दादी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

**संवाददाता, बहराइच**

जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। चार वर्ष पूर्व बेची गई पैतृक जमीन के एवज में मिले रुपयों में हिस्सा न मिलने से नाराज छोटे पुत्र ने वाद-विवाद के बाद पिता, मां, बहन और बुजुर्ग दादी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। बीच-बचाव करने आए बड़े भाई गुरुदेव पर भी हमलाकर घायल कर दिया। अपने को घिरा देख आरोपी ने खुद पर ईंट से हमला करते हुए जान देने की कोशिश की। गुरुदेव का इलाज स्थानीय सीएचसी जबकि गंभीर रूप से घायल निरंकार को लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी निरंकार के खिलाफ हत्या व जानलेवा हमले के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटनास्थल पर पहुंच पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने भी पड़ताल की।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने बताया कि थाना रुपईडीहा के ग्राम रामपुर ऊदल निवासी गुरुदेव पुत्र बदलूराम ने तहरीर देकर कहा कि बीती रात एक बजे उसका छोटा भाई निरंकार का पिता से उनकी बेची गई जमीन से मिले रुपये व गहनों की मांग को लेकर विवाद हुआ। अपना हिस्सा न मिलने से तिलमिलाए निरंकार ने पिता बदलूराम (60), मां संजू देवी (56), बहन पार्वती (42) व दादी शीतला(80) की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। गुरुदेव का कहना है कि चीख पुकार के बाद जब उसने निरंकार को रोकने की कोशिश की तो उस पर भी हमला कर घायल कर दिया। गुरुदेव का कहना है कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी निरंकार ने ईंट से अपने सिर पर प्रहार करके खुद को भी गंभीर रूप से जख्मी कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि गुरुदेव की तहरीर पर हत्यारोपी निरंकार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पारिवारिक कलह को लेकर हुई चार हत्याओं के बाद एकमात्र सदस्य गुरुदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में भर्ती हैं। जबकि निरंकार को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पूछताछ के दौरान गुरुदेव ने बताया कि बीते 4 साल से निरंकार संपत्ति के मामले को लेकर पिता पर आरोप मढ़ता रहता था। किसी न किसी बहाने आए दिन मारपीट करता रहता था। चार वर्ष पूर्व उसकी पत्नी भी इसी कलह के चलते उसे छोड़कर चली गई थी।

**संपत्ति विवाद**

- **पैतृक संपत्ति में अपना हिस्सा न मिलने पर अक्सर झगड़ा करता था हत्यारोपी पुत्र**
- **बड़े भाई को घायल करने के बाद स्वयं पर भी किया जानलेवा हमला, इलाज को लखनऊ रेफर**



हत्यारोपी निरंकार।

### पूरी दुनिया को अपनी जद में लेने लगी युद्ध की विभीषिका

#### कच्चे तेल की कीमतों में 10% वृद्धि



**न्यूयॉर्क।** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद सोमवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। ये कीमतें तेज उछाल के साथ करीब 10% तक बढ़ गईं। ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान की आशंका गहरा गई है। कच्चा तेल सोमवार सुबह करीब नौ प्रतिशत चढ़ गया।

#### सेंसेक्स में 1,048 अंकों की गिरावट



**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और कच्चे तेल में तेज उछाल से स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेज गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,048 अंक का गोता लगा गया और छह महीने के निचले स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 313 अंक के नुकसान में रहा।

#### चांदी 32,000, सोना 8,100 उछला




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट गहराने से निवेशक सुरक्षित संपत्ति की ओर रुख करने लगे हैं। इस कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी तीन लाख रुपये किलोग्राम और सोना 1.73 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब जा पहुंचा। दोनों धातुओं की कीमतों में 12% तक का उछाल आया।

## यूरेनियम आपूर्ति पर भारत और कनाडा के बीच करार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और कनाडा ने सोमवार को यूरेनियम एवं महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को लेकर अहम समझौतों पर हस्ताक्षर करने के साथ वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को जल्द अंतिम रूप देने पर भी सहमति बनी।

दोनों नेताओं के बीच यहां हुई बातचीत के दौरान रक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी, छोटे एवं मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर (एसएमआर), शिक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया गया। मोदी ने प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2030 तक 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। यह फिलहाल लगभग 13 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा, आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता हासिल करना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए हमने सीईपीए को जल्द अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है। इससे दोनों देशों में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



समझौते के दौरान कार्नी के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

- **दोनों देशों ने तय किया आपसी व्यापार को 50 अरब डॉलर ले जाने का लक्ष्य**

### भारत-कनाडा संबंध नई ऊर्जा से भरे हुए: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एवं कनाडा के द्विपक्षीय संबंध अब नई ऊर्जा, आपसी विश्वास और सकारात्मकता से भरे हुए हैं। कनाडा 2.6 अरब डॉलर के यूरेनियम आपूर्ति समझौते के तहत भारत के असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का समर्थन करेगा। असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति पर ऐतिहासिक समझौता हुआ है। हम छोटे मॉड्यूलर और उन्नत रिएक्टरों पर भी साथ काम करेंगे।

## फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने किया खाड़ी देशों की मदद का एलान

**लंदन, एजेंसी**

फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने ईरान के हमले के शिकार बने खाड़ी देशों की मदद का एलान किया है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरट ने कहा कि उनके सहयोगी देशों बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, इराक को इस जंग में घसीटा गया है। हम उनकी सुरक्षा के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस, ईरान के खिलाफ जार्डन की मदद करेगा।

इस बीच बहरीन पर हुए ईरानी हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटेन के विदेश मंत्री कूपर ने कहा कि साइप्रस के ब्रिटिश सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में ब्रिटेन को अपनी जिम्मेदारी का अहसास है जो खाड़ी में सहयोगियों की रक्षा से संबंधित है। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने एक संयुक्त बयान में कहा, हम क्षेत्र में अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएंगे, जिसमें आवश्यक और आनुपातिक रक्षात्मक कार्रवाई सक्षम करना शामिल हो सकता है, ताकि ईरान की मिसाइल और ड्रोन दागने की क्षमता को उनके स्रोत पर नष्ट किया जा सके। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि ब्रिटेन ने अमेरिकी अनुरोध स्वीकार किया है। खाड़ी क्षेत्र में हमारे साझेदारों ने भी हमसे उनकी रक्षा के लिए कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### अब हम अमेरिका से बातचीत नहीं करेंगे

**तेहरान।** ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ कोई भी नई बातचीत करने से इन्कार कर दिया है। इससे ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव बढ़ने की आशंका है। लारीजानी ने पर्दे के पीछे गोपनीय बातचीत (बैक चैनल डिप्लोमेसी) की खबरों को खारिज करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति पर आरोप लगाया कि उन्होंने भ्रम वाली हरकतें करके इलाके को अस्थिरता में धकेल दिया है।

**गंभीर मामला** | निचली अदालत में काल्पनिक आधार पर निर्णय करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- गहन जांच करेंगे

## एआई निर्मित फर्जी फैसलों पर भरोसा चूक नहीं कदाचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में एआई की मदद से कथित तौर पर तैयार किए गए काल्पनिक फैसलों पर भरोसा करने के मामले का संज्ञान लेते हुए कहा कि इसके आधार पर निर्णय लेना कोई त्रुटि नहीं बल्कि कदाचार के बराबर है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने कहा है कि वह मामले की विस्तार से पड़ताल करेगी। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता तथा बार भारतीय विधिज्ञ परिषद को नोटिस जारी किया है।

अदालत ने इस मामले में सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान को भी नियुक्त किया है। पीठ ने कहा, हम निचली अदालत के एआई निर्मित गैरमौजूद, फर्जी या कृत्रिम कथित निर्णयों पर भरोसा करने का संज्ञान लेते हैं और इसके परिणामों तथा जवाबदेही की पड़ताल करना चाहते हैं क्योंकि इसका न्यायिक प्रक्रिया की शुचिता पर सीधा असर पड़ता है। पीठ ने 27 फरवरी के आदेश में कहा, सबसे पहले, हमें यह स्पष्ट करना होगा कि इस प्रकार के निराधार और फर्जी कथित फैसलों पर आधारित निर्णय लेना, निर्णय लेने में त्रुटि नहीं है। यह कदाचार होगा और इसके कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। यह आवश्यक है कि हम इस मुद्दे की अधिक विस्तार से पड़ताल करें।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मामला काफी चिंता का विषय है। पीठ ने सुनवाई 10 मार्च को निर्धारित करते हुए निर्देश दिया कि विशेष अनुमति याचिका के निपटारे तक निचली अदालत अधिवक्ता-आयुक्त की रिपोर्ट पर कार्यवाही न करे। इससे पहले 17 फरवरी को सीजेआई सूर्यकांत के नेतृत्व वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने एआई उपकरणों से तैयार की गई याचिकाओं को दाखिल करने के वकीलों के बढ़ते चलन पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी।



- **कोर्ट ने कहा- इसका शुचिता पर असर, कानूनी नतीजे भुगतने होंगे**

### आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई में सामने आया मामला

यह मुद्दा शीर्ष अदालत के समक्ष तब सामने आया जब वह आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के जनवरी के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ताओं ने कुछ आपत्तियां उठाकर अधिवक्ता आयुक्त की रिपोर्ट को चुनौती दी थी। निचली अदालत ने पिछले साल अगस्त में अपने आदेश में आपत्तियों को खारिज कर दिया था और इस प्रक्रिया में कुछ निर्णयों पर भरोसा किया था। इसके बाद, याचिकाकर्ताओं ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी और दलील दी कि जिन फैसलों का जिक्र किया गया और जिन पर भरोसा किया गया, वे अस्तित्वहीन और फर्जी थे। शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि हाईकोर्ट ने आपत्ति पर विचार किया और पाया कि फैसले एआई के जरिए तैयार किए गए थे।

# प्लाट खरीदने व रेस्टोरेंट में पार्टनर बनाने के नाम पर ठगे 30 लाख

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जमीन खरीदने व प्रतिष्ठान में पार्टनर बनाने के नाम पर महिला से 30.50 लाख रुपये ठगने के आरोप में कोतवाली नगर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पीड़िता कविता गुप्ता निवासी शक्ति नगर कॉलोनी कोतवाली नगर ने अपनी तहरीर में बताया कि वह अपने एक परिचित अंतिम सिंह निवासी गोसाईगंज के माध्यम से अनुराग द्विवेदी निवासी देवकाली बाईपास से मिलीं। अनुराग के कहने पर उन्होंने एक प्लाट खरीदने के लिए अपनी बहन पूजा के खाते से शाकुंतलम डेवलपर्स के खाते में 22 फरवरी से 12 अप्रैल 2024 के बीच कुल 18.50 लाख रुपये डाले। इसके कुछ माह बाद अनुराग ने अयोध्या राम मंदिर के बगल प्रसादम रेस्टोरेंट में 30 प्रतिशत पार्टनरशिप के नाम पर उनसे 12 लाख रुपये लिए। इसके लिए 25 सितंबर 2024 को एग्रीमेंट भी हुआ। बताया कि मार्च 2025 में अनुराग की मौत हो गई। इसके बाद से न तो उन्हें शेयर का पैसा व प्लाट नहीं मिला।




- शाकुंतलम डेवलपर्स व प्रसादम स्टोरेंट के स्वामी समेत पांच लोगों पर केस दर्ज

उन्होंने इसकी शिकायत अनुराग के पिता अनिल व मां शकुंतला से की, उन्होंने इसके लिए सूर्यांश द्विवेदी निवासी भीखापुर कोतवाली अयोध्या से बात की तो उसने गाली-गलौज करते हुए रुपये देने से इनकार कर दिया। बताया कि 19 जुलाई 2025 को उनकी बहन पूजा एक दुर्घटना में चलने फिरने में असमर्थ हो गई, उसे अपने पैसों की सख्त जरूरत है। इसके बाद भी आरोपी पैसे देने को तैयार नहीं है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर अनिल, शकुंतला, सूर्यांश समेत शाकुंतलम डेवलपर्स व प्रसादम रेस्टोरेंट के स्वामी समेत पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। छानबीन के बाद मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, आशियाना जला

**कुमारगंज, अमृत विचार।** खंडासा थाना क्षेत्र के टिकटी गांव अंतर्गत पूरे ओरी सराय गांव में संदिग्ध परिस्थितियों लगी आग से एक परिवार की संपूर्ण गृहस्थी जल गई। दो अन्य लोगों के गैर आवासीय छप्पर भी जल गए। अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पूरे ओरी सराय गांव की महिला सुशीला के छप्पर के मकान में सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे अचानक आग की लपटें उठने लगी। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया और फूस का मकान पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया। आग इतनी भीषण थी कि पड़ोस में ही स्थित श्रवण कुमार और जय गोविंद के पशुशाला एवं गैर आवासीय भवन जल गया। दोनों लोगों की पशुशाला एवं छप्पर के नीचे रखें भूसे सहित खाद्यान्न सामग्री भी जलकर नष्ट हो गई। सूचना पाकर चालक हृदय राम विश्वकर्मा एवं फायर मैन संदीप भट्ट, प्रशांत दीक्षित, विकास कुमार, सत्यम सक्सेना एवं उत्तम राजवंशी की टीम अग्निशमन यंत्र के साथ मौके पर पहुंची, आग बुझाया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष ने बताया कि घटना की जानकारी स्थानीय तहसील प्रशासन को दे दी गई है, अग्नि पीड़ित परिवारों के लिए भोजन इत्यादि की व्यवस्था कराई जा रही है।















यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम Union Bank of India A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय - ग्राउण्ड फ्लोर 436 अतरदीप काम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या, उ.प्र.-224001

### कब्जा सूचना (नियम 8(1) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु

जहाँ कि, अधोहस्ताक्षरीने, जो कि प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुर्नगठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया उत्तर प्रदेश के प्राधिकृत अधिकारी है तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 ( अधिनियम सं. 2002 का 54 ) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणकर्ता/जमानतकर्ता के खाते के सामने उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की माँग सूचना जारी किया था। जिसमें कि उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की मांग की गई थी। चूंकि ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस सूचना में वर्णित राशि को चुकाने में असमर्थ रहा है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता जमानतकर्ता एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों पर इस दिन (नीचे दिये गये ब्यौरे के अनुसार) कब्जा कर लिया है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस को विशेषतः और जनता को साधारणतः सूचित किया जाता है, कि इस सम्पत्ति से कोई सरोकार न रखे तथा इस सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार करने पर यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के नियमानुसार उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज का भुगतान करने को बाध्य होगा। ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है। कब्जे में लिए गए सम्पत्ति का विवरण निम्न है–

| ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/ बंधककर्ता का नाम एवं पता | प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरण | डिमाण्ड नोटिस की तिथि / कब्जा की तिथि / 13 (2) के नोटिस के अनुसार कुल बकाया धनराशि |
|---|---|---|
| **शाखा - देवा शरीफ, जिला बाराबंकी** | | |
| **उधारकर्ता : श्री मनोज कुमार** पुत्र स्व. श्याम लाल, (प्रो. मेसर्स मनोज रेडीमेड) निवासी अस्ताना रोड, देवा शरीफ, बाराबंकी–225301 **जमानतकर्ता व बन्धककर्ता व उसके कानूनी वारिस :** श्रीमती तारावती पत्नी स्व श्याम लाल, श्री प्रेम प्रकाश पुत्र स्व. श्याम लाल, श्री विनोद कुमार पुत्र स्व श्याम लाल, श्रीमती संतोष कुमारी पुत्री स्व. श्याम लाल, श्रीमती ज्योति भारती पत्नी मनोज कुमार, श्री कृष भारती पुत्र मनोज कुमार, श्री रुद्र भारती पुत्र मनोज कुमार, निवासी ग्राम मामापुर देवा देहात, पोस्ट देवा शरीफ, बाराबंकी, उ.प्र. 225301 | अचल संपत्ति का विवरण– 3 दुकानों वाला एक मंजिला आवासीय भवन, खसरा नंबर 1397 पर मकान, क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट, ग्राम देवा (शहर के बाहर का क्षेत्र), पोस्ट देवा शरीफ, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, 225301 जोकि श्याम लाल पुत्र छोटे लाल के नाम पर है । **चौहद्दी (साइट/असल के अनुसार):** उत्तर–रमेश का घर, दक्षिण–घुरू का घर, पूर्व–बाराबंकी से देवा रोड, पश्चिम– खसरा नंबर 1397 की बची हुई ज़मीन | 31.10.2025<br>27.02.2026<br>₹ 13,88,684.84 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| **शाखा - इस्माईल नगर, जिला अयोध्या** | | |
| **उधारकर्ता व बन्धककर्ता–मेसर्स माँ ज्वाला ब्रिक फील्ड,** (प्रो. श्री सत्यनाम सिंह, (मालिक मेसर्स माँ ज्वाला ब्रिक फील्ड) पत्नी बम बहादुर सिंह, निवासी ग्राम–संजयगंज अर्थर, तहसील सोहावल जिला फैजाबाद, उ.प्र. 224001 **जमानतकर्ता व सहबंधककर्ताः श्रीमती मीना सिंह** पत्नी सत्यनाम सिंह, निवासी ग्रा. व पो. खिरतौनी, तहसील सोहावल, जिला फैजाबाद, उ.प्र. 224001 | **संपत्ति 1** अचल संपत्ति का विवरण–प्लॉट संख्या 1935 केए, ग्राम खिरौनी, परगना मगलसी, तहसील सोहावल, जिला– फैजाबाद, उ.प्र 224001 डीड का विवरण–770/01 दिनांक 15.06.2001 बही संख्या 1 जिल्द सं 126 पेज 391/426N में एसआरओ सोहावल में पंजीकृत **चौहद्दी (संपत्ति स्थल/वास्तविक के अनुसार):** उत्तर– सुचित्तागंज रोड फिर नहर, दक्षिण–श्री अजय सिंह और श्रीमती सरोज | 03.04.2019<br>27.02.2026<br>₹ 18,19,708.50 + ब्याज व अन्य खर्चे |

जायसवाल की जमीन, पूर्व– राजा राम जायसवाल का मकान, पश्चिम –श्रीमती सरोज जायसवाल का हाता। **संपत्ति 2**–प्लॉट संख्या 1883, ग्राम खिरौनी, परगना मगलसी, तह. सोहावल, जिला– फैजाबाद, उ.प्र 224001 डीड की डिटेल्सः सेल डीड नंबर 918/2001 तारीख 17.07.2001 SRO सोहावल में रजिस्टर्ड **चौहद्दी (संपत्ति स्थल/वास्तविक के अनुसार):** उत्तर– रामनिहोर का प्लॉट, दक्षिण – अखिलेश कुमार जायसवाल का मकान व श्रीमती कामिनी देवी की जमीन, पूर्व–दूसरों की ज़मीन, पश्चिम–सुचितागंज से संजयगंज रोड **प्रॉपर्टी 3** प्लॉट नं. 607, ग्रा. खिरौनी, परगना मगलसी, तह. सोहावल, ज़िला–फ़ैज़ाबाद 224001 डीड की डिटेल्सः सेल डीड नं. 71/08 तारीख 13.01.2008 SRO सोहावल में रजिस्टर्ड **चौहद्दी (प्रॉपर्टी साइट/असल के हिसाब से) :** उत्तर–रामनिहोर का बाग, दक्षिण–ओपन लेन व तालाब, पश्चिम– सुचितागंज से संजयगंज रोड फिर अखिलेश कुमार जायसवाल का घर, पूर्व–जवाहिर का बाग।

दिनांक : 03.03.2026 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी : यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बीकापुर।** बीकापुर कोतवाली अंतर्गत प्रयागराज हाईवे पर बीकापुर बाजार में सोमवार दोपहर अयोध्या से दर्शन करके जा रहे गाजीपुर के रहने वाले श्रद्धालुओं की कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक चालक बिलारी माफी बीकापुर निवासी वासुदेव (32) गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी बीकापुर में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. संत कुमार मौर्य ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना करने वाली कार को कब्जे में लिया है। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।










# चंद्रग्रहण आज, बुधवार को खेला जाएगा रंग

**सोमवार की देर रात जिले में 2195 स्थानों पर हुआ होलिका दहन**

**बच्चों, रामनगरी के युवाओं में छाई मस्ती, चौराहों व नुक्कड़ों पर लगा डीजे, होली गीतों पर थिरक रहे लोग**

**अवध की प्रसिद्ध कपड़ा फाड़ होली की तैयारी पूरी, प्यार व मस्ती से खेली जाती अवध की होली**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी में होली की तैयारियां अंतम दौर में हैं। सोमवार की देर रात जिले में 2195 स्थानों पर विधि विधान से होलिका दहन किया गया। इसके बाद से युवाओं में मस्ती छा गई, चौराहों और नुक्कड़ों पर डीजे की धुनों पर लोग थिरक रहे हैं। अवध की प्रसिद्ध 'कपड़ा फाड़ होली' की तैयारियां भी पूरी हो गई हैं।

रामनगरी में होलिका दहन के बाद से युवा और बच्चों में होली की मस्ती छा गई है। होलिका दहन के दिन ही शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के चौक चौराहों पर डीजे सिस्टम लग गए, जहां होली के गीत बज रहे हैं और लोग नाच-गाकर मस्ती कर रहे हैं। अवध क्षेत्र की 'कपड़ा फाड़ होली' की भी खास तैयारी है। होली खेलने के बाद लोग प्यार-मस्ती में एक-दूसरे के कपड़े फाड़ते हैं, जो उत्सव को और रोचक बनाती है। यह परंपरा अवध की सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है, जो सद्भाव और हर्षोल्लास का प्रतीक भी है।


होलिका दहन से पूर्व रिकाबगंज चौराहे पर सजी हुई होलिका।


रिकाबगंज हनुमानगढ़ी पर डीजे पर नृत्य करते बच्चे। अमृत विचार

### चंद्र ग्रहण के चलते रंगों का त्योहार धुलंडी बुधवार को

खुशियों और रंगो का त्योहार होली इस बार चार मार्च को खेली जाएगी। आचार्य देवनाथ पांडेय ने बताया कि होली पर सैकडों वर्ष बाद चंद्रग्रहण का योग बन रहा है। इस बार भारत में दृश्यमान का प्रभाव होगा। बताया कि तीन मार्च की सुबह 9 बजे से सूतक लग जाएगा जो शाम को 6 .48 बजे तक रहेगा। इसलिए पूरे वैष्णव सम्प्रदाय में पूरा दिन चंद्र ग्रहण माना जाएगा। इसके चलते रंगों का पर्व धुलंडी होलिका दहन के तीसरे दिन चार मार्च को मनाया जाएगा।

### चौक में सर्राफा व्यापारियों की होली आज

चौक घंटाघर पर होली के एक दिन पूर्व परंपरागत रुप से मनाई जाने वाली होली मंगलवार को खेली जाएगी। आयोजकों में एक गोविंद अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है। होली सुबह 11 बजे से 1 :30 बजे तक खेली जाएगी। इसके लिए पानी का टैंकर व रंग आदि की व्यवस्था कर ली गई है। बालकृष्ण अग्रवाल, हिमांशु कंसल, संजय अग्रवाल, पवन अग्रवाल समेत अन्य सहयोग कर रहे हैं।

### कोठा पार्च से निकलेगी होली की बरात

शिव मंदिर कोठा पार्चा से होली की बारात चार मार्च की प्रात : 8 बजे निकलेगी। इसमें शामिल लोग फूलों, अबीर–गुलाल से वातावरण को रंगीन करेंगे। यह बारात माता अन्नपूर्णा, हठी महारानी, जिला चिकित्सालय होते हुए हनुमानगढ़ी रिकाबगंज तक जाएगी। वापसी यात्रा चौक में नौ बजे संपन्न होगी। शिव मंदिर, कोठापर्चा व श्रीबाल रामलीला समिति कोठापर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि हम शराब और नशाखोरी के विरोध में हैं। आपसी प्यार और सद्भावना को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखते हैं।

## केकरे हाथ अबीरा, अवध मां होली खेलैं रघुवीरा ...

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध में होली की अलग ही मस्ती है। जहां एक ओर स्थानीय लोग इसे प्यार व मस्ती से से मनाते हैं, वहीं दूसरी ओर साधु संत भी अपने आराध्य को अबीर गुलाल अर्पित करने के बाद होली खेलते हैं। आज अवध के अवध किशोर, सरयू जी के तीरे खेलें होली... जैसे गीतों से आराध्य से सरोकार की पुष्टि होती है। होली में गीतो की भी समृद्ध परंपरा है। केकरे हाथे कनक पिचकारी, केकरे हाथ अबीरा, अवध मां होली खेलें रघुवीरा... जैसे होली गीत की फिल्मी रुपांतरण गीत तो एक ब्रांड बन चुका है। चढ़त फगुनवा बउर गए अमवा अउर महुआ, झूम–झूम गांवय सब मगन फगुआ... जैसे गीतों में अवध की फिज़ा का सुंदर परिचय मिलता है। रामनगरी के विभिन्न मठ मंदिरों में वसंत पंचमी से ही गर्भगृह में विराजमान भगवान को अबीर गुलाल लगाने की परंपरा है। रंग भरी एकादशी से यह उल्लास और गहराता है। कुछ मंदिरों में चटक हो जाता गर्भगृह में विराजमान भगवान के विग्रह को जगमोहन में प्रतिष्ठित कर भक्त उनके सम्मुख अबीर–गुलाल अर्पित करने के साथ फाग की मस्ती में डूबते हैं। बजरंगबली की प्रधानतम पीठ हनुमानगढ़ी में होली के दिन सुबह भगवान को नए वस्त्र व आभूषण पहनाकर उन्हें अबीर–गुलाल लगाकर साधु–संत आपस में होली खेलते हैं। पकवानों के भोग भी लगते हैं। जिसे प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। वहीं, अयोध्या के रसिक संप्रदाय के मंदिरों में इस पर्व पर विशेष उल्लास दिखता है। बासुदेव घाट स्थित हनुमान बाग में यह उत्सव देखने लायक होता है। यहां हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया जाता है। यहां साधु संत, संस्कृत के विद्यार्थी जमकर होली खेलते हैं। महंत जगदीश दास बताते हैं कि सायंकाल भजन व फगुवा गीतों से पूरा मंदिर परिसर गूंजता है, तो सारी फिजां रंगीन हो जाती है। पटवा मंदिर के पुजारी सत्येंद्र दास कहते हैं कि अवध होली के क्या कहने, जब ठाकुरजी के गाल पर गुलाल लगता है तो वह और दिव्य लगते हैं।

### जरूरत पर यहां करें काल

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला प्रशासन कंट्रोल रूम | 05278–223753 | सीओ अयोध्या | 9454401394 |
| फायर ब्रिगेड | 9454418709 | कोतवाली अयोध्या | 9454403296 |
| एसपी सिटी | 9454401048 | थाना रामजन्मभूमि | 9454403310 |
| एसपी ग्रामीण | 9454401049 | कोतवाली नगर | 9454403303 |
| सीओ सिटी | 9454401393 | थाना कैंट | 9454403298 |

### न्यूज ब्रीफ

### सुबह नौ से शाम साढ़े आठ बजे तक राम मंदिर में बंद रहेगा दर्शन



**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर में तीन मार्च को लगने वाले चन्द्रग्रहण (शुक्ल पक्ष पूर्णिमा) के नाते दर्शन की व्यवस्था स्थगित रहेगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सूचना जारी की है कि ब्रहम मुहूर्त में मंगला एवं श्रृंगार आरती पूर्व निर्धारित समयानुसार करने के बाद बंद रहेगा। इस दौरान श्रध्दातुओं का दर्शन प्रात : नौ बजे पट बंद होने तक चलेंगे। प्रात : नो बजे से लेकर रात्रि साढ़े आठ तक सूतक और चन्द्रग्रहण के समय को देखते हुए मंदिर बंद रहेगा।

### सैकड़ों बच्चों संग बांटी खुशियाँ

**अयोध्या, अमृत विचार :** सामाजिक संस्था द आयुष्मान फाउंडेशन ने होली के पर्व पर बाल संस्कार केंद्र खिरौनी, श्री राधे बाल संस्कार केंद्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया। सैकड़ों बच्चों को गुलाल, पिचकारी, टोपी, मास्क, नमकीन के पैकेट, मीठी गुजिया, टॉफी, चॉकलेट, चिप्स सहित अन्य उपहार वितरित कर उनके साथ रंगोत्सव मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के जीवन में खुशियों के रंग भरना, सामाजिक समरसता और सेवा भावना को सशक्त करना रहा। संस्था परिवार ने सभी सहयोगियों और उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कैंप में 203 ग्रामीणों के बने आधार कार्ड

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर ग्रंट में आधार कार्ड बनाने के लिए प्रधान दुर्गा प्रसाद निषाद ने कैंप लगवाया, जहां पर ग्राम पंचायत वासियों सहित 203 लोगों का आधार कार्ड बनाया गया। एडीओ पंचायत अनिरुद्ध सिंह वर्मा ने कहा ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से ऐसे ही ग्रामीणों के हित में कार्य करना चाहिए।

### डॉ. आशुतोष को हिंदी साहित्य में पीएचडी



**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के अमानीगंज क्षेत्र के निवासी डॉ. आशुतोष तिवारी ने हिंदी साहित्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। धरौली के ग्राम कटैया निवासी आशुतोष ने दिल्ली विश्वविद्यालय से तुलसी, सूर एवं जायसी की नारी विषयक दृष्टि का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. लोकेश गुप्ता के निर्देशन में पूरा किया गया। डॉ. तिवारी का यह अध्ययन भक्तिकालीन हिंदी साहित्य के तीन प्रमुख कवियों तुलसीदास, सूरदास और जायसी की रचनाओं में नारी की छवि, उनकी स्थिति, भूमिका और दृष्टिकोण की तुलनात्मक जांच करता है।

## बड़ा भक्तमाल में संतों ने खेली फूलों की होली

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम नगरी अयोध्या में सिद्ध पीठ बड़ा भक्तमाल मंदिर में सैकड़ों संत महंतों ने भगवान के साथ फूलों की होली खेली। हारमोनियम, ढोलक, तबला के साथ संहोली के अवसर पर फगुवा गीतों का गायन किया गया। भगवान के सामने नाचते गाते खुशियां मनाई। इसमें शामिल होने के लिए दूर दराज भक्त भी पहुंचे है।

बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश दास ने कहा कि बसंत पंचमी के बड़ा भक्तमाल मंदिर में रंग अबीर गुलाल के साथ होली उत्सव प्रारंभ हो जाता है। जो दिन पर्यंत चलता है। आज उसी के उपलक्ष्य में भगवान श्री सीताराम जी की दिव्य होली महोत्सव का कार्यक्रम किया गया है। जिसमें अयोध्या के सभी संत महंत शामिल होते हैं। महंत राम दास ने कहा कि आज हम लोग बड़ा भक्तमाल मंदिर में बैठकर होली महोत्सव मन रहे हैं। फूलों की होली कोलेकर सभी उत्साहित हैं। इस बार की होली भगवान राम लला के नाम की होली है। सभी संत महंत आनंद लेते हुए एक दसरे पर फूल बरसा रहे हैं।

जानकी घाट बड़ा स्थान के महंत जनमेजय शरण ने बताया कि अयोध्या में रंग भरी एकादशी से होली शुरू हो गई है। सभी संत हर्ष उत्साहित है। आज बड़ा भक्तमाल मंदिर के प्रांगण में यह रंग भरी होली फूल से खेल रहे हैं। इसी प्रकार प्रतिदिन 8 तारीख तक होली महोत्सव अलग-अलग मंदिरों में चलता रहेगा। पूरी अयोध्या में श्री सीताराम जी के फूलों की होली खेली जा रही है। यह भगवान से जुड़ने और जोड़ने की होली है।


बड़ा भक्तमाल में फूलों की होली खेलते साधु–संत। अमृत विचार

### होली और रमजान एक साथ, मजिस्ट्रेट सक्रिय

**अयोध्या।** होली का पर्व है। रमजान का महीना चल रहा है। त्योहार को एक साथ मनाए जाने के लिए प्रशासन और पुलिस ने तगड़ी व्यवस्था की है। जिला प्रशासन ने पूरे जिले में मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है पुलिस विभाग ने अफसरों के साथ थाने चौकियों तक के लिए निर्देश जारी किया है। चौकसी शुरू हो गई है। शांति और सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक मशीनरी सक्रिय है।



गुप्तहरि पार्क में जयपुरिया स्कूल द्वारा आयोजित रंगोत्सव समारोह में प्रतिभागियों को पुरस्कृत करतीं अतिथि।

### रंगोत्सव 2026 : ये होली जयपुरिया वाली

- सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल ने गुप्तारी गार्डन में किया आयोजन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सहादतगंज में राजकीय पॉलीटेक्निक के पास स्थित सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल ने को गुप्तहरि गार्डन में सोमवार को रंगोत्सव 2026 : 'ये होली जयपुरिया वाली' का आयोजन किया। आयोजन में छात्र–छात्राओं समेत उनके अभिभावक भी शामिल हुए। गायन प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यूनिक हैंडप्रिंट होली वॉल में बच्चों ने अपनी शानदार छाप छोड़ी। पिचकारी गेम ने चारों ओर मुस्कान और हंसी ला दी। बच्चों ने म्यूज़िक, डांस परफॉर्मेंस, कविता पाठ और स्टैंड–अप कॉमेडी पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किये। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन न सिर्फ़ अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हैं बल्कि बच्चों को भी देश की सभ्यता व संस्कृति का ज्ञान कराते हैं।

## रामनवमी मेले के लिए 45 चिकित्सक तैनात 50 बेड आरक्षित

- रामनगरी में 19 से 27 तक चलेगा रामनवमी मेला, 26 को मुख्य पर्व

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी में इस बार 19 से 27 मार्च तक चैत्र रामनवमी मेला आयोजित होगा। मुख्य आकर्षण 26 मार्च को रामनवमी का पर्व होगा। जब लाखों श्रद्धालु रामलला के दर्शन और मेले में शामिल होने आएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने इस भव्य आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र भिटौरिया ने बताया कि मेला क्षेत्र में कुल 15 अस्थायी स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था की गई है। इनमें 45 चिकित्सकों की तैनाती की गई है। साथ ही 45 फार्मासिस्ट और 45 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी इन केंद्रों में तैनात रहेंगे। यह सुनिश्चित करेगा कि दवाइयों की उपलब्धता और बुनियादी सुविधाएं निर्बाध बनी रहें। बताया कि 15 अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र हनुमानगढ़ी, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, कनक भवन मंदिर परिसर, श्रीराम जन्मभूमि (निकास द्वार), श्रीराम जन्मभूमि (निकास द्वार पीएफसी), नागेश्वरनाथ, पक्का घाट-(8 बेड अस्थाई चिकित्सालय), कारसेवकपुरम, साकेत पेट्रोल पंप, अंतरराष्ट्रीय बस स्टॉप अयोध्या धाम, दशरथ महल, वीणा चौराहा, हनुमान गुफा, झुनकीघाट व कंट्रोलरूम में लगाये जाने का निर्णय लिया है।

सीएमओ ने बताया कि सकुशल संचालन के लिए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ला को मेला अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा 50 बेड आरक्षित किए गए हैं। इसमें मेडिकल कॉलेज और जिला चिकित्सालय में 20-20 बेड आरक्षित किये गये हैं। इसके अलावा श्रीराम चिकित्सालय में 10 बेड आरक्षित किए गए हैं। कुल 10 स्थानों पर एंबुलेंस की भी तैनाती की जाएगी।

## सरयू तट पर उतरा फागुन का उल्लास

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी के गुप्तार घाट के तट पर ''होली आई मस्ती छाई'' के उद्घोष के साथ रोटरी क्लब ग्रेटर फैजाबाद का पारिवारिक होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सांस्कृतिक रंग और मस्ती समारोह का शुभारंभ पारंपरिक ढोल-भांगड़ा और मधुर होली गीतों के साथ हुआ। फागुनी गीतों की धुन पर क्लब के सदस्यों, महिलाओं और बच्चों ने जमकर नृत्य किया। रोटरी परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी।

क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन संजीव सोनी ने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजन न केवल हमारी संगठन की एकता को मजबूत करते हैं, बल्कि हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से भी गहराई से जोड़ते हैं।

- रोटरी क्लब ग्रेटर फैजाबाद ने मनाया होली मिलन

कार्यक्रम के सफल और सुव्यवस्थित संचालन में संयोजक रोटेरियन अखिलेश अग्रवाल के विशेष सहयोग और प्रबंधन की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर रोटरी क्लब के संस्थापक अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, दीपक रस्तोगी, नीरज सिंघल, संजय मित्तल, सचिव सतीश चौरसिया, महिला विंग की सचिव नीता मित्तल, रश्मि केसरवानी, श्रद्धा अग्रवाल, संगीता सिंघल, रोली दीप, निमिषा वैश्य, रुबी बंसल, सवी आनंद, छवि अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल समेत रोटरी परिवार के सदस्य सपरिवार मौजूद रहे।


गुप्तार घाट पर होली खेलते रोटरी क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

### पुलिस टीम ने मार्च कर दिलाया शांति का भरोसा

**पूराबाजार, अमृत विचार:** थानाध्यक्ष महाराजगंज राजेश सिंह व पुलिस चौकी प्रभारी पूराबाजार चित्रेश प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने पूरा बाजार में मार्च कर क्षेत्र वासियों को शांति का भरोसा दिलाया। थानाध्यक्ष महाराजगंज राजेश सिंह ने कहा कि होली के पावन पर्व पर लोगों को आपसी भाईचारा का प्रदर्शन करना चहिए जिससे समाज में एकरूपता व शांति कायम रह सके।

## भावनात्मक होली महोत्सव का किया गया आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार:** तारून स्थित गोदवा की बाग लालगंज में भावनात्मक होली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य होली के त्योहार की मूल भावना बुराई पर अच्छाई की जीत और जीवन के नवीनीकरण को उसके गहरे भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक अर्थों के साथ पुनर्स्थापित करना था। आयोजन युवा खुशहाली कार्यक्रम के नाम पानी संस्थान ने रविवार की शाम को किया। उदघाटन थाना तारुन के क्राइम इंस्पेक्टर शशिकांत यादव, महिला उपनिरीक्षक ऐश्वर्या और ज्योति ने अग्नि जलाकर किया। कार्यक्रम में विगुल, ढोलक, वंशी, ड्रम, शंख आदि के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साढ़े छह युवा शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रधान हरिराम, लालजी वर्मा, जयप्रकाश भारती, विजयनपुर सजहरा की प्रधान सुनीता, रौहारी से अजय कुमार सहित संस्थान के कार्यकर्ता शामिल रहे।




**न्यूज ब्रीफ**

### शाखा संगम में 35 शाखाओं ने लिया भाग

**बीकापुर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बीकापुर खंड से भारती इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर सोमवार को शाखा संगम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भरत नगर बीकापुर की 25 शाखाओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता विभाग संघचालक गंगाबक्स ने संघ के शताब्दी वर्ष में निर्धारित पंच परिवर्तन लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। बताया कि शाखा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास होता है, समाज में समरसता आती है और हिंदू समाज संगठित होता है। रामनरेश ने कहा कि युवा पीढ़ी को सद्चरित्र और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देना और स्वयंसेवकों का सर्वांगीण विकास करना संघ का प्रमुख उद्देश्य है। इस अवसर पर नगर संघ चालक महेश गुप्ता, प्रचारक अक्षय, नगर कार्यवाह विनीत तिवारी, सह कार्यवाह राजीव मोदनवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय समेत अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### अज्ञात व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के भीटी तिराहे के पास रविवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे एक अज्ञात व्यक्ति की अचानक गिरकर मौत हो गई। समाजसेवी हनुमान सोनी ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी शर्तेंदु दुबे ने बताया कि मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। प्रथम दृष्टया वह मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा था। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### कांग्रेस कार्यालय पर शोक सभा, दी श्रद्धांजलि

**अयोध्या, अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष बाबा करूणाकर मिश्रा की धर्मपत्नी एवं जिला सचिव विश्व प्रकाश मिश्रा की माता के निधन पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में शोकसभा का आयोजन किया गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ने बाबा करुणाकर मिश्रा की धर्मपत्नी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। ईश्वर से प्रार्थना की कि भगवान इस महान दुख को सहने की शक्ति और साहस उनके परिवार को प्रदान करें। जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह सहित अन्य नेताओं ने दो मिनट मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह और संचालन प्रवक्ता शीतला पाठक ने किया। शोक सभा में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह, रामदास वर्मा, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, राज प्रताप सिंह, हृदय नारायण मिश्रा, अशोक सिंह मनऊंपुर, रमाशंकर तिवारी, दिलीप गौर, राजकुमार सिंह, मिस्बाह उल हक, दयाशंकर तिवारी आदि रहे।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जेदारी के विवाद में खूनी संघर्ष

## छह लोग घायल, तीन लखनऊ रेफर, छप्पर के घर में लगाई आग, दो बाइक समेत घरेलू सामान जला ■ थाना पूराकलंदर के कंदैला गांव की घटना

**मसौधा, अयोध्या।**

**अमृत विचार :** थाना पूराकलंदर के कंदैला गांव में सोमवार सुबह सरकारी जमीन पर अवैध कब्जेदारी के पुराने विवाद में खूनी संघर्ष हुआ। एक महिला समेत छह लोग घायल हो गए। घटना से गुस्साए लोगों ने एक छप्पर के घर में आग लगा दिया। आगजनी में दो बाइक समेत हजारों का घरेलू सामान जल गया। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। जहां से एक महिला समेत तीन को गंभीरावस्था में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। स्थिति को संवेदनशील देख मौके पर पुलिस व पीएसी बल तैनात कर दिया गया है।



घटना के बाद गांव में तैनात पुलिस बल। अमृत विचार



घटना में जली बाइक।

जानकारी के अनुसार पूराकलंदर थाना क्षेत्र के गांव में राम सागर मौर्य, राम सिंगार मौर्या, राम लखन मौर्य व सूर्यभान सिंह गांव के पड़ोसी है। दोनों लोगों के मकान के बीच और बगल से सरकारी जमीन पर खड़ंजा मार्ग का निर्माण है। मार्ग के किनारे की जमीन सरकारी है। जिस पर दोनों पक्षों की नजर है। बताया गया कि खड़ंजा मार्ग के बगल की जमीन पर लंबे समय तक मुकदमा चला, मौर्य परिवार के पक्ष में 1991 में डिग्री भी हो गई है। उन्होंने मिट्टी से पटवाया भी। जबकि सूर्यभान सिंह के परिजनों का कहना है की जो जमीन पर डिग्री हुई है वह जमीन अलग है। दोनों पक्षों में इसी बात को लेकर पुराना विवाद है। मौर्य परिवार की अर्चना, निशांत, संतराम व गुरुदेव का आरोप है कि सोमवार सुबह करीब नौ बजे राज सिंह उर्फ भोलू सिंह पुत्र सूर्यभान सिंह घर के सामने आया और खड़ंजे पर खड़ा होकर जाति सूचक शब्दों, परिजनों पर भद्दी गालियां दे रहा था। विरोध पर बेटे सुधाकर मौर्य को थप्पड़ों से मारा। बेटे की गुहार पर राम सागर राम सिंगार व राम लखन मौर्य मौके पर पहुंचे तो गाली गलौज बढ़ गई। सूर्यभान सिंह व उनकी पत्नी मीरा सिंह सहित अन्य लोग भी इकट्ठा हो गए थे। बात बढ़ती देख दोनों तरफ से लाठी डंडे निकल पड़े और जमकर मारपीट हुई। आरोप लगाया कि विपक्षियों ने उनके आवासीय छप्पर के घर में आग लगा दी। इसमें दो बाइक समेत हजारों का घरेलू सामान जल गया।

घटना में सूर्यभान सिंह, मीरा सिंह व राज सिंह उर्फ भोलू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे पक्ष से अर्चना मौर्य, निशांत, संतराम मौर्य को भी गहरी चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां से सूर्यभान सिंह, मीरा सिंह व भोलू को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर पर उप जिलाधिकारी सोहावल सविता राजपूत मौके पर पहुंची व स्थलीय निरीक्षण किया।

> सरकारी जमीन विवाद की आशंका के मद्देनजर कंदैला गांव में सरकारी जमीन पर बने खड़ंजे के बगल की बेश कीमती सरकारी जमीन की पैमाइश और घूर गड्ढे हेतु आवंटित सरकारी जमीनों की पैमाइश के लिए तहसीलदार प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम गठित कर दी गई है। पखवाड़ा भर के अंदर रिपोर्ट मांगी गई है।
> **– सविता राजपूत, एसडीएम**

> प्राथमिक जांच में पता चला है कि नशे में राज सिंह उर्फ भोलू सिंह पुत्र सूर्यभान सिंह के बेटे द्वारा गाली गलौज किए जाने के बाद दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ। दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। चार लोग हिरासत में हैं। घटना में गंभीर रूप से घायल सूर्यभान सिंह के भतीजे अमित सिंह की तहरीर पर रामसागर मौर्य, राम सिंगर मौर्या, राम लखन सहित चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। गांव में पुलिस व पीएसी बल तैनात किया गया है। **– मनोज कुमार शर्मा, थाना प्रभारी**

# नीली बत्ती लगी एसयूवी के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय।**

- 28 फरवरी को मुमताजनगर ओवरब्रिज पर डीसीएम चालक से मारपीट का मामला

**अमृत विचार :** नीली बत्ती लगी एसयूवी सवार द्वारा डीसीएम चालक व परिचालक को हाईवे पर रोककर लात-घूंसों व बेल्ट से पीटने के मामले में थाना कैंट पुलिस ने एक को आरोपी को गिरफ्तार कर एसयूवी बरामद कर ली है। घटना कैंट थाना अंतर्गत लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर मुमताजनगर ओवरब्रिज की है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले में पुलिस ने डीसीएम चालक व थाने के उप निरीक्षक की तहरीर पर दो केस दर्ज किया था।

सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि 28 फरवरी को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल एक वीडियो जिसमें अयोध्या के थाना कैंट अंतर्गत लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक नीली बत्ती लगी एसयूवी के चालक व उसमें सवार अन्य व्यक्तियों द्वारा ओवरटेक करने के दौरान हुए विवाद में डीसीएम को रोक कर उसके ड्राइवर व क्लीनर के साथ मारपीट की गई थी। सीओ सिटी ने बताया कि आरोपियों की तलाश में लगी थाना प्रभारी संदीप सिंह व उनकी टीम ने एक मार्च की रात सहादतगंज के पास से एसयूवी बरामद कर आरोपी नागेश मिश्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**गोसाईगंज, अमृत विचार:** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अंकारीपुर गांव में पारिवारिक संपत्ति विवाद और कथित उत्पीड़न से परेशान एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक अमित तिवारी के पिता शिवकुमार तिवारी ने दी गई तहरीर में बताया कि उनका बड़ा बेटा श्याम तिवारी आपराधिक प्रवृत्ति का है, जिसके खिलाफ कई मुकदमें दर्ज हैं। इसी कारण उन्होंने अपनी चल-अचल संपत्ति की वसीयत पत्नी मंजू तिवारी और अन्य दो बेटों अमित और सुमित तिवारी के नाम कर दी थी। साथ ही श्याम तिवारी को संपत्ति से बेदखल करने के लिए वर्ष 2025 में सिविल कोर्ट फैजाबाद में वाद दायर किया था, जो अभी विचाराधीन है। आरोप है कि श्याम तिवारी, उसकी पत्नी रुचि तिवारी और रिश्तेदार संजय मिश्रा से जान से मारने की धमकी दिए जाने के कारण अमित ने जहरीला पदार्थ खाया। परिजनों का दावा है कि अमित ने मरने से पहले सुसाइड नोट लिखा, फेसबुक पर पोस्ट किया था। थाना गोसाईगंज पुलिस ने श्याम तिवारी, रुचि तिवारी, संजय मिश्रा समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फूड गैलरी के रूप में विकसित होगा सिविल लाइंस

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस क्षेत्र का भाजपा कार्यालय वाला मार्ग जल्द ही फूड गैलरी के रूप में विकसित होने जा रहा है। नगर निगम ने यहां फूड कोर्ट की संख्या को मौजूदा 29 से बढ़ाकर 49 करने का फैसला लिया है। इस योजना के तहत 15वें वित्त आयोग की राशि से अतिरिक्त 20 फूड कोर्ट का निर्माण किया जाएगा।

हाल ही में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने सिविल लाइन्स में निर्मित 29 फूड कोर्ट का लोकार्पण किया था। इन फूड कोर्ट में विभिन्न प्रकार के फास्ट फूड, आइसक्रीम, चाट, नाश्ता और अन्य खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे। लोकार्पण के बाद नगर निगम ने क्षेत्र में और विस्तार का निर्णय लिया। वर्तमान में सिविल लाइन्स में अनियोजित ढंग से खाने-पीने की दुकानें सजी हुई हैं, जिससे अव्यवस्था रहती है। नगर निगम अब इसे व्यवस्थित और सुसज्जित फूड कोर्ट कॉम्प्लेक्स में बदलने जा रहा है।

अतिरिक्त 20 फूड कोर्ट के निर्माण पर लगभग 20 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है। इनका निर्माण 15वें वित्त आयोग की अनुदान राशि से किया जाएगा।

### स्थानीय व्यापार को भी मिलेगा बढ़ावा: नगर आयुक्त

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि इस योजना पर जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सिविल लाइन्स का यह एरिया एक आकर्षक फूड गैलरी में तब्दील हो जाए। यहां आने वाले लोग और स्थानीय निवासी स्वच्छ, व्यवस्थित और विविध विकल्पों वाले खान-पान का आनंद ले सकें। फूड कोर्ट अलॉटमेंट के लिए आवेदन फॉर्म नगर निगम कार्यालय से ही प्राप्त किए जा सकेंगे। यह कदम अयोध्या के पर्यटन और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

- नगर निगम 29 से बढ़ाकर 49 करेगा फूड कोर्ट की संख्या

# होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद, 29 लोग पाबंद

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** बरसाइत गांव में होलिका दहन स्थल को लेकर दो पक्षों के बीच चल रही रंजिश को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। कोतवाली जलालपुर की रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने दोनों पक्षों के 29 लोगों को शांति भंग की आशंका में पाबंद किया है।

बता दें कि गांव में होलिका दहन स्थल को लेकर अनिल कुमार और सुशील कुमार के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है। आगामी होली पर्व को देखते हुए दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनने लगी थी, जिससे किसी भी समय विवाद बढ़ने और शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका जताई जा रही थी। मामले में थाना

### उपजिलाधिकारी बोले -

इस संबंध में उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने बताया कि बरसाइत गांव में अनिल कुमार व सुशील कुमार के बीच होली त्योहार व होलिका दहन को लेकर आमादा फौजदारी की स्थिति बन गई थी, जिससे शांति भंग होने की प्रबल संभावना थी। उन्होंने बताया कि कोतवाली जलालपुर की रिपोर्ट के आधार पर एहतियातन कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के लोगों को पाबंद किया गया है, ताकि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे।

- जलालपुर पुलिस ने शांति भंग की आशंका में की कार्रवाई
- नोटिस जारी होने के बाद ग्रामीणों में व्याप्त है रोष

प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर उपजिलाधिकारी न्यायालय की ओर से दोनों पक्षों के कुल 29 लोगों को शांति भंग की आशंका में पाबंद करते हुए नोटिस जारी किया गया है। नोटिस जारी होने के बाद गांव के लोगों में रोष व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को विवाद का स्थायी समाधान निकालना चाहिए था, लेकिन समस्या का निस्तारण करने के बजाय पुलिस व राजस्व विभाग ग्रामीणों को पाबंद कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दिया है कि यदि होलिका दहन स्थल को लेकर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह इस वर्ष गांव में होलिका दहन नहीं करेंगे।

# आध्यात्मिक और वैज्ञानिकता का संदेश देता है होली का पर्व

**बसखारी, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** होली का पर्व एक परंपरा ही नहीं बल्कि धर्म के साथ-साथ आध्यात्मिक और वैज्ञानिक संदेश देने का एक केंद्र बिंदु भी है। परंपराएं हमारी धार्मिक, सामाजिक व संस्कृतिक भावना की प्रतिमूर्ति होती है। आधुनिकता की अंधी दौड़ और अंधविश्वास के नाम पर हम अपनी परंपराओं को भूलकर सामाजिक और भावनात्मक रूप से एक दूसरे से दूर होते जा रहे हैं। पहले संयुक्त परिवार में बड़े-बूढ़े लोगों से लोग परंपराओं के निर्वहन की कला सीख कर एक दूसरे का सहयोग करते हुए सभी पर्व और त्योहारों को मनाते थे, लेकिन वर्तमान समय में एकल परिवार और अंधविश्वास के नाम पर हम अपनी परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं।

हिंदू धर्म का पवित्र पर्व होली भी इससे अछूता नहीं है। जबकि भारत देश में मनाए जाने वाले प्रत्येक त्योहारों का आध्यात्मिक, धार्मिक एवं वैज्ञानिक कारण भी है। होली उत्साह एवं उल्लास से परिपूर्ण एक ऐसा पारंपरिक त्योहार है जो हंसी ठिठोली के बीच जीवन में मधुर मिठास और भाईचारे का संदेश देता है। यदि हम हिंदू धर्म के पवित्र त्योहार होली की बात करें तो इसका धार्मिक ही नहीं आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व है। धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से होली को लेकर शास्त्रों में वर्णित भक्त प्रहलाद, कृष्ण, राधा का अटूट प्रेम, कामदेव और शिव की कथा, ऋतु परिवर्तन आदि प्रसंग हमें बुराई पर अच्छाई की जीत, प्रेम का प्रतीक, वासना पर प्रेम की विजय, होली पर्व से सर्दियों का अंत, जीवन में नए रंगों की खुशी और नव वर्ष के आगमन को दर्शाता है। वहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से होली पर्व पर किया जाने वाला होलिका दहन और रंग खेलने की परंपरा आलस्य और बैक्टीरिया को पनपने से रोक कर मनुष्य के शरीर और वातावरण को शुद्ध करता है। होली के एक दिन पहले सरसों को पीसकर तैयार किया हुआ लेपन और सरसों के तेल का लेपन मनुष्य के शरीर से गंदगी को दूर करने की एक विधि है। जो वर्तमान समय की मसाज का प्राचीन रूप है।

### होलिका की परिक्रमा करने से मिलती है ऊर्जा

होलिका दहन के समय होलिका की परिक्रमा करने की परंपरा से शरीर में नहीं ऊर्जा का संचार होता है। वहीं होली के दिन रंग, गुलाल खेलने की परंपरा वर्तमान समय में कलर थेरेपी का एक रूप हैं। जो मानसिक तनाव को कम करने के साथ व्यक्ति के शरीर में उल्लास उत्पन्न कर आलस को दूर भागने की एक विधि हैं। होली पर्व पर प्राकृतिक रंगों का प्रयोग कर त्वचा रोग से संबंधित बीमारियों से भी छुटकारा पाया जा सकता है। होली मनाने की परंपरा बरसों की दुश्मनी और सारे गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाने का भी संदेश देता है। यह परंपरा केवल एक सामाजिक रिवाज ही नहीं है बल्कि यह भारत की भावनात्मक, सांस्कृतिक और धार्मिक छवि का एक अटूट बंधन है।

# होली के त्योहार को लेकर प्रशासन अलर्ट

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जनपद में होली के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने शहर की कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अकबरपुर नगर के मुख्य बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति से आम जनता में विश्वास बढ़ा, जबकि असामाजिक तत्वों में हलचल देखी गई। अधिकारियों ने दुकानदारों और स्थानीय निवासियों से भी बातचीत की, जिससे त्योहार के प्रति सकारात्मक माहौल बना। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नीतीश तिवारी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने चेतावनी दिया कि होली के दौरान शांति भंग करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, लगातार गश्त करने और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

### पुलिस की रही कड़ी निगरानी

जनपद के जैतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदीपुर, चैनपुर और नवादा में होली और रमजान के त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने कड़ी निगरानी रखी। बांदीपुर स्थित ब्लॉक परिसर के सामने पुलिस बल की तैनाती रही। इस दौरान सहायक कांस्टेबल केपी सिंह, राम आशीष, पवन कुमार मिश्रा, बृजेश कुमार यादव, अभिषेक सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे। पुलिस का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना था, विशेषकर होली और रमजान के साथ-साथ। पुलिसकर्मी गांवों और आसपास के क्षेत्रों में लगातार गश्त कर रहे थे।

# पैतृक गांव में सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** महरूआ थाना क्षेत्र स्थित सेहरा-जलालपुर गांव निवासी सीआरपीएफ हवलदार चालक विनय कुमार सिंह का पार्थिव शरीर सुबह उनके पैतृक गांव पहुंचा। ड्यूटी के दौरान सडक़ हादसे में जवान की असमय मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। विनय सीआरपीएफ की 106वीं वाहिनी रैपिड एक्शन फोर्स में थे।

बता दें कि हवलदार विनय कुमार सिंह झारखंड के जमशेदपुर में तैनात थे। वह 1 मार्च को रांची से वाराणसी आ रही एक वॉल्वो बस से यात्रा कर रहे थे। बिहार के कैमूर जनपद में राष्ट्रीय राजमार्ग पर यह बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में विनय कुमार सिंह सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई। सीआरपीएफ की एक टीम पार्थिव शरीर को सेहरा-जलालपुर गांव लेकर आई। अयोध्या में तैनात सीआरपीएफ की 63वीं बटालियन के अधिकारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में विशेष शहीद सम्मान गार्ड ने पूर्ण सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार कराया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक की ओर से श्रद्धांजलि स्वरूप पुष्पचक्र अर्पित किया गया। इसके अतिरिक्त परिजनों को त्वरित सहायता के रूप में एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। अंतिम विदाई के समय उप कमांडेंट लक्ष्मी नारायण उपाध्याय, थानाध्यक्ष महरूआ महेंद्र कुमार, उप निरीक्षक प्रेम तिवारी, दिनेश सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



सड़क हादसे में मृत जवान विनय कुमार सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करते लोग।

### कार घर की बाउंड्री में घुसी, टूटी बाउंड्रीवाल

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र के बदरका मोहल्ले में रविवार रात एक अनियंत्रित कार के घर की बाउंड्री में घुसने से हंगामा खड़ा हो गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन बाउंड्री टूटने और मुआवजे को लेकर लोगों में आक्रोश फैल गया। मिली जानकारी के अनुसार बदरका मोहल्ले के तिराहे पर रविवार की रात करीब दस बजे एक कार अचानक अनियंत्रित होकर एक घर की बाउंड्री में जा घुसी। हादसे में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन बाउंड्री टूटने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में दर्जनों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और कार चालक के खिलाफ लोग आग-बबूला हो गए। लोगों का आरोप था कि चालक नशे की हालत में था। कार भी हादसे में क्षतिग्रस्त हो गई। इसी बीच कार मालिक दुकानदार का एक साथी चालक को बचाने पहुंचा, जिसे लोगों ने मारपीट कर दी।

### होली को लेकर अकबरपुर नगर पालिका ने तैयारियां की पूरी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अकबरपुर नगर पालिका ने आगामी होली पर्व के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। नगर में रंगोत्सव के दौरान नागरिकों को पेयजल और सफाई से जुड़ी किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी विशाल सारस्वत ने बताया कि होली के दिन नगर में सुबह से ही सभी वार्डों में नियमित जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन से पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पाएगा, वहां पानी के टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। विशेष तौर पर उन मोहल्लों में जहां अक्सर पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति बाधित रहती है, अतिरिक्त टैंकर भेजे जाएंगे। इस व्यवस्था से नगरवासियों को होली के दौरान पानी की कमी महसूस नहीं होगी। ईओ ने बताया कि नगर पालिका के सभी कर्मचारियों को त्योहार के दौरान सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। पानी और सफाई के लिए की गई विशेष तैयारियों से होली के रंगोत्सव को नगरवासियों के लिए सहज और आनंददायक बनाने का प्रयास किया गया है।

### जलालपुर में कृषि कल्याण केंद्र निर्माण को लेकर उठी मांग

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ सिंह ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्री को पत्र भेजकर विकासखंड जलालपुर परिसर में ही कृषि कल्याण केंद्र भवन का निर्माण कराए जाने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि शासन की मंशा के अनुरूप विकासखंड स्तर पर कृषि कल्याण केंद्र भवन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। यह निर्माण कार्य जलालपुर विकासखंड में होना है। लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड अधिकारी द्वारा उक्त भवन को विकासखंड मुख्यालय परिसर से हटाकर अन्य स्थान, पटौहा गानेपुर गांव में बनवाने की तैयारी की जा रही है। अमरनाथ सिंह ने कहा कि कृषि कल्याण केंद्र का निर्माण विकासखंड मुख्यालय परिसर में ही कराया जाना जनहित में आवश्यक है, जिससे किसानों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागीय सुविधाएं सुलभ हो सकें। उन्होंने मंत्री से हस्तक्षेप कर विकासखंड परिसर में ही भवन निर्माण सुनिश्चित कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि केंद्र को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाता है तो दूर-दराज से आने वाले किसानों को अनावश्यक असुविधा का सामना करना पड़ेगा। कृषि से जुड़े कार्यों की सुगमता को ध्यान में रखते हुए केंद्र का निर्माण विकासखंड मुख्यालय में ही कराया जाना चाहिए।

**आयोजन** धूमधाम से मनाया गया स्मैसी पब्लिक स्कूल अलीचक का वार्षिकोत्सव

# अभिभावक बच्चों को दिलाएं बेहतर शिक्षा : त्रिभुवन दत्त

**न्यौरी, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** शिक्षा के बगैर कोई भी इंसान बेहतर मुकाम हासिल नहीं कर सकता है, शिक्षा और संस्कार के बदौलत ही मनुष्य को जीवन में सफलता की मंजिल अवश्य मिलती है। उक्त बातें स्मैसी पब्लिक स्कूल अलीचक के वार्षिक उत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सपा विधायक त्रिभुवन दत्त ने कही।

बता दें कि जनपद के विधानसभा क्षेत्र आलापुर के विकास खंड रामनगर के ग्राम सभा माडरमऊ में स्थित स्मैसी पब्लिक स्कूल अलीचक का वार्षिकोत्सव समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त रहे। विद्यालय के प्रबंधक गंगा प्रसाद यादव और उनके सहयोगियों ने विधायक त्रिभुवन दत्त का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि शिक्षा हासिल करने के लिए अगर अभिभावकों को आधी रोटी खानी पड़े तो खानी चाहिए, लेकिन बच्चों को शिक्षा जरूर दिलाएं। विद्यालय के शिक्षण कक्ष के निर्माण के लिए विधायक ने निधि से पांच लाख रुपए देने का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया।





कार्यक्रम को संबोधित करते सपा विधायक त्रिभुवन दत्त एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### समारोह में ये भी रहे उपस्थित

समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुभाष राय, अयोध्या उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गंगाराम गौतम और प्रोफेसर मनोज शुक्ला रहे। संचालन महेंद्र गौतम ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य राम केवल जैसवारा, जिला उपाध्यक्ष राम प्यारे निषाद, विधान सभा अध्यक्ष रवींद्र यादव, अजय गौतम एडवोकेट, कृष्ण कुमार पाण्डेय, अखिलेश यादव पपलू, नीरज यादव, पपलू यादव, अनिल कुमार, देवमणि यादव, गुरुदेव गौतम, रोशनलाल गौतम, मोहनलाल चौरसिया, राम प्रवेश गौतम सहित भारी संख्या में अभिभावक, छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### थाने से लौटती महिला की बिगड़ी तबियत, मौत

**शुजागंज, विचार :** मां कामाख्या नगर पंचायत के सैदपुर गांव में जमीन विवाद के मामले में थाने गई दलित महिला की लौटते समय रास्ते में तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। मृतका अपने परिवार की एकमात्र सहारा थीं। निधन से उसके चार मासूम बच्चों के पालन-पोषण और शिक्षा का संकट खड़ा हो गया है। सूचना पर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने आर्थिक सहायता प्रदान की। कहा कि परिवार को हर संभव मदद दिलाई जाएगी। विधायक ने एसडीएम संतोष कुमार को बुलाकर पारिवारिक लाभ योजना, आवास योजना, राशन कार्ड सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों की शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए भी कहा।

## न्यूज ब्रीफ

### गल्ला लदा ट्रक खड्ड में पलटा, चालक बचा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा टल गया, जब गल्ला लदी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गई। हादसा दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बनी गांव से जिला मुख्यालय की ओर जा रही ट्रक के साथ हुआ। ट्रक दोस्तपुर-बरौंसा मार्ग से होते हुए जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के नुमाये गांव के पास पहुंची ही थी कि चालक का संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते ट्रक सड़क किनारे खड्ड में जा पलटी। हादसे में चालक गुड्डू (40 वर्ष) पुत्र बाबूलाल निवासी सुलतानपुर को मामूली चोटें आईं। लोगों ने उसे बिरसिंहपुर स्थित सौ बेड अस्पताल भेजा गया।

### सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**सुलतानपुर अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर विशेष समुदाय के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विशुनदासपुर करतोरवा निवासी 24 वर्षीय सचिन यादव ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया था। सोशल मीडिया पोस्ट पर पुलिस ने युवक के खिलाफ आमजन में आक्रोश फैल गया। मामले में जयसिंहपुर कोतवाली पुलिस ने आईटी एक्ट व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर एसडीएम जयसिंहपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक विपिन कुमार और कांस्टेबल विपिन कुमार शामिल रहे।

# पुलिस बता बदला एटीएम खाते से निकाले दो लाख

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** एटीएम बदलकर ठगी करने का मामला सामने आया है। कोतवाली नगर क्षेत्र के बंगलवा गोराबारिक निवासी अब्दुल कादिर पुत्र मो फारूख खां ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी पत्नी शाहीन खान के बैंक खाते से 2 लाख 8 हजार रुपये धोखाधड़ी से निकाल लिए गए। अब्दुल कादिर के अनुसार, वह एटीएम से 10 हजार रुपये निकाल रहे थे तभी हेलमेट लगाए एक व्यक्ति वहां पहुंचा और खुद को पुलिस विभाग का कर्मचारी बताते हुए एटीएम कार्ड कैंसिल कराने की बात कहने लगा। झांसे में लेकर उसने कार्ड अपने हाथ में लिया, पिन नंबर देख लिया और चालाकी से एटीएम बदलकर असली कार्ड लेकर फरार हो गया।

कुछ ही देर में 10-10 हजार रुपये कर पूरी रकम खाते से साफ कर दी गई। मोबाइल खराब होने के कारण ट्रांजैक्शन मैसेज समय पर नहीं मिल सका। 23 फरवरी को मोबाइल ठीक होने पर जब मैसेज देखा गया तो परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई।पीड़ित ने मामले की साइबर ठगी की बात कह जांच कर एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की। नगर कोतवाल संदीप कुमार राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### गर्भवती से मारपीट पांच पर मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** बल्दीराय थाना क्षेत्र के ग्राम सेमती मजरे हेमनापुर में तीन माह की गर्भवती महिला के साथ मारपीट का मामला आया है। किरन पत्नी विनोद कुमार निवासी ग्राम सेमती मजरे हेमनापुर ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के ही हरजीत पुत्र राम महेश, राम महेश पुत्र मंगल, शकुन्तला पत्नी राम महेश, विद्यावती पत्नी हरीश तथा पुष्पा पत्नी राजेंद्र जबरन उसके घर पर नाप-जोख करने पहुंचे। विरोध करने पर सभी ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए उसे गिराकर लाठी-डंडों से मारपीट की। परिजनों ने उसे सीएचसी कुड़वार में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद घर भेज दिया गया। बल्दीराय थाना प्रभारी ने बताया कि पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# डिवाइडर से टकराकर पिकअप पलटी

दोस्तपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** दोस्तपुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। सुबह करीब 7 बजे माइलस्टोन 155 के पास खालिसपुर दुर्गा गांव के नजदीक तरबूज से लदी एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। पिकअप कानपुर से तरबूज लेकर गोरखपुर जा रही थी।

चालक युवराज ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर चलते समय अचानक गाड़ी के पीछे लगे डीसीएम का चेसिस टूट गया। चेसिस टूटने से वाहन असंतुलित हो गया और डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी में लदे तरबूज सड़क किनारे और डिवाइडर पर बिखर गए, जिससे कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, चालक युवराज ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को नियंत्रित करने की कोशिश की, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

इस घटना में पिकअप गाड़ी को आंशिक नुकसान हुआ है। राहत की बात यह रही कि चालक और खलासी दोनों सुरक्षित हैं और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। चालक युवराज घाटमपुर थाना क्षेत्र (कानपुर) के निवासी हैं और तरबूज लेकर गोरखपुर जा रहे थे।

### तेज रफ्तार अर्टिका ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, तीन लोग घायल

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कादीपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से हादसा हो गया। राघवपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने मायके बांगर कला खुर्द से बहन और उसके नवजात शिशु के साथ ई-रिक्शा से ससुराल लौट रही थीं। करौदीकला और सूरापुर के बीच भोलागंज के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार अर्टिका कार ने लापरवाही से ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि महिला को गंभीर चोटें आईं। उनकी बहन का सिर फट गया और नवजात शिशु उछलकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसे भी चोटें आईं। कादीपुर कोतवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी है।

# एनएमएमएस 2026 में पी.आर. इंटर कॉलेज की छात्राओं ने लहराया परचम

- जिले में हासिल की शानदार रैंक कॉलेज में हर्ष का माहौल

संवाददाता, सुलतानपुर



अनन्या दूबे। खुशी सोनी। शिल्पा पाल।

**अमृत विचार:** जयसिंहपुर क्षेत्र के पी.आर. इंटर कॉलेज, सेमरी की तीन मेधावी छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा (एनएमएमएस) 2026 में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है।

छात्रा शिल्पा पाल, पिता तुलसीराम पाल, ने सुलतानपुर जिले में 44वीं रैंक प्राप्त की, जबकि खुशी, पिता जमुना प्रसाद, ने जिले में 41वीं रैंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी क्रम में अनन्या दुबे, पिता हृदय प्रताप दुबे, ने अंबेडकर नगर जिले में 28वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल छा गया। प्रधानाचार्य डॉ. राधा कृष्ण मिश्रा ने इसे छात्राओं की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। प्रबंधक राजनारायण उपाध्याय ने भी बधाई देते हुए इसे संस्था के लिए गर्व का क्षण बताया। वही छात्राओं ने सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम बुधौली तहसील सोहावल जिला अयोध्या में मेरी भूमि गाटा संख्या 930 बैनामा नकल का मूल दस्तावेज कही खो गया है जो नहीं मिल सका जिसके संबंध मेरे द्वारा पुलिस में ऑनलाइन लाइन शिकायत भी दर्ज कराई गई है।यदि किसी को कही मेरा दस्तावेज मिले तो कृपया इस पते पर देने का कष्ट करे आभारी रहूंगा। **निवेदक शपथकर्ता '-उमंग गुप्ता, पुत्र,हरीश चंद, निवासी ग्राम धन्नीपुर, तहसील सोहावल, थाना रैनाही अयोध्या**

### गौरैया बचाओ अभियान में शिक्षिका ने किया जागरूक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कटका क्लब सामाजिक संस्था द्वारा चलाए जा रहे 'गौरैया बचाओ अभियान' के तहत उमरी (नगरहवा) सुदनापुर बाजार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर की सहायक अध्यापिका शिखा शुक्ला ने कहा कि गौरैया के तेजी से लुप्त होने के पीछे कई कारण हैं। उन्होंने बताया कि सीसा रहित पेट्रोल से उत्पन्न जहरीले यौगिक उन कीटों को प्रभावित कर रहे हैं, जिन पर गौरैया भोजन के लिए निर्भर रहती है। साथ ही बढ़ते शहरीकरण ने उनके प्राकृतिक घोंसलों के स्थान भी छीन लिए हैं। राजकीय इंटर कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक लालमणि दूबे ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गौरैया को बचाना हम सभी का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने किया।

### मेरी विनती तू कर स्वीकार मां तू वीणा की कर झंकार...




कवि गोष्ठी में अपनी रचना सुनाते कवि। ● अमृत विचार

**लखनऊ/अयोध्या :** सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था अवध साहित्य संगम की मासिक कवि गोष्ठी वजीरगंज रेलवे क्रॉसिंग स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर में ब्रह्मदेव मधुकर की अध्यक्षता और रामानन्द सागर के संचालन में संपन्न हुई। वाणी वंदना से सुधांशु मोहन ने शुरूआत किया-मेरी विनती तू कर स्वीकार मा तु वीणा की कर झंकार। तत्पश्चात राजीव पांडे नादान गोंडवी ने गजल सुनाई- सांस लेना हराम है प्यारे, दिल अभी तक गुलाम है प्यारे, कल से मैं छोड़ दूंगा पीना ही, मेरा तकिया कलाम है प्यारे। संतोष अकेला ने एक सुंदर सा गीत सुनाया-मेरे प्यारे राज दुलारे एक दिन तो चमकेंगे सितारे क्यों घबराता है, समय का पहिया घूमे वक्त तो सबका आता है। उदयभान मिश्रा ने कई दोहे सुनाएं- सुख-दुख जुड़वा बन्धु हैं,रहते हरदम साथ ,एक अकेला कहीं भी कभी ना आए हाथ। सुधांशु मोहन दुबे ने भी कहीं दोहेऔर होली गीत प्रस्तुत किया-मोबाइल के शौक का ऐसा चढ़ा बुखार, संबंधों का हो गया पूरा बन्टाधार। अजय मौर्या अलबेला ने कहा-कभी जब एक दूजे के दिलों में प्यार पलता है, यही है सत्य जीवन का यही सच्ची सफलता है। वाहिद अली वाहिद ने भी होली गीत प्रस्तुत किया- ननदी खेलै भौजाई सन्ना हो रंग खूबै दबाई के, देवरा मारै पिचकारी से रंग रंग खूबै दबाई के। इनके अलावा रामायण देव वर्मा शिव प्रसाद गुप्त शिवम आदि ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चमरबोझिया विकासखंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर।**

निविदा/टेंडर/आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत चमरबोझिया में कार्य जो कि लालमन यादव के घर से हग्गन के घर तक इंटरलाकिग रोड निर्माण कार्य होना है। इस हेतु इच्छुक निविदा कोटेशन पंजीकृत टैक्स प्रदाता फर्म आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 3/2/2026 से 6/2/2026तक निविदा पत्र प्राप्त एवं जमा की जा सकती है निविदा कोटेशन दिनांक 7/02/2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान, सचिव और निर्माण कार्य समिति की उपस्थिति में खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। क्रय की जाने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट गिट्टी,पत्थर,मिट्टी, बालू,लाल मोरंग,सरिया,सीमेंट,पतरा,पाइप, हुक आदि से संबंधित सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृति प्राक्कलन के अनुसार पृथक होगी। निविदा कोटेशन वित्तीय वर्ष 2025/26 में कराए जाने वाले कार्य प्रभावी रहेंगी।

इमरान अहमद ग्राम प्रधान | अनिल कुमार सचिव

ग्राम पंचायत चमरबोझिया, विकासखंड गैसड़ी , जनपद बलरामपुर

**सरदार पटेल महाविद्यालय, बडागाँव जलालपुर अम्बेडकर नगर**

अभिसम्बध्द - डॉ राम मनोहर लोहिया अवध वि० विद्यालय अयोध्या

आवश्यकता

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत प्रवक्ता B.A. संस्कृत एवं अर्थशास्त्र एक एक पद M.A. प्रवक्ता संस्कृत एक पद एवं बी0एड0 एक पद की आवश्यकता है।

**योग्यता** – यू जी सी / डॉ राम मनोहर लोहिया अ0वि0वि0 की परिनियमावली के अनुसार वेतन विश्वविद्यालय उ0प्र0 सरकार के मानक के अनुसार आवेदन पत्र दो प्रतियों में योग्यता आदि के विवरण तथा आवश्यक संलग्नको एवं अपनी फोटो सहित विज्ञापन के 15 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक अथवा स्वयं के माध्यम से प्रेषित करें।

**विनोद कुमार वर्मा प्रबंधक**












































सभी जनपद व प्रदेश वासियों को इंद्रधनुषी रंगों के त्योहार
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सूर्य संवेदना पुष्पे, दीप्ति कारूण्यगंधने।
लब्ध्वा शुभं होलिका पर्वेस्मिन कुर्यात्सर्वस्य मंगलम्।।
जिस तरह सूर्य प्रकाश देता है, संवेदना करुणा को जन्म देती है और फूल महकते हैं,
उसी तरह होली पर्व सभी के लिए मंगलमय हो। अवध में होली खेलैं रघुबीरा
सुरेंद्र कुमार यादव
प्रधान
रामपुर हलवारा विकासखंड पूराबाजार अयोध्या
ध्रुब पाण्डेय
प्रधान प्रतिनिधि
रहीमपुर दुगवा विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
रामजीत निषाद
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत ऐमीआलापुर
विकास खण्ड पूराबाजार अयोध्या
रामतेज
प्रधान
ग्राम पंचायत सिरसिण्डा
विकासखंड पूराबाजार, अयोध्या
मनोज कुमार
प्रधान ग्राम पंचायत कादीपुर
विकासखण्ड पूराबाजार, अयोध्या
राघवेंद्र पाण्डेय
प्रधान
पिलखावां विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
राम जी
प्रधान
ग्राम पंचायत द्वारिकापुर
विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
रमेश सिंह
प्रधान
ग्राम पंचायत नारा विकासखंड पूराबाजार अयोध्या
रामकरन यादव
प्रधान
तिहुरा माझा विकास खण्ड पूराबाजार अयोध्या
राकेश कुमार सिंह
प्रधान प्रतिनिधि नरियावां
विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
राजेंद्र कुमार गुप्ता
प्रधान
भदौली बुजुर्ग विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
सूबेदार यादव
प्रधान
कछौली
विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
सौरभ सिंह
सचिव
कछौली
विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
गया प्रसाद यादव
प्रधान मूडाडीहा
विकासखंड पूराबाजार अयोध्या
राजेश कोरी
प्रधान नरायनपुर
विकासखंड पूरा बाजार, अयोध्या
विमलेश राज
प्रधान ग्राम पंचायत अलावलपुर
विकासखंड पूराबाजार, अयोध्या
विजय कुमार रंजन
प्रधान सनेथू
विकासखंड पूराबाजार, अयोध्या
रमनलाल
प्रधान, खानपुर विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
श्याम सती
प्रधान ग्राम पंचायत सुक्खापुर इटौरा
विकासखंड पूराबाजार ,अयोध्या
रणधीर सिंह लल्ला
प्रधान प्रतिनिधि
सराय राशि विकासखंड पूराबाजार, अयोध्या
लल्लन प्रसाद पासवान
प्रधान ग्राम पंचायत ददेरा
विकासखण्ड पूराबाजार अयोध्या
अजीत वर्मा
प्रधान ग्राम पंचायत ताहिरपुर बरौली
विकासखंड पूरा बाजार, अयोध्या
सुजीत कुमार
प्रधान ग्राम पंचायत पाराखान
विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
राजेश कुमार
प्रधान ग्राम पंचायत समाहा कला
विकासखंड पूराबाजार, अयोध्या
मनोज वर्मा
प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत समैसा
विकास खण्ड पूराबाजार अयोध्या
श्रीमती अनीता यादव
प्रधान ग्राम पंचायत तिहुरा
विकासखंड पूराबाजार, अयोध्या
श्रीमती पूनम
प्रधान बैसिंह
विकासखंड पूराबाजार, अयोध्या
दीपेंद्र पाण्डेय
प्रधान ग्राम पंचायत पुरखेपर
विकास खण्ड पूराबाजार, अयोध्या
सुनील मौर्या
प्रधान
ग्राम सराय चौमल
विकास खण्ड पूराबाजार अयोध्या
कोमल मिश्रा
सचिव
सराय चौमल
विकासखंड पूराबाजार अयोध्या
श्रीमती सीमा मौर्या
प्रधान
ग्राम पंचायत अकवारा
विकासखंड पूराबाजार अयोध्या
कोमल मिश्रा
सचिव
ग्राम पंचायत अकवारा
विकासखंड पूराबाजार अयोध्या
श्रीमती अमरावती यादव
प्रधान
रामदत्तपुर अटरावां
विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
उदल यादव
प्रधान प्रतिनिधि
रामदत्तपुर अटरावां
विकासखंड पूराबाजार अयोध्या
नीरज राना
प्रधान प्रतिनिधि
रसूलाबाद
विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
सिन्दूजा चौरसिया
सचिव
ग्राम पंचायत रसूलाबाद
विकास खण्ड पूराबाजार अयोध्या
रामजनम यादव
प्रधान
ग्राम पंचायत भगवाभीट
विकासखंड पूरबाजार अयोध्या
श्रीमती रीता
प्रधान, ग्राम पंचायत खुशियालगंज
विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
अनूप वर्मा
प्रधान ग्राम पंचायत मोहतसिमपुर
जिला महासचिव प्रधान संघ, अयोध्या
मोबाइल नंबर- 9415090911
प्रदीप
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत चरेरा विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
राम सुभावन
प्रधान प्रतिनिधि फतेहपुर मुमताजाबाद
विकासखंड पूराबाजार अयोध्या
कृष्ण प्रताप
प्रधान
ग्राम पंचायत रसड़ा
विकासखंड पूरा बाजार अयोध्या
विपिन सिंह मोनू
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत राजेपुर विकासखंड पूराबाजार अयोध्या
रक्षाराम यादव
प्रधान सरेठी व
विधानसभा अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
फैजाबाद/अयोध्या
शमशेर यादव
प्रधान प्रतिनिधि
सरेठी पूराबाजार
अयोध्या
अलाउद्दीन अंसारी
प्रधान
ग्राम पंचायत रोशननगर विकासखंड पूराबाजार अयोध्या
अभिषेक सूर्यवंशी,अंकुर सिंह
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष/ब्लश्वक अध्यक्ष प्रधान संघ ,
ग्राम पंचायत रामपुर सरधा
विकासखंड पूरा बाजार, अयोध्या
राणा सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत दुर्गापुर जानापुर
विकासखंड पूराबाजार, अयोध्या

# लोगों पर चढ़ा होली का खुमार, अवध की परंपराओं से सजेगा फागोत्सव

## बाजारों में लगी दुकानों से लोगों ने रंग, अबीर-गुलाल व अन्य सामग्रियों की खूब की खरीदारी, शांति एवं सौहार्द बनाये रखने को अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

छाया उल्लास

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** रंगों का त्योहार होली नजदीक आते ही जिले भर में तैयारियां तेज हो गई हैं। शहर के चौक, बाजार और मोहल्लों में रंग, गुलाल, अबीर, पिचकारी और मिठाइयों की दुकानें सजने लगी हैं। ग्रामीण अंचलों से लेकर नगर क्षेत्र तक फाग की मस्ती दिखाई देने लगी है। मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर होलिका दहन की तैयारियां भी जोरों पर हैं।

अवध क्षेत्र की होली का अपना विशेष सांस्कृतिक महत्व है। यहां होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि लोक परंपराओं और सामूहिक उल्लास का प्रतीक मानी जाती है। गोंडा जनपद, जो अवध की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है, में होली के अवसर पर पारंपरिक चौताल, डेढ़ ताल और फगुआ गीत की स्वर लहरियां वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना देती हैं।

ढोलक, झांझ और मंजीरों की थाप पर गाए जाने वाले चौताल और डेढ़ ताल गीतों में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया जाता है, जबकि फगुआ गीतों में हास्य, प्रेम और सामाजिक समरसता की झलक मिलती है।

बाजारों में इस बार हर्बल रंगों और प्राकृतिक गुलाल की मांग बढ़ी है। लाल, गुलाबी, पीले और हरे रंग के गुलाल की ढेरियां दुकानों पर सजी हैं। अबीर की खुशबू से वातावरण महक रहा है। बच्चे जहां रंग-बिरंगी पिचकारियों को लेकर उत्साहित हैं, वहीं महिलाएं घरों में गुझिया, मठरी और अन्य पारंपरिक पकवान बनाने में जुटी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में फाग मंडलियां सक्रिय हो गई हैं। शाम होते ही चौपालों पर लोग एकत्र होकर चौताल और डेढ़ ताल गाते हुए फाग का आनंद ले रहे हैं।

बुजुर्गों का कहना है कि अवध की होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश देती है। प्रशासन की ओर से भी शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। पुलिस विभाग ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी की व्यवस्था की है ताकि त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। कुल मिलाकर गोंडा जनपद में होली को लेकर उत्साह चरम पर है।

रंग, गुलाल, अबीर और फगुआ की मधुर धुनों के बीच इस बार भी अवध की परंपरागत होली पूरे उल्लास और उमंग के साथ मनाए जाने की तैयारी है।



होली खेलते बच्चे। ● अमृत विचार



होली के रंग-बिरंगे सामानों से सजी दुकानें। ● अमृत विचार



बाइक से रूट मार्च करते पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

### पुलिस ने मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** रंगों के त्योहार होली पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए पुलिस ने कस्बा सहित क्षेत्र में मार्च किया। होली त्योहार के पहले सोमवार को पुलिस ने मार्च कर रंगों के त्योहार को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए लोगों को सुरक्षा का विश्वास दिलाया। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय की अगुवाई में पुलिस फोर्स ने खरगूपुर नगर सहित क्षेत्र के अन्य क़स्बों एवं गांवों में पैदल मार्च कर लोगों से होली त्योहार को मिल-जुलकर और आपसी सौहार्द के साथ मनाए जाने का आह्वान किया।

### माहौल बिगाड़ने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

गोंडा पुलिस ने होली के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। शराब पीकर हंगामा करने, ड्रंक-ड्राइविंग या माहौल बिगाड़ने वालों पर सीधे और सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। पुलिस सीसीटीवी निगरानी, सादे वर्दी और ड्रोन जैसी तकनीकों से शहरी और ग्रामीण इलाकों में निगरानी तेज कर रही है। सीएम योगी आदित्य नाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि होली सहित अन्य त्यौहारों के दौरान कोई भी क़ानून-व्यवस्था भंग करने का प्रयास बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

**संक्षिप्त एडवाइजरी पॉइंट्स :** ● शांति बनाएं रखें, झगड़ा/हंगामा न करें। ● शराब/नशे में उन्मादी व्यवहार न करें, नियमों का पालन करें। ● पुलिस और प्रशासन के निर्देशों का सहयोग करें। ● सामाजिक सौहार्द बनाए रखें, किसी भी समुदाय के प्रति असम्मान नहीं। ● सफाई, स्वच्छता और स्वास्थ्य की व्यवस्था में भाग लें। ● कैमरे/ड्रोन से निगरानी बढ़ाई गई है।

### होली व ईद को लेकर पसका चौकी पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** आगामी त्योहार होली एवं रमजान को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से चौकी पसका परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष परसपुर कमल शंकर चतुर्वेदी द्वारा की गयी। बैठक में क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्ति सहित हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरु उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष ने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए त्योहार मनाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने शासन, प्रशासन एवं उच्चाधिकारियों से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करने का भी आग्रह किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सम्भ्रांत व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने पर सहमति व्यक्त की।

# करनैलगंज बाजार की बदहाल व्यवस्था से व्यापारी व आमजन परेशान

● अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम से जूझते हैं वाहन सवार

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** तहसील मुख्यालय की पहचान रखने वाला करनैलगंज बाजार इन दिनों बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। छोटे व मझोले व्यापारी जहां गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं, वहीं बाजार में शौचालय, पार्किंग जैसी सुविधाओं की कमी से आमजन प्रभावित हो रहे हैं।

शौचालय न होने से बाजार आने वाली महिलाओं व बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गाड़ी बाजार में बना सुलभ शौचालय पार्क निर्माण के चलते ध्वस्त कर दिया गया है। रेलवे स्टेशन से मौर्य नगर चौराहे तक सार्वजनिक शौचालय न होने से खासकर महिलाओं, बच्चों और बाहर से आने वाले ग्राहकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में यह स्थिति चिंताजनक है। वहीं स्टेशन रोड, कैलाश बाग रोड और गाड़ी बाजार रोड सहित कई प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण का बोलबाला है।

सड़क किनारे दुकानों का फैलाव और अस्थायी ठेले-खोमचे के कारण आवागमन बाधित रहता है। अधिकारियों से नियमित अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की जा रही है। स्टेशन रोड सबसे व्यस्त सड़क है। दिन में बड़े वाहनों का प्रवेश, अव्यवस्थित ऑटो-रिक्शा और ग्राहकों द्वारा सड़क किनारे वाहन खड़ा कर खरीदारी करना- इन सबके चलते जाम की स्थिति बनी रहती है। व्यापारियों का सुझाव है कि बाजार समय में बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए।



अतिक्रमण के कारण जाम में फंसी एंबुलेंस। ● अमृत विचार

### समस्याओं के समाधान पर चल रहा है कार्य

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रामलली ने बताया कि बाजार को साफ व सुंदर बनाने के लिए पार्क निर्माण, नालों-नालियों के निर्माण और जल जमाव की समस्या के समाधान पर कार्य चल रहा है। पार्किंग व शौचालय निर्माण को लेकर विचार-विमर्श जारी है और बोर्ड बैठक में निर्णय के बाद कार्य प्रारंभ होगा। अतिक्रमण के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाया जाता है तथा नोटिस जारी किए जाएंगे।

### बड़ी बाजार के बावजूद पार्किंग की ठोस व्यवस्था नहीं

इतनी बड़ी बाजार होने के बावजूद पार्किंग व्यवस्था नहीं हो सकी है। वाहन सड़क पर खड़े होने से जाम के साथ चोरी की घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है। व्यापारियों ने नगर प्रशासन से शीघ्र पार्किंग स्थल चिन्हित कर व्यवस्था लागू करने की मांग की है। वहीं करनैलगंज में वेंडिंग जोन न होने से मुख्य बाजार में ठेले व पटरी दुकानदारों की भी समस्या बनी हुई है। तहसील रोड, स्टेशन रोड, चौक घंटाघर, लारी रोड, बस स्टॉप, कटरा रोड और परसपुर रोड सहित प्रमुख स्थानों पर स्ट्रीट वेंडर अपनी रोजी-रोटी चला रहे हैं। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सबसे अधिक प्रभावित यही वर्ग होता है। स्ट्रीट वेंडरों की मांग है कि उन्हें स्थायी वेंडिंग जोन उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनकी आजीविका सुरक्षित रह सके और बाजार भी व्यवस्थित हो।

## भामसं का होली मिलन समारोह संपन्न

**गोंडा, अमृत विचार :** भारतीय मजदूर संघ की ओर से पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ कार्यालय में होली मिलन समारोह एवं मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संगठन के पूर्णकालिक कार्यकर्ता प्रेम सागर मिश्र के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। जिलाध्यक्ष चंद्रभान दत्त दूबे के आह्वान पर पूर्व जिला मंत्री अरुणभान तिवारी द्वारा गत दिनों संगठन की मर्यादा एवं अनुशासन के विपरीत किए गए कृत्यों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष आयुष सिंह, जिला मंत्री प्रकाशमान सिंह, उपाध्यक्ष राकेश यादव, सुधांशु मिश्र, सहमंत्री शोभाराम वर्मा, कोषाध्यक्ष अनूप गुप्ता, संजय प्रताप सिंह, रिग प्रसाद, नरेंद्र मिश्रा, पवन शर्मा, वीरेंद्र प्रताप आदि थे। अंत में एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं।

### सेंट जोसेफ में हर्षोल्लास से मना वार्षिकोत्सव



बच्चे को गिफ्ट देतीं शिक्षिका। ● अमृत विचार

**बालपुर, गोंडा, अमृत विचार :** सेंट जोसेफ स्कूल कर्नलगंज में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, आकर्षक झांकियों और रोशनी से भव्य रूप दिया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, नाटक, कविता पाठ और देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। छोटे बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने अभिभावकों और अतिथियों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में सामाजिक सरोकारों से जुड़ी प्रस्तुतियों ने स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर सार्थक संदेश दिया, जिसकी सभी ने सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रतिभा और उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

### कोरी समाज का चलो गांव की ओर जागरूकता अभियान



डॉ. आंबेडकर की फोटो के साथ कोरी समाज के लोग। ● अमृत विचार

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** ग्रामीण समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कोरी समाज द्वारा चलो गांव की ओर सामाजिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों, किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कोरी राकेश कुमार भारतीय एवं कोरी रामसागर उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. पप्पू चौधरी, निर्मल रावत, राम सहारे, रिंकू गौतम, इंद्रपाल यादव, सर्वेश कुमार कोरी, किसान यूनियन के साथी गंगा प्रसाद गौतम, मास्टर सोहनलाल यादव, मेवालाल कोरी, राकेश कोरी, सुनील कोरी, गणेश मिस्त्री, बजरंग मास्टर, किसान यूनियन के सर्पराज कश्यप, रंजीत मौर्या, राम शंकर वर्मा एवं राजेंद्र प्रसाद मास्टर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों एवं वक्ताओं ने समाज को नई दिशा एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हुए सामाजिक जागरूकता पर विशेष बल दिया। वक्ताओं ने समाज में हो रहे अन्याय, अत्याचार एवं शोषण के मामलों पर प्रकाश डालते हुए लोगों से संगठित होकर जागरूक बनने का आह्वान किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समाज को उसके अधिकारों के प्रति सजग करना, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज़ बुलंद करना तथा एक सशक्त, शिक्षित एवं जागरूक समाज का निर्माण करना बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अभियान को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### शिव महापुराण कथा के उपरांत हुआ भंडारा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** पुराने रेलवे माल गोदाम के पास स्थित बाला बाल ब्रह्मचारी स्थान पर नवनिर्मित शिवाला में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित शिव महापुराण कथा एवं प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन के उपरांत सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे परिसर में भक्ति व श्रद्धा का वातावरण बना रहा। बताया जाता है कि इस मंदिर परिसर में पूर्व में स्व. लक्ष्मीदास सोनी नियमित रूप से पूजा-पाठ करते थे। उनके निधन के बाद अब उनके परिवार के सदस्य संजय, लखन सहित अन्य श्रद्धालु मंदिर की परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बनाए हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और शिव स्तुति से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने नवनिर्मित शिवाला में भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त कर सुख-समृद्धि की कामना की।

## दहेज प्रताड़ना, मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज

**करनैलगंज, अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर करनैलगंज पुलिस ने थाना कटरा बाजार क्षेत्र के ग्राम जीततिवारीपुरवा निवासी केतकी की तहरीर पर ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी 20 अप्रैल 2016 को विजय कुमार से हुई थी। महिला का आरोप है कि उसका पति दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्यरत है तथा उसका किसी महिला से अवैध संबंध है। इसी वजह से वह पत्नी व बच्चों का भरण-पोषण नहीं कर रहा है। जब इस संबंध में ससुराल पक्ष से शिकायत की गई तो पति, ससुर सूरजपाल, सास संतोष देवी और देवर अजय कुमार ने मारपीट की। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने सोने की चेन व पांच लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज की मांग की। विरोध करने पर तेजाब डालने की धमकी भी दी गई।

# 93 फीसदी किसानों के खाते में पहुंची धनराशि

धान खरीद

**गोंडा, अमृत विचार :** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीद सत्र का समापन हो गया। सत्र की बड़ी उपलब्धि यह रही कि धान बेचने वाले 93 प्रतिशत किसानों के खातों में भुगतान की धनराशि हस्तांतरित कर दी गई है, जबकि शेष का भुगतान अंतिम चरण में है। लक्ष्य से अधिक खरीद कर जनपद ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन दर्ज कराया है।

आंकड़ों के अनुसार 1,18,000 मीट्रिक टन के लक्ष्य के सापेक्ष 1,19,085.24 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई, जो निर्धारित लक्ष्य का 101 प्रतिशत है। इस दौरान कुल 18,036 किसानों ने क्रय केंद्रों पर अपना धान बेचा। खरीदे गए धान में से 1,05,457.88 मीट्रिक टन धान मिलों को प्रेषित किया जा चुका है, जो कुल खरीद का 89 प्रतिशत है। किसानों को अब तक 64,113.54 लाख रुपये का भुगतान खातों में भेजा जा चुका है, जबकि 7,249.81 लाख का भुगतान प्रक्रियाधीन है। समग्र भुगतान का 93 फीसदी है। डिप्टी आरएमओ एनके पाठक ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप खरीद हुई है। किसानों को समय से भुगतान सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता रही है। अधिकांश किसानों के खातों में धनराशि भेजी जा चुकी है और शेष भुगतान भी शीघ्र कर दिया जाएगा। खरीद कार्य में खाद्य विभाग, पीसीएफ, मंडी समिति सहित विभिन्न एजेंसियों ने समन्वय के साथ कार्य किया।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में तीन छात्र सफल

**रुपईडीह, अमृत विचार :** पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरसहा में अध्ययनरत कक्षा आठ के छात्र शिवा तिवारी, राज व दीनानाथ ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा मे सफल घोषित हुए हैं।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक विवेक पाठक ने बताया कि इन छात्रों ने कठिन परिश्रम से यह सफलता प्राप्त की है। इससे पूर्व भी विद्यालय के छात्र इस परीक्षा मे उत्तीर्ण हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी को आगामी चार वर्षों तक 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति पढ़ाई के लिए मिलेगी।

छात्रों की उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी शंशाक सिंह, यूटा के ब्लॉक अध्यक्ष प्रवेश चंद तिवारी, गोपाल कृष्ण, भास्कर दुबे शिवकुमार आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# हर माह की दो तारीख को होगी जिला कार्यकारिणी की बैठक

आम आदमी पार्टी

**गोंडा, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी की मासिक जिला कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को शिवपुरी कालोनी स्थित सिंचाई विभाग परिसर में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा 'अज्जू पंडित' ने की।

बैठक में हाल ही में सम्पन्न प्रदेश बोर्ड प्रांत की बैठक में लिए गए निर्णयों पर चर्चा की गई। प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर इमरान लतीफ द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से हर माह की दो तारीख को जिला कार्यकारिणी की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में गोंडा इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। तय किया गया कि प्रत्येक विधानसभा के जिला उपाध्यक्षों को अलग-अलग विधानसभाओं की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। हर माह की 10 तारीख को विधानसभा स्तरीय बैठक सुनिश्चित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में महिला जिलाध्यक्ष मंजू देवी जैसवाल, पूजा वर्मा, जिला संरक्षक दिग्विजय पांडे, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. आरके सिंह, जिला प्रवक्ता विवेक शुक्ला, जिला महासचिव पंकज कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार गौतम, हरिराज तिवारी, फखरूल हसन, गुंजई प्रजापति, आसिफ सिद्दीकी, जिला मीडिया प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बढ़ी चिंता

**इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद ईरान के पलटवार से रोजगार की तलाश में गये युवाओं के परिजन चिंतित**

# इजराइल व खाड़ी देशों में फंसे लोग, सलामती की दुआ मांग रहे घरवाले

नवाबगंज, गोंडा



इजराइल में काम करने गये राम नरेश।



राजेश जो इजराइल में हैं।



इजराइल में सुरेंद्र।

**अमृत विचार :** पश्चिम एशिया में ईरान-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव और अमेरिका की सक्रियता की खबरें जैसे-जैसे टीवी स्क्रीन और मोबाइल फोनों पर चमकती हैं, वैसे-वैसे नवाबगंज क्षेत्र के कई घरों के लोगों की धड़कनें तेज हो जाती हैं। रोज़गार की तलाश में इजराइल और खाड़ी देशों में काम कर रहे युवाओं के परिजन हर अपडेट पर टकटकी लगाए रहते हैं। हर धमाके की खबर गांवों तक सिहरन बनकर पहुंचती है।

किशुनदास पुर गांव के बैरी शाल पुरवा मजरा निवासी सुरेंद्र दो वर्ष पहले इजराइल गए थे। हालात बिगड़ने की सूचना ने परिवार की बेचैनी बढ़ा दी है। सोमवार को जब संवाददाता उनके घर पहुंचा तो बहन रंजू देवी ने कांपते हाथों से मोबाइल उठाकर भाई को वीडियो कॉल मिलाई। स्क्रीन पर भाई को सुरक्षित देखकर उसकी आंखें नम हो गईं। सुरेंद्र ने ढांढस बंधाते हुए कहा कि डर तो लगता है, लेकिन काम पर जाना भी जरूरी है। यहां सुरक्षा इंतजाम कड़े हैं। बहन ने मुस्कुराने की कोशिश की, मगर आंखों में छिपी चिंता साफ झलक रही थी।

कोल्हमपुर बाजार निवासी हरिश्चंद्र भी इन दिनों हर कॉल पर चौकन्ने रहते हैं। उनका बेटा राजेश करीब डेढ़ साल पहले इजराइल गया था और खदेड़ा शहर की एक टायर फैक्ट्री में कार्यरत है।

फोन पर राजेश ने बताया कि काम जारी है, हालात पर नजर रखी जा रही है और भारतीय दूतावास से संपर्क बना हुआ है। पिता ने राहत की सांस तो ली, लेकिन बोले कि जब तक बेटा घर की चौखट पार कर सुरक्षित भीतर नहीं आ जाता, तब तक मन को चैन कहां।

बल्लीपुर सानी गांव की मीरा देवी के लिए हर दिन एक परीक्षा जैसा है। उनके पति रामनरेश एक वर्ष पहले इजराइल गए थे और भवन निर्माण कार्य में लगे हैं। युद्ध और बम धमाकों की खबरें सुनते ही वह टीवी की आवाज धीमी कर देती हैं, मानो खबरें भी कम डरावनी हो जाएं।

उन्होंने कहा कि भगवान से बस एक ही प्रार्थना है कि पति सकुशल लौट आएं। गांव की महिलाएं उन्हें दिलासा देती हैं, मगर इंतजार की घड़ियां लंबी होती जा रही हैं। इन दिनों शाम ढलते ही गांवों की चौपालों पर युद्ध की चर्चा छिड़ जाती है।

कोई मोबाइल पर ताजा खबर पढ़ता है, कोई टीवी पर चैनल बदल-बदलकर अपडेट देखता है। हर घर में एक ही प्रार्थना गूंज रही है। अपने सुरक्षित रहें, जल्द घर लौटें और यह तनावपूर्ण दौर समाप्त हो। युद्ध भले हजारों किलोमीटर दूर हो, उसकी आंच नवाबगंज के दिलों तक साफ महसूस की जा रही है। परिवार वाले चिंतित हैं।

### दुबई में हालात सामान्य, फिर भी परिवारों में चिंता

किशुनदास पुर निवासी भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह अंकित ने बताया कि उनके बड़े भाई अमित सिंह दुबई के अलनहदा शहर में एक टायर कंपनी में इंजीनियर हैं। पत्नी श्रुति और सात वर्षीय बेटे श्रद्धेय के साथ वे वहीं रहते हैं। वीडियो कॉल पर अमित ने बताया कि दुबई में स्थिति सामान्य है, लेकिन क्षेत्रीय तनाव को लेकर लोगों में चर्चा और चिंता दोनों हैं। भारतीय दूतावास से संपर्क बनाए रखा गया है। परिवार ने राहत की सांस ली, फिर भी मन के किसी कोने में एक अनजाना डर अब भी बना हुआ है।

न्यूज ब्रीफ

### रूपईडिहा में शुरूर पर होली का उत्सव

**रूपईडीहा (बहराइच) :** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रूपईडीहा में रेलवे माल गोदाम रोड निकट रामलीला चौराहा जामा मस्जिद के सामने होली ग्राउंड पर सोमवार की सुबह आरंडी के पेड़ का डांडा गाड़ा गया। फिर शुरू हुआ होलिका पूजन कार्यक्रम का दौर आपको बताते चलें नगर पंचायत रूपईडीहा की सैकड़ों आस्थावान महिलाओं ने दोपहर 12 बजे से ही सपरिवार होलिका दहन स्थल पर आना शुरू किया। इस होलिका पूजन में बंसल परिवार की महिलाओं की बढ़-चढ़कर भागीदारी रही इस अवसर पर रेखा बंसल, सीमा बंसल, अंशु बंसल, रिंकी बंसल, कोमल बंसल, विनीत बंसल, अनुराधा बंसल, प्रीति बंसल, रंजना बंसल सहित शालिनी, शिवानी, स्वाति आदि दर्जनों महिलाओं के जत्थे के साथ साथ होली दहन स्थल पर पूजन हेतु भजन कीर्तन गाती देखी गईं। इसी क्रम में मारवाड़ी युवा में जतिन, अमन, अंकुर, समर्थ, सिद्धार्थ, राम, श्याम, आदित्य, तनिष्क आदि ने व्यवस्थाएं की।

### आज भी खुली रहेंगी ओपीडी सेवाएं

**बहराइच :** प्राचार्य, महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सामहाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच प्रो. डॉ. संजय खत्री ने बताया कि होली त्योहार के दृष्टिगत 03 मार्च को ओपीडी व ओटी सेवाएं संचालित रहेंगी। जबकि 04 मार्च ओपीडी व ओटी सेवाएं बंद रहेंगी।

### भूसा भर रहा बुजुर्ग सर्पदंश से गंभीर

**बहराइच :** एरिया ग्राम के रहने वाले बृजभान पांडे उम्र 60 वर्ष सोमवार को घर के अहाते से मवेशी को खिलाने के लिए भूसा भर रहे थे। तभी उसमें छिपे बैठे जहरीले सर्प ने उनकी उंगली पर काट लिया। जिसके बाद उन्होंने पास में रक्खे चिमटे से सांप को पकड़ उसे एक डिब्बे में बंद कर लिया। उन्होंने सांप के काटने की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने गंभीर हालत में उन्हें व सांप को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पर चिकित्सक उनका इलाज किया व जहां उनकी हालत स्थिर है।

### बैटरी शोरूम में लगी आग, सामान खाक

**इकौना (श्रावस्ती) :** इकौना थाना क्षेत्र के इकौना नगर पंचायत स्थित मोहल्ला मुबारकनगर निवासी पूर्व सभासद इसरार अहमद पुत्र मुन्ना का ब्लाक कार्यालय के सामने बैटरी का शोरूम संचालित है। सोमवार शाम को अचानक शोरूम में आग लग गई। दिखते ही देखते दुकान में रखी बैटरी व अन्य सामान धूं धूं कर जलने लगे। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक परमानन्द तिवारी पुलिस व दमकल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस व दमकल कर्मियों ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक करीब 20 लाख का सामान जलकर राख हो गया।

### मार्ग दुर्घटना में पिता पुत्र सहित चार घायल

**इकौना (श्रावस्ती) :** इकौना पयागपुर मार्ग पर रनियापुर के पास रविवार देर शाम एक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में बहराइच के थाना पयागपुर क्षेत्र के सहपारा निवासी राम सबर (35) पुत्र दिनेश गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं एक अन्य घटना में इकौना थाना क्षेत्र के गोविंदपुर निवासी बाबूलाल अपने पुत्र संजय उर्फ अंकित व पौत्र सचिन के साथ बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे। तभी ई-रिक्शा ने बाइक को टक्कर मार दी। तीनों घायल हो गए। परिजनों ने सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने भिनगा रेफर कर दिया।

# होली पर सज गईं गुलाल-पिचकारी की दुकानें

## बाजारों में बच्चों व युवाओं में दिख रहा उत्साह, कार्टून व आधुनिक डिजाइन की पिचकारियों का रहा आकर्षण

संवाददाता, जरवलरोड (बहराइच)



दुकानों पर बिक रही पिचकारी व रंग- गुलाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली का पर्व नजदीक आते ही जरवल और आसपास के बाजारों में रौनक अपने चरम पर पहुंच गई है। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक रंग-बिरंगी कबीर गुलाल, आकर्षक पिचकारियां, रंगीन गुब्बारे और होली से जुड़ी विभिन्न सामग्रियों से दुकानें सजी नजर आ रही हैं। बाजारों में बच्चों से लेकर युवाओं तक खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

दुकानदारों ने इस बार ग्राहकों पसंद को ध्यान में रखते हुए नई-नई डिजाइन की पिचकारियां, हर्बल व सुगंधित गुलाल तथा सुरक्षित रंगों की पर्याप्त व्यवस्था की है। बच्चों के लिए कार्टून आकृति वाली पिचकारियां और युवाओं के लिए आधुनिक डिजाइन की बड़ी पिचकारियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। वहीं महिलाओं के लिए विशेष अबीर, फेस कलर और अलग-अलग प्रकार के सौम्य रंग उपलब्ध कराए गए हैं।

रंग के व्यापारी कैलाश नाथ राना ने बताया कि ग्राहकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए इस बार बेहतर कारोबार की उम्मीद है। उनका कहना है कि जैसे-जैसे होली नजदीक आएगी, खरीदारी और तेज होने की संभावना है।

दुकानदारों का मानना है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार बाजार में पहले से अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। शाम होते ही दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ जाती है और बाजार रंगों से सराबोर नजर आता है।

**होली पर्व की बाजारों में लगी भीड़, बाबागंज :** सीमावर्ती विकास खण्ड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत कस्बा बाबागंज, बाबाकुट्टी, जमोग, बरवलिया नहर चौराहा सहित दर्जनों चौक चौराहों पर होली का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में रौनक लौट आई है। दुकानों पर रंग-बिरंगी पिचकारियां, हर्बल गुलाल और पारंपरिक मिठाइयों की बिक्री बढ़ रही है। बच्चे और युवा में नए डिजाइन की पिचकारियों की खरीदारी करने में रुचि दिखा रहे हैं। वही क्षेत्रीय प्रशासन ने सुरक्षा और सफाई के कड़े इंतजाम किए हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि इस बार कारोबार में उछाल आएगा। होली का पर्व नजदीक आते ही कस्बों के बाजार पूरी तरह रंगों की खुमारी में डूब गए हैं। बाजारों में खरीदारों की बढ़ती भीड़ से रौनक लौट आई है। और दुकानों पर दिनभर चहल-पहल बनी हुई है। आगामी 4 मार्च को होली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। बाबागंज कस्बा में नई बाजार, पुरानी बाजार, हनुमंत चौराहा और चरदा मोड़ चौक सहित प्रमुख बाजारों में होली से संबंधित सामान आकर्षक ढंग से सजाया गया है। दुकानों पर रंग-बिरंगी पिचकारियां, हर्बल गुलाल, बच्चों के लिए आकर्षक स्प्रे गन, रंगीन गुब्बारे और विभिन्न प्रकार के सूखे व गीले रंग उपलब्ध हैं। दुकानदारों का कहना है कि जैसे-जैसे पर्व नजदीक आ रहा है, ग्राहकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। खासकर बच्चे और युवा नए डिजाइन की पिचकारियों और रंग खरीदने में विशेष रुचि दिखा रहे हैं। महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल और प्राकृतिक रंगों की मांग अधिक देखी जा रही है।

### मार्निंग वाकर्स ने स्टेडियम में खेली होली




इंदिरा स्टेडियम में होली खेलते लोग।

**बहराइच।** होली का पर्व आते ही हर तरफ रंग- गुलाल की बहार छा गयी है इसी रंगीले माहौल में आज बहराइच के इंदिरा स्टेडियम में नियमित मार्निंग वाक करने आने वाले युवकों ने सुबह -सुबह जमकर गुलाल उड़ाया। एक दूसरे से गुलाल की जमकर होली खेली और गले मिलकर पर्व की बधाइयां का आदान प्रदान किया। इस दौरान यहां प्रख्यात मुस्कान माल के स्वामी शिवकुमार रस्तोगी "शिब्बू", वरिष्ठ आर्थोपैडिक सर्जन डा. अनिल केडिया, उद्यमी विनोद राजगढ़िया, उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी बृजमोहन मातनहेलिया, जननेता देवानंद सिंह, व्यवसायी मनोज चौरसिया, अमित मित्तल, दीपक खन्ना रहे।

## होली व रमजान को लेकर डीएम और एसपी ने किया फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च के दौरान मौजूद डीएम-एसपी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** होली त्योहार व रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से रविवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा नगर क्षेत्रांतर्गत व थाना रिसिया में पैदल गश्त व फ्लैग मार्च किया गया।

जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा त्योहारों को सकुशल सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु डीएम व एसपी द्वारा पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करते हुए पैदल गश्त के दौरान आमजन को आश्वस्त किया गया कि बहराइच पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर है।

जनपद में शांति व्यवस्था भंग करने वाले अवांछनीय तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन व डायल-112 को दें। होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा सोशल मीडिया पर भी सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। पुलिस एवं प्रशासन ने अपील की कि आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं प्रेम के साथ होली का पर्व मनाएं।

# ओवरटेक के चक्कर में कार पलटी, आठ लोग घायल

जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-बहराइच मार्ग पर रिठौरा ओवरब्रिज के निकट सोमवार सुबह तेज रफ्तार इको कार अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि कार में आठ लोग सवार थे। ओवरटेक करने के प्रयास में वाहन असंतुलित होकर हाईवे पर तीन बार पलटते हुए खाई में जा गिरा। हादसे में सभी आठ लोग घायल हो गए, जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखनऊ से सवारियां लेकर तेज रफ्तार में बहराइच आ रही इको कार ओवरटेक करते समय नियंत्रण खो बैठी। दुर्घटना में बहाऊ (42) पुत्र शमशाद निवासी लक्ष्मणपुर माटेही थाना नानपारा, सुल्ले पुत्र जाहिद निवासी खिजरापुर थाना जरवल, अखिलेश (18) पुत्र कामता प्रसाद निवासी काहरन पुरवा थाना नानपारा, रहमत (32) निवासी वजीरगंज थाना कैसरगंज, प्रदीप (18) पुत्र नंदकिशोर निवासी सुकई रूपईडीहा, छोटेलाल पुत्र तालुकदार निवासी लक्ष्मणपुर माटेही सहित अन्य यात्री घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में चल रहा है।

# विवाद में किया फायर, दो लोग घायल

संवाददाता, श्रावस्ती

- भयापुरवा गांव के पास कार सवार लोगों ने की वारदात



घायल युवक से पूछतांछ करती पुलिस।

**अमृत विचार।** भयापुरवा गांव निकट भिनगा की ओर से जा रहे बाइक सवारों पर कार सवारों ने जमीनी रंजिश के कारण सोमवार को फायर कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

सिरसिया क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुर निवासी सुनील दत्त त्रिपाठी (35) ने बताया कि वह बाइक से भिनगा एसपी से मिलने आए थे, लेकिन वकील के न मिलने से वह एसपी से बिना मिले ही वापस घर जा रहे थे। उनके साथ गांव के ही अर्जुन गिरी (40) भी बाइक पर सवार थे। भिनगा-लक्ष्मणपुर मार्ग पर भयापुरवा गांव के निकट कार सवार विपक्षियों ने उनके बाइक के सामने अपनी कार खड़ी कर दी। इसके बाद आरोपियों ने ताबड़तोड़ फायर कर दोनों बाइक सवारों को घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। भिनगा पुलिस ने घायलों को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया। चिकित्सक ने बताया कि सुनील के हाथ में तथा अर्जुन के पैर में गोलियां लगी हैं।

**भूमि विवाद का है मामला:** सुनील दत्त त्रिपाठी ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों से करीब भूमि विवाद चल रहा है। हलांकि न्यायालय ने भूमि विवाद का उनके पक्ष में निस्तारण हो चुका है। इसी बात से आहत विपक्षी अवधेश कुमार, अभिनव, राजकिशोर व बबलू ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

वहीं मुकेश चंद्र उत्तम, अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया किकोतवाली भिनगा क्षेत्र के ग्राम भयापुरवा में पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ, जिसमें फायरिंग से दो व्यक्ति घायल हुए है। एक व्यक्ति के हाथ में व दूसरे के पैर में चोट आई है।दोनों घायलों का उपचार चल रहा है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### ठंडी होलिका पूजकर की सुख-समृद्धि की कामना

**पयागपुर (बहराइच)।** होली के महापर्व की दस्तक के साथ ही क्षेत्र में सांस्कृतिक उल्लास और व्यापारिक रौनक चरम पर है। सोमवार को पयागपुर में मारवाड़ी समुदाय की महिलाओं ने 'ठंडी होलिका माता' की पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की। वहीं, दूसरी ओर नगर के बाजारों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ने से त्योहार का उत्साह दोगुना हो गया है होलिका दहन से पूर्व आयोजित इस विशेष पूजन में नवविवाहित महिलाओं की सहभागिता मुख्य आकर्षण रही। मारवाड़ी समाज की परंपरा के अनुसार, विवाह के बाद पहली होली बेटी अपने मायके में मनाती है। इसी रिवाज का पालन करते हुए कई नवविवाहित महिलाएं अपने मायके पहुंचीं और परिवार के साथ पूजन किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने कलश, नारियल, रोली, मौली और पुष्प अर्पित कर परिवार की खुशहाली और संतानों की उन्नति की कामना की। वहीं, स्थानीय प्रशासन ने भी त्योहार को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की है और क्षेत्रवासियों से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से रंगोत्सव मनाने की अपील की है।





पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं।

### शांति व्यवस्था के लिए जरवल रोड में फ्लैग मार्च

**जरवल रोड (बहराइच)।** जरवल रोड थाना अंतर्गत आगामी होली और रमज़ान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह तथा सैकड़ों पुलिसकर्मियों ने जरवल कस्बा, जरवल रोड और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने मुख्य बाजार, संवेदनशील मोहल्लों और प्रमुख चौराहों पर पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे त्योहारों को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं।

# अकेलेपन और कुंठा ने निरंकार को बनाया 'नरपिशाच'

राजकुमार शर्मा, बाबागंज (बहराइच)



घटनास्थल पर जांच करने पहुंचे एसपी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार



घटनास्थल पर जुटी पुलिस कर्मियों व ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रूपई डीहा के रामनगर गांव में सोमवार की सुबह सूरज तो निकला, लेकिन वह अपने साथ खुशियां नहीं, बल्कि एक डरावनी खामोशी लेकर आया। 12 बिस्वा की बिक्री के चंद रुपये आत्मिक रिश्तों पर भारी पड़ गये। यही वह कीमत थी जिसके लिए निरंकार वर्मा ने अपने ही कुल का विनाश कर दिया। इस सामूहिक हत्याकांड के बाद अब गांव में चर्चा सिर्फ जमीन की नहीं, बल्कि उन मरते हुए रिश्तों की है, जिन्हें एक सनकी भाई ने लालच की कुल्हाड़ी की धार पर कुर्बान कर दिया।

**समागम की तैयारी थी, नियति ने पकड़ाई श्मशान की राह:** सबसे ज्यादा झकझोर देने वाली बात यह है कि गुरुदेव का पूरा परिवार जय गुरुदेव का अनुयाई था। सोमवार को पूरा कुनबा गोंडा में आयोजित होने वाले समागम में शामिल होने की तैयारी कर चुका था। बहन पार्वती भी इसी आस में मायके आई थी कि भाइयों और माता-पिता के साथ वह इस जाएगी। किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था कि जो बहन भाइयों की लंबी उम्र की दुआएं मांगती थी, उसकी अर्थी उसी आंगन से उठेगी जहां उसने बचपन बिताया था।

- रामनगर गांव की हर जुबान पर है रिश्तों के कत्ल की चर्चा

**सन्नाटे में डूबा मासूम आजाद, जिसने देखा अपनों का अंत:** इस पूरी वारदात का सबसे मार्मिक हिस्सा 10 साल का मासूम आजाद है। वह अब भी दहशत में है। पुलिस के अनुसार आजाद ने अपनी दादी शीतला देवी और बुआ पार्वती को चीखकर गिरते देखा, उसने अपने पिता गुरुदेव को खून से लथपथ देखा। वह डर के मारे जिस कोने में छुपा था, शायद वही कोना आज उसकी जिंदगी की ढाल बन गया। पुलिस की सुरक्षा में होने के बावजूद उसकी पथराई आंखें अब भी उस कमरे की तरफ देख रही हैं, जहां कुछ घंटों पहले उसका पूरा संसार उजड़ गया।

**अकेलेपन और कुंठा ने बनाया हैवान:** पड़ोसियों और ग्रामीणों के बीच यह चर्चा आम है कि पत्नी के छोड़ जाने के बाद से निरंकार के व्यवहार में भारी बदलाव आया था। दो साल पहले पत्नी के जाने और संतान न होने की कुंठा ने उसे चिड़चिड़ा बना दिया था। रही-सही कसर जमीन के पुराने विवाद ने पूरी कर दी। मानसिक तनाव और संपत्ति की लालसा ने उसे इतना अंधा कर दिया कि उसने खुद को भी खत्म करने की कोशिश की।

**फॉरेंसिक साक्ष्य और पुलिसिया कार्रवाई:** एएसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से खून से सनी कुल्हाड़ी और अन्य साक्ष्य जुटा लिए हैं। गांव में भारी पुलिस बल तैनात है, ताकि कोई और अप्रिय घटना न हो सके। हालांकि, गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ है और हर चेहरे पर सिर्फ एक ही सवाल है क्या चंद बीघे जमीन अपनों की जान से भी कीमती थी।

### एक ही परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या से क्षेत्र में फैली सनसनी

**बाबागंज (बहराइच)।** रूपईडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर बसंतपुर उदल में बीती रात को एक ही परिवार के चार लोगों के निर्मम हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमीनी विवाद व पैसे की लेनदेन को लेकर निरंकार वर्मा ने अपने पिता, माता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर दी। चीख पुकार सुनकर बचाने दौड़े भाई बलदेव पर भी उसने धारदार हथियार से हमला किया। जिससे उसकी भी हालत गंभीर है। घटना की सूचना मिलते ही तीन थाने की भारी पुलिस प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा, प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज और प्रभारी निरीक्षक नानपारा सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। एवं सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए शवगृह बहराइच भेज दिया है। वही हत्या आरोपी ने अपने को घटना में ईट पत्थरों से घायल कर लिया है। जिससे उसकी भी हालत गंभीर है। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से हालात को गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर किया गया है। इस घटना में 10 वर्ष का आजाद पुत्र गुरुदेव मात्र बचा हुआ है। जो पुलिस की अभिरक्षा में है वही गांव में काफी गमगीन का माहौल है, मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद है।

### शांतिभंग करने वालों को रेड कार्ड चेतावनी

**कैसरगंज( बहराइच)।** थाना कैसरगंज में होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला द्वारा पूर्व से पाबंद कर व्यक्तियों को "रेड कार्ड" जारी कर स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की अराजकता या शांति भंग करने का प्रयास बर्दाशत नहीं किया जाएगा।थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि जिन व्यक्तियों के विरुद्ध पूर्व में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126/135 के अंतर्गत कार्यवाही की जा चुकी है और जिन्हें सक्षम न्यायालय द्वारा निजी मुचलका एवं जमानतदार पर शांति बनाए रखने हेतु पाबंद किया गया है, उन्हें पुन: सचेत किया गया है।किसी प्रकार का झगड़ा, मारपीट या गाली-गलौज नहीं करेंगे।जबरन रंग, कीचड़ या रासायनिक पदार्थ नहीं डालेंगे।शराब का सेवन कर सार्वजनिक स्थान पर उत्पात नहीं करेंगे। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली गतिविधियों से दूर रहेंगे।प्रशासनिक आदेशों द्वारा जनपद में धारा 144 लागू का पूर्ण पालन करें।थानाध्यक्ष श्री शुक्ला ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय की शर्तों का उल्लंघन किया जाता है तो उसका बंधपत्र जब्त कराया जाएगा तथा धारा 135 बीएसएसएस के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर अन्य सुसंगत धाराओं में भी अभियोग पंजीकृत किया जाएगा।थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने आमजन से भी अपील की है कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।



राजेश शुक्ला, थानाध्यक्ष।

### योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रभु रहे अव्वल

**जमुनहा( श्रावस्ती), अमृत विचार :** कम्पोज़िट विद्यालय लालपुर हरीडीह में छात्र प्रभु यादव ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। विकास खण्ड जमुनहा के परिषदीय कम्पोजिट विद्यालय लालपुर हरीडीह के चार छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। छात्र प्रभु यादव ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रभु यादव ने 135 अंक प्राप्त किया। वहीं विद्यालय की आयशा बानो 112अंक प्राप्त कर 12वें स्थान पर, गुलाम मोहम्मद 98 अंक प्राप्त कर 19वें स्थान व गोविंद लाल 90 अंक प्राप्त कर 23वां स्थान पर रहे। बीईओ जमुनहा राज किशोर, संकुल शिक्षक मुनव्वर मिर्ज़ा, प्रधान शिक्षिका तनवीर हैदर सहित अन्य शिक्षकों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित सभी छात्र छात्राओं के बेहतर भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।



प्रभू यादव, छात्र।

### पट्टेदार ने मंदिर के नाम दान की अपनी भूमि

**सिरसिया( श्रावस्ती)।** सिरसिया विकास क्षेत्र के कल्यानपुर निवासी बनवारी लाल पुत्र छोटे लाल ने बेलहरी गांव में स्थित अपनी पट्टे की भूमि को मंदिर बनाने के लिए दान किया है। इस भूमि पर पूर्व में पेरे बाबा नाम के व्यक्ति की समाधि बनी हुई थी। कुछ लोगों ने जबरन इस पट्टे की जमीन पर अवैध मजार बना कर खड़ा कर दिया था। जिसकी शिकायत पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अवैध मजार को बीते दिनों ढहा दिया था। खाली होने के बाद उस पट्टे की जमीन में बनवारी लाल पुत्र छोटे लाल निवासी कल्यानपुर मौजा बेलाहरी का भी हिस्सा था और उनके घर से 2-3 किमी. दूर पर था। बनवारी लाल ने अपने हिस्से की पट्टे की जमीन को राम जानकी मंदिर के नाम पर दान कर दी है।

### लापता विवाहिता का नहीं लगा सुराग

**जमुनहा( श्रावस्ती), अमृत विचार।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर बनगई के मजरा बांसगढ़ी निवासी आंचल मिश्रा (25) पत्नी संतोष मिश्रा 17 फरवरी को अपने घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने 19 फरवरी को गुमशुदगी दर्ज की थी। इसके बाद भी महिला का कोई पता नहीं चल सका है। इस बारे में एसआई योगेन्द्र बाबू ने बताया कि महिला की संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे खोज लिया जाएगा।

आयोजन

**कैसरगंज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जन गोष्ठी को क्षेत्र प्रचार प्रमुख ने संबोधित किया**

# राष्ट्र निर्माण की दिशा में सतत कार्यरत है संघ : मनोजकांत

कैसरगंज (बहराइच)






प्रमुख जन गोष्ठी को संबोधित करते सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकांत व मौजूद नागरिक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को एसआर मैरिज लॉन, कैसरगंज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से एक प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित की गयी। कार्यक्रम में सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकांत ने अपने संबोधन में कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन और नव संकल्प का समय है। हमें समाज की सज्जन शक्ति को जोड़कर ऐसा संगठित भारत बनाना है जो विश्व के लिए प्रेरणा बने। संघ व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में सतत कार्यरत है। जब समाज संगठित होगा। तभी भारत परम् वैभव की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन एवं युवा शक्ति के जागरण को वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता बताते हुए कहा कि संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक पूरे लगन एवं भाव से सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु कार्य कर रहा है।जिला संघ संचालक वासुदेव ने कहा यह प्रमुख जन गोष्ठी समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों के साथ संवाद का सशक्त माध्यम है। संघ समाज को संगठित कर राष्ट्र की उन्नति के लिए कार्य कर रहा है। हम सभी का दायित्व है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए इस अभियान में सहभागी बनें।कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, ब्लाक प्रमुख संदीप कुमार सिंह विसेन, विभाग सह संघ चालक कृष्णानन्द, जिला सह कार्यवाह अंकुश, प्रमोद गुप्ता, खण्ड संघचालक उमेश सिंह, मोहित मिश्रा, मर्कण्डेश्वर, वीरेश कुमार सिंह, शिवसहाय सिंह, कौशलेन्द्र चौधरी, नगर संघचालक, बृजेश चौधरी, नगर कार्यवाह राकेश सोनी, गोपाल जयसवाल, संदीप सोनी, उमाप्रताप सिंह, नगर सह संघ चालक हरिद्वारी गुप्ता, बादशाह सिंह, रामसतीश वर्मा, छोटेलाल, सौरभ अवस्थी, वरुण, रमाशंकर गुप्ता, पवन सिंह, बाल जी श्रीवास्तव, अमरेश बहादुर सिंह, राजेश श्रीवास्तव, छोटेराम, दीपेन्द्र, हीरालाल मौर्य, लालजी जयसवाल आदि उपस्थित रहे।

### जन-जन तक पहुंचाएं सरकार की योजनाएं

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के सभी सहयोगी राजनीतिक संगठनों की जिला इकाई की एक बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हुई। बैठक अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष राज कुमार ओझा ने की। बैठक में सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। कहा कि सभी दालों के कार्यकर्ता आपसी मतभेद को भूलकर पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए तत्पर रहें। बैठक में एसबीएसपी जिलाध्यक्ष दीपू जयसवाल, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष रामनरेश निषाद, सुभाष सपा के राकेश जायसवाल, आरएलडी के प्रदेश सचिव सैयद अली शाह, राजन सिंह आदि मौजूद रहे।



सच्ची बुद्धिमत्ता क्षणिक सुखों की खोज करने के बजाय अनावश्यक पीड़ा से मुक्त जीवन जीने में निहित है।
–अरस्तु, दार्शनिक



# खामेनेई के बाद युद्ध

खामेनेई मारे गए, उनके के साथ ही देश के रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख और कई सैन्य कमांडर समेत शासन से संबंधी कुछ महत्वपूर्ण लोग भी खेत रहे। खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता होने के नाते शासन व्यवस्था के केंद्र और सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ थे। किसी युद्धरत देश के लिए हमले के पहले ही दिन इतनी बड़ी क्षति उसे घुटने पर ला देने के लिए बहुत है। सामान्य धारणा यह कि इससे ईरान कमजोर पड़ेगा और युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा, पर फिलहाल ऐसा नहीं दिख रहा। बेशक, ईरान के नेता असमंजस में होंगे कि इस युद्ध को कैसे झेला जाए, इसके व्यापक विनाश से कैसे बचा जाए, लेकिन उनके बयान और दूसरे तथ्य इस ओर इशारा करते हैं कि युद्ध शीघ्र समाप्त नहीं होगा। संभव है कि यह कुछ हफ्ते या महीनों लंबा खिंचे।

ऐसे में यह बहुत से देशों को सीधे और कई को परोक्षतः बुरी तरह प्रभावित करेगा। सच तो यह है कि ईरान का इस्लामी शासन एक व्यक्ति पर निर्भर व्यवस्था नहीं है। सर्वोच्च नेता खामेनेई के मारे जाने के बाद उनकी जगह जो भी दूसरा धार्मिक नेता आयेगा उसके लिए राष्ट्रवाद के नाम पर जनसमर्थन हेतु युद्ध जारी रखना जरूरी होगा और इसके नाम पर उसे इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कोर का समर्थन भी मिलता रहेगा, जो पारंपरिक सेना के साथ-साथ काम करते हुए देश के भीतर और बाहर से आने वाले खतरों से शासन की रक्षा करने का विशेष दायित्व संभालती है।

ट्रंप और नेतन्याहू की राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी यह युद्ध आवश्यक है। साल के अंत में नेतन्याहू को आम चुनाव का सामना करना है, उनका मानना है कि युद्ध से उनकी राजनीतिक स्थिति मजबूत होती है, उधर ट्रंप को टैरिफ मसले पर यूरोपीय देशों और कोर्ट द्वारा उनकी भद पिटने के बाद सुर्खरू होने के लिए राष्ट्र सुरक्षा के नाम पर युद्ध एक बेहतर सियासी उपाय है। दोनों की यह दलील बहुत खोखली है कि उनसे कमजोर ईरान उनके लिए खतरा है और यह आक्रमण किसी आशंकित खतरे के खिलाफ उठाया गया है, बल्कि यह एक सोचा-समझकर छेड़ा गया नियोजित युद्ध है। इसराइल और अमेरिका का आकलन है कि ईरान का इस्लामी शासन इस समय कमजोर स्थिति में है। वह गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा इसलिए उसे ध्वस्त करने के इस सुनहरे अवसर को गंवाया नहीं जाना चाहिए। अब जबकि खामेनेई मारे जा चुके हैं, तब उनके के लिए बेहतर अवसर है कि वह इसी दौर में अपने सभी मंसूबे पूरे कर लें, इसलिए भी वे युद्ध को तब तक खींचेंगे जब तक ईरान पूरी तरह तबाह होकर हथियार न डाल दे। पर सवाल यह भी है कि क्या वे अपनी मंशा में जल्द कामयाब होंगे, क्या उनकी इच्छापूर्ति तमाम दूसरे देशों को संकट में नहीं डाल देगी? क्या शांति की भी कोई सूरत नजर आती है? खामेनेई की मौत के बाद अंतरिम कौंसिल कल परसों तक 88 धर्मगुरु के मत से नया सुप्रीम लीडर चुन ही लेंगे। अब देखना यह होगा कि ईरान का नवनिर्वाचित सुप्रीम लीडर तथा देश के अन्य सियासी गुट इस युद्ध के बारे में क्या रुख अपनाते हैं?

## प्रसंगवश

# दुनिया में वन्यजीवों के अस्तित्व पर बढ़ता संकट

यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि वन्य जीवों के अस्तित्व पर संकट लगातार गहराता जा रहा है। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की नवीनतम 'लिविंग प्लैनेट' रिपोर्ट (एलपीआर) 2024, जो 2025 तक के रुझानों को समेटती है, यह चिंताजनक तथ्य सामने रखती है कि 1970 से अब तक वैश्विक स्तर पर वन्यजीव आबादी में औसतन 73 प्रतिशत की कमी आ चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार लैटिन अमेरिका और कैरिबियन क्षेत्र में जैव विविधता सबसे अधिक प्रभावित हुई है। मीठे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में 85 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। प्रवाल भित्तियों का निरंतर विरंजन, अमेजन वर्षावन और उपध्रुवीय गाइरे का पतन तथा ग्रीनलैंड और पश्चिमी अंटार्कटिका की बर्फ चादरों का पिघलना गंभीर संकेत हैं। रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन को इन परिस्थितियों का प्रमुख कारण मानते हुए चेतावनी देती है कि पृथ्वी खतरनाक मोड़ के निकट पहुंच रही है और अगले पांच वर्ष निर्णायक साबित हो सकते हैं।



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ लेखक

यह पहली बार नहीं है जब वन्यजीवों की घटती संख्या को लेकर वैश्विक चिंता व्यक्त की गई हो। गत वर्ष नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मैक्सिको और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने दावा किया कि पृथ्वी छठे व्यापक विनाश काल में प्रवेश कर चुकी है। उनका शोध प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित हुआ, जिसमें बताया गया कि पिछले सौ वर्षों में 200 कशेरुकी प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं, जबकि सामान्य परिस्थितियों में इतनी हानि हजारों वर्षों में होती। अनुमान है कि यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रही तो आगामी दशकों में 75 प्रतिशत तक प्रजातियां समाप्त हो सकती हैं।

जंगलों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और अवैध शिकार वन्यजीव संकट के प्रमुख कारण हैं। हाथी, गोरिल्ला, गिद्ध और अनेक सरीसृप तेजी से घटे हैं। आर्कटिक लोमड़ी इसका उदाहरण है, जिसकी गर्म फर के कारण व्यापक शिकार किया जाता है। फिनलैंड की संस्था जस्टिस फॉर एनिमल ने चेताया है कि लक्जरी उद्योग के लालच ने इनका अस्तित्व संकट में डाल दिया है। यूरोप के कुछ देशों में इनकी संख्या अत्यंत सीमित रह गई है। ब्रिटेन में रॉयल सोसायटी फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ बड्र्स के सर्वेक्षण के अनुसार हेन हैरियर की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। इसी प्रकार अफ्रीका में अवैध हाथीदांत व्यापार के कारण प्रतिवर्ष भारी संख्या में हाथियों का शिकार होता है। भारत में भी अवैध शिकार, शहरीकरण, प्रदूषण और कृषि विस्तार के चलते वन्यजीवों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जलीय जीव भी इससे अछूते नहीं हैं। औद्योगिक प्रदूषण, फफूंद संक्रमण और अवैध मत्स्य शिकार के कारण सैकड़ों प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं। यूरोप के समुद्रों में व्हेल और डॉल्फिन की संख्या घट रही है। दक्षिण-पूर्व एशिया में पशुओं के उपचार में प्रयुक्त हानिकारक दवाओं के कारण गिद्धों की संख्या में भारी गिरावट आई है। भारत में पिछले दशकों में गिद्धों की संख्या में 97 प्रतिशत तक कमी दर्ज की गई, जिससे पारिस्थितिक संतुलन प्रभावित हुआ है।

विश्व में ज्ञात प्रजातियों की संख्या लगभग 18 लाख है, जो वास्तविक जैव-विविधता का एक छोटा हिस्सा मात्र है। भारत में लगभग 75 हजार प्रजातियां पाई जाती हैं। संरक्षण हेतु कानून मौजूद हैं, पर प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। जैव विविधता को बचाने के लिए जलवायु परिवर्तन की रोकथाम, प्रदूषण नियंत्रण और वनों के संरक्षण की दिशा में ठोस, सामूहिक और दीर्घकालिक प्रयास अनिवार्य हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# इस्लामिक देशों का कथित भाईचारा आया सामने






विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

मुंबई के मोहम्मद अली रोड पर रमजान की रौनक अपने चरम पर थी। मीनारा मस्जिद के आसपास की गलियों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही थी। इसी हलचल के बीच एक होटल में बैठे कुछ मुस्लिम बुद्धिजीवी, पत्रकार और कारोबारी गहरी चिंता के साथ मुस्लिम देशों के संगठन, इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) की निष्क्रियता पर चर्चा कर रहे थे। उनका सवाल सीधा था, अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद भी ओआईसी की आवाज इतनी धीमी क्यों है?

57 मुस्लिम देशों का प्रतिनिधित्व करने वाला यह संगठन अक्सर फिलिस्तीन जैसे मुद्दों पर मुखर रहता है, प्रस्ताव पारित करता है और कड़े बयान जारी करता है, लेकिन जब मामला ईरान जैसा प्रभावशाली और क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन में अहम देश हो, तब उसकी प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत नरम क्यों दिखाई देती है? यह प्रश्न केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि राजनीतिक और कूटनीतिक जटिलताओं से जुड़ा है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कोई नया अध्याय नहीं है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से दोनों देशों के संबंधों में अविश्वास और टकराव बना हुआ है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम, उस पर लगाए गए प्रतिबंधों और पश्चिम एशिया में उसकी बढ़ती भूमिका ने इस तनाव को और गहरा किया है। जब भी हालात बिगड़ते हैं, पूरी दुनिया की निगाहें इस क्षेत्र पर टिक जाती हैं। ऐसे समय में उम्मीद की जाती है कि इस्लामिक देश एकजुट होकर शांति, संवाद और न्याय की वकालत करेंगे। पर व्यवहार में तस्वीर अधिक जटिल दिखती है। ओआईसी का गठन मुस्लिम देशों के बीच सहयोग, एकता और साझा हितों की रक्षा के उद्देश्य से हुआ था। सिद्धांततः यदि किसी सदस्य देश पर संकट आए, तो बाकी देश उसका समर्थन करें और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसकी आवाज बनें, लेकिन व्यावहारिक राजनीति में यह संगठन अक्सर औपचारिक बयानों तक सीमित रह जाता है। ईरान के मामले में भी कई देशों ने सावधानी भरे वक्तव्य दिए, कुछ ने चुप्पी साध ली और कुछ ने अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिकी रुख के प्रति सहमति जताई।

इस विभाजन के पीछे सबसे बड़ी वजह मुस्लिम दुनिया के भीतर मौजूद वैचारिक और रणनीतिक मतभेद हैं। पश्चिम एशिया में ईरान और सऊदी अरब के बीच लंबे समय से प्रभाव की प्रतिस्पर्धा रही है। एक ओर शिया नेतृत्व वाला ईरान है, तो दूसरी ओर सुन्नी बहुल खाड़ी देश। यह प्रतिस्पर्धा केवल धार्मिक पहचान तक सीमित नहीं, बल्कि क्षेत्रीय प्रभुत्व, सुरक्षा और राजनीतिक प्रभाव से भी जुड़ी है। परिणामस्वरूप, किसी भी सामूहिक मंच पर सर्वसम्मति बनाना कठिन हो जाता है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण कई मुस्लिम देशों के अमेरिका के साथ गहरे आर्थिक और सुरक्षा संबंध हैं। खाड़ी देशों की सुरक्षा संरचना काफी हद तक अमेरिकी सैन्य सहयोग पर आधारित है। ऊर्जा व्यापार, हथियार सौदे और निवेश संबंध भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में वे खुलकर अमेरिका की आलोचना करने से बचते हैं।

इसके अलावा, कुछ अरब देशों का मानना है कि क्षेत्रीय तनाव के लिए ईरान की नीतियां भी जिम्मेदार रही हैं। यमन, सीरिया और इराक में उसकी सक्रियता को लेकर कई देशों में असंतोष है। इसलिए वे इस टकराव को केवल "मुस्लिम देश बनाम अमेरिका" के रूप में नहीं देखते, बल्कि इसे व्यापक भू-राजनीतिक संघर्ष के रूप में आंकते हैं। यही सोच ओआईसी के भीतर साझा बयानबाज़ी को सीमित कर देती है। ओआईसी की कार्यप्रणाली भी एक बाधा है। संगठन अक्सर सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय प्रक्रिया अपनाता है। जब सदस्य देशों के हित, गठबंधन और प्राथमिकताएं अलग-अलग हों, तब कठोर और स्पष्ट निर्णय लेना कठिन हो जाता है। कई बार तीखे शब्दों वाले प्रस्ताव पारित तो हो जाते हैं, लेकिन उनके अनुपालन या ठोस कूटनीतिक कदमों का अभाव रहता है। इससे संगठन की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं।

दूसरी ओर, आम मुस्लिम समाज की अपेक्षाएं अलग हैं। वे चाहते हैं कि इस्लामिक देश अन्याय या बाहरी हस्तक्षेप के खिलाफ एकजुट स्वर में बोलें। सोशल मीडिया पर भी यह भावना दिखाई देती है कि कम से कम कूटनीतिक स्तर पर मजबूत और स्पष्ट रुख अपनाया जाना चाहिए था, लेकिन सरकारें भावनात्मक आवेगों की बजाय रणनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा गणनाओं के आधार पर निर्णय लेती हैं। इस स्थिति का व्यापक प्रभाव भी है। यदि 57 देश सचमुच एक मंच पर संगठित होकर बोलें, तो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में उनका प्रभाव काफी बढ़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर वे एक मजबूत दबाव समूह बन सकते हैं। पर आपसी अविश्वास और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा के कारण यह संभावना अक्सर साकार नहीं हो पाती।

> यदि 57 देश सचमुच एक मंच पर संगठित होकर बोलें, तो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में उनका प्रभाव काफी बढ़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर वे एक मजबूत दबाव समूह बन सकते हैं। पर आपसी अविश्वास और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा के कारण यह संभावना अक्सर साकार नहीं हो पाती।

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते टकराव न एक बार फिर इस्लामिक दुनिया की आंतरिक सीमाओं को उजागर किया है। ओआईसी के सामने चुनौती यही है कि वह केवल औपचारिक वक्तव्यों तक सीमित न रहे, बल्कि सदस्य देशों के बीच भरोसा, पारदर्शिता और साझा रणनीति विकसित करे। यदि इस्लामिक देश वैश्विक मंच पर प्रभावशाली भूमिका निभाना चाहते हैं, तो उन्हें अपने मतभेद कम कर व्यापक सामूहिक हितों को प्राथमिकता देनी होगी। अन्यथा हर बड़े संकट में उनकी बंटी हुई प्रतिक्रिया निराशा को ही जन्म देती रहेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने



भाजपा को यह स्वीकार करना चाहिए कि हां, उन्होंने षड्यंत्र किया, उन्होंने छोटापन दिखाया और देश के संस्थानों का गलत इस्तेमाल किया। भाजपा को देश से माफी मांगनी चाहिए कि अब वे आगे ऐसा नहीं करेंगे। भाजपा को फिर से उसी लड़ाई-झगड़े में जाने के बजाय, अब माफी मांगने वाली मुद्रा में जाना चाहिए।

–अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली

## सामने



आप पार्टी को थोड़ी सी भी राजनीतिक जगह मिलती है, वे भाजपा को लेकर देश और इजराइल व अमेरिका तक के मुद्दों के लिए दोषी ठहराते हुए बयानबाजी शुरू कर देते हैं। 11 साल का कार्यकाल शून्य विकास, भ्रष्टाचार, घोटालों व 'शीश महल' से भरा रहा, जबकि भाजपा का एक साल का कार्यकाल विकास से परिपूर्ण रहा है। – वीरेंद्र सचदेवा

भाजपा अध्यक्ष, दिल्ली

# नेपाल चुनावः बालेन को लेकर खौफजदा पुरानी पार्टियां



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

इस बार के चुनाव में नेपाल को कैसी सरकार नसीब होती है, इसके कयास लगाए जाने लगे है। किसी एक दल की पूर्ण बहुमत की सरकार को लेकर सभी के मन में शंका है। भारत में नेपाल के राजदूत रहे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीप कुमार उपाध्याय का साफ कहना है कि नेपाल के नसीब में किसी एक दल की स्थाई सरकार न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद से यह स्थिति बनी हुई है और यही कारण है कि नेपाल में लोकतंत्र को मजबूती नहीं मिल पा रही है।

इस सबके बीच विकट परिस्थितियों में हो रहे इस चुनाव में प्रधानमंत्री पद के तीन बड़े चेहरों पर लोगों की निगाह टिकी हुई है। नंबर एक पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बालेन शाह हैं। दूसरे पर नेपाली कांग्रेस के गगन थापा और तीसरे नंबर पर एमाले के केपी शर्मा ओली हैं। चुनाव आगामी पांच मार्च को है। मतों की गिनती सात मार्च को है। आठ या नौ मार्च तक नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा, बालेन शाह को लेकर पुरानी राजनीतिक दलों की सांसें अटकी हुई हैं। सवाल उठता है कि यदि किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला, तो किस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और इसमें कौन-कौन दल शामिल हो सकते हैं? यदि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सत्ता में नहीं आ पाती तो उसकी भूमिका क्या होगी?

> चुनाव आगामी पांच मार्च को है। मतों की गिनती सात मार्च को है। आठ या नौ मार्च तक नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा, बालेन शाह को लेकर पुरानी राजनीतिक दलों की सांसें अटकी हुई हैं।

जेन जी आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के नेतृत्व में हो रहे इस चुनाव में सुडान गुरूंग के साथ काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह भी रवि लामी छाने के साथ आ गए। सुडान गुरूंग जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में जाने जाते हैं, वहीं बालेन शाह की पहचान एक रैपर और इंजीनियर की है। उन्होंने निर्दल लड़कर काठमांडू नगर निगम के मेयर पद का चुनाव जीता था। बतौर मेयर उन्होंने अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का मानचित्र लगाकर राष्ट्रवादी नेता की छवि धारण करने की कोशिश की थी। जेन जी आंदोलन के बाद जब अंतरिम सरकार के गठन की नौबत आई तो जेन जी का एक धड़ा बालेन को प्रधानमंत्री बनाने के पक्ष में था जो फलीभूत नहीं हो सका। अब जब बालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में झापा क्षेत्र संख्या पांच से एमाले अध्यक्ष और पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, तो संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उनकी चर्चा लाजिमी है।

नेपाल के इस चुनाव का परिणाम वैश्विक स्तर पर भी खास है, क्योंकि पूर्व की परंपरावादी राजनीतिक दलों की हालत बहुत बेहतर नहीं है। पुरानी पार्टी में एक नेपाली कांग्रेस है, जिसके ठीक-ठाक प्रदर्शन की उम्मीद है, लेकिन यह पार्टी भी अब नए नेतृत्व के अधीन है। भारी अंतर्विरोध के बीच वरिष्ठ नेता गगन थापा को नया अध्यक्ष चुना गया है। गगन थापा अपनी पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। नेपाली कांग्रेस के भी अकेले दम पर सत्ता में आने की संभावना नहीं है फिर भी इस पार्टी के नए अध्यक्ष के रुख को लेकर चर्चा होती रहती है। हालांकि उन्होंने साफ कहा है कि नेपाल भारत और चीन के मध्य स्थित है इसलिए इसे दोनों देशों से संतुलन बनाकर ही आगे बढ़ना होगा। गगन थापा के इस कथन को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सकारात्मक दृष्टि से देखा गया। भारत और चीन दोनों के लिए गगन थापा का बयान मायने रखता है, लेकिन शेर बहादुर देउबा अथवा कोइराला परिवार के बिना चुनाव मैदान में उतरी नेपाली कांग्रेस का प्रदर्शन इस चुनाव में कैसा होता है, यह देखना जरूरी होगा। 2022 के चुनाव में नेपाली कांग्रेस 89 सीटें जीत कर सबसे बड़े दल के रूप में उभरकर सामने आई थी।

आज जिन परिस्थितियों में यह चुनाव हो रहा है, उसे देख ऐसा नहीं लगता कि नेपाली कांग्रेस 2022 के चुनाव परिणाम को दोहरा पाएगी? और यदि ऐसा हो पाया तो निस्संदेह यह गगन थापा की बड़ी कामयाबी होगी और तब उनकी सरकार की संभावना बढ़ सकती है। नेपाल में मतदान के बहुत कम दिन शेष है। ऐसे में जब सरकार गठन की बात चलती है, तो मध्य नेपाल अर्थात मैदान और पहाड़ के बीच के हिस्से में एमाले की चर्चा भी खूब हो रही है। एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली गठबंधन की ही सही चार बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं। इस बार राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार बालेन शाह से उनका मुकाबला बेहद कड़ा है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अंदरूनी सर्वे में यह सीट बालेन शाह जीत रहे हैं, लेकिन इस क्षेत्र के लोगों की मानें तो यह इतना आसान भी नहीं है।

2022 में एमाले को 78 सीटों पर जीत मिली थी। वह दूसरा सबसे बड़ा दल था। इसके बाद प्रचंड के नेतृत्व वाली माओवादी केंद्र था, जिसके 32 सदस्य चुने गए थे। 2022 के प्रतिनिधि सभा में रवि लामी छाने की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 20 सीटों के साथ तीसरे नंबर की बड़ी पार्टी थी और सरकार में हिस्सेदारी के तौर पर इस पार्टी को एक उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का पद आया था, इन दोनों पदों पर पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने स्वयं काबिज थे। जहां तक प्रधानमंत्री पद का सवाल है, तो यह शेर बहादुर देउबा, ओली और प्रचंड के हिस्से में आता रहा। इस बार बेशक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की धूम है, लेकिन प्रतिनिधि सभा के 165 और उच्च सदन के 110 यानी 275 सीटों में से बहुमत का आंकड़ा जुटा पाना किसी के लिए भी आसान नहीं जान पड़ता। फिर भी चाहे नेपाली कांग्रेस हो, एमाले हो या माओवादी केंद्र, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लेकर खौफजदा तो हैं, इनमें इस बात को लेकर खौफ है कि खुदा न खास्ता राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सत्ता में आ गई तो उक्त तीनों पार्टियों के ढेर सारे बड़े नेताओं का जेल जाना तय है क्योंकि भ्रष्टाचार के बड़े-बड़े मामले में उनके हाथ सने हुए हैं। बीच चुनाव खबर यह भी है कि इस खौफ से उबरने के लिए नेपाली कांग्रेस, एमाले और माओवादी केंद्र के अंदरखाने कुछ और ही खिचड़ी पक रही है, जिसका प्रकटीकरण चुनाव परिणाम के बाद ही संभव है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# छोटे फैसले, बड़ा भविष्य

कभी-कभी लगता है समय नदी नहीं, कुम्हार है। हर दिन हमें थोड़ा-थोड़ा घुमाता है, दबाता है, आकार देता है। हम सोचते हैं हम भाग रहे हैं, पर सच यह है कि हम गढ़े जा रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि कौन मिट्टी बना रहता है और कौन आकार लेने की हिम्मत करता है। पिछले दिनों में आपने कितनी बार खुद को टाला? और कितनी बार खुद को पकड़ा? यह सवाल किसी और के लिए नहीं है। दुनिया आपकी उपलब्धियों की तालिका देखती है, पर असली कहानी उन क्षणों में लिखी जाती है, जब आपने आसान रास्ता छोड़कर सही रास्ता चुना या कम से कम कोशिश की। जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम बड़े अवसरों का इंतजार करते रहते हैं, जबकि असली बदलाव छोटे फैसलों में छिपा होता है।



मनोज अभिज्ञान
अधिवक्ता

कई लोग कहेंगे कि समय तेज भाग रहा है। सच तो यह है कि समय हमेशा अपनी रफ्तार से चलता है। बेचैनी हमारी है। हम तुलना में उलझे रहते हैं। किसी की नौकरी, किसी की गाड़ी, किसी की लोकप्रियता, लेकिन किसी की शांति? वही सबसे बड़ी पूंजी है। अगर कुछ छूटा है, तो उसे बोझ मत बनाइए। उसे बीज बना दीजिए। हर छूटा हुआ काम संकेत है कि उसमें अब भी संभावना बची है, जो खत्म हो गया, वह सिर्फ एक अध्याय था। किताब अभी बाकी है। जिंदगी स्प्रिंट नहीं, लंबी बातचीत है। खुद से, अपने लोगों व विचारों से। अगर कुछ अधूरा रह गया है, तो वह आपकी अक्षमता का प्रमाण नहीं, यात्रा का संकेत है। अधूरापन ही हमें आगे बढ़ने की वजह देता है। पूरी हो चुकी कहानी में उत्साह नहीं बचता, जो करना है, वह धीरे और लगातार करना है। बड़े पेड़ भी एक दिन में नहीं बढ़ते, पर रोज बढ़ते हैं।

समय किसी के लिए रुकता नहीं, वह हर उस व्यक्ति के साथ चलता है, जो चलने का निर्णय लेता है। सवाल यह नहीं कि कितना समय बीत गया। सवाल यह है कि आपने उसमें कितना जीवन जोड़ा। अब अगला कदम आपका है। घड़ी चल रही है, पर कहानी भी चल रही है। कहानी तब तक जिंदा है, जब तक आप उसे आगे लिखने का साहस रखते हैं। कभी-कभी घड़ी उतारकर मेज पर रख देनी चाहिए, ताकि समय का शोर थोड़ा कम हो सके। स्क्रीन की रोशनी से बाहर भी दुनिया है, जो धीरे-धीरे बुलाती रहती है। लोग जो सन्नाटे की भाषा पढ़ लेते हैं, वे जानते हैं कि अनुपस्थिति भी एक तरह की उपस्थिति होती है, जो लोग 'बिटवीन द लाइंस' पढ़ लेते हैं, वे जानते हैं कि कुछ यात्राएं शोर से दूर तय होती हैं। बाकी सब ठीक है।

–फेसबुक वॉल से



## सामयिकी

# ईरान-अमेरिका टकराव और इतिहास की वापसी

मध्य-पूर्व एक बार फिर इतिहास के सबसे खतरनाक मोड़ पर खड़ा है। सदियों पुरानी सभ्यताओं की यह भूमि पिछले सौ वर्षों से राजनीतिक प्रयोगशाला बनी हुई है, लेकिन फरवरी 2026 के अंतिम सप्ताह की घटनाओं ने क्षेत्र को सीधे वैश्विक युद्ध की दहलीज पर ला खड़ा किया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य अभियान चलाकर ईरान के भीतर कई ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए। इस अभियान को "ओपरेशन एपिक फ्यूरी" नाम दिया गया। दावा किया गया कि निशाना परमाणु और मिसाइल संरचनाएं थीं, पर इसके राजनीतिक अर्थ कहीं अधिक गहरे हैं।



जयदेव राठी
अधिवक्ता

इन हमलों में ईरान की सैन्य कमान, मिसाइल साइटों और रणनीतिक प्रतिष्ठानों को लक्ष्य बनाया गया। सबसे विस्फोटक खबर यह रही कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हमले में मृत्यु की पुष्टि की गई। यदि यह तथ्य दीर्घकालिक रूप से प्रमाणित रहता है, तो यह केवल एक सैन्य घटना नहीं बल्कि ईरान की सत्ता संरचना में भूकंपीय बदलाव है। इस्लामी गणतांत्रिक व्यवस्था में सर्वोच्च नेता का पद राजनीतिक ही नहीं, धार्मिक-वैधानिक अधिकार का केंद्र है। ऐसे में नेतृत्व का अचानक शून्य पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर सकता है। ईरान ने हमलों का तीखा जवाब दिया। इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने मिसाइल और ड्रोन हमले कर खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और इजराइली लक्ष्यों को निशाना बनाया। बहरीन, कतर, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब में हाई-अलर्ट घोषित किया गया। कई देशों ने अस्थायी रूप से अपना एयरस्पेस बंद कर दिया, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर व्यापक असर पड़ा। दुबई और अबू धाबी जैसे हवाई अड्डों पर उड़ानें रद्द हुईं। यह संकेत है कि यह संघर्ष दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया को प्रभावित करेगा।

ईरान-अमेरिका टकराव केवल परमाणु कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, यह क्षेत्रीय प्रभुत्व की लड़ाई भी है। इजराइल ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को अस्तित्वगत खतरे के रूप में देखता है, वहीं ईरान स्वयं को अमेरिकी सैन्य उपस्थिति और इजराइली नीतियों से घिरा मानता है। लेबनान में हिज्बुल्लाह, गाजा में हमास और सीरिया में विभिन्न मिलिशिया समूहों के माध्यम से वर्षों से छाया-युद्ध चलता रहा है, जो अब प्रत्यक्ष सैन्य भिड़ंत में बदलता दिख रहा है। आर्थिक आयाम भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। खाड़ी क्षेत्र वैश्विक तेल आपूर्ति का केंद्र है। तनाव बढ़ते ही कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और शेयर बाजारों में अनिश्चितता का माहौल बना। भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देश सीधे प्रभावित होंगे। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य में नौसैनिक तनाव बढ़ता है, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर गंभीर असर पड़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तीखी बहस हुई है। यूरोपीय देशों ने संयम की अपील की है, रूस और चीन ने अमेरिकी कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं, जबकि अमेरिका ने इसे "पूर्व-निवारक सुरक्षा कदम" बताया है। प्रश्न यही है- क्या यह कदम शांति लाएगा या नए युद्ध चक्र की शुरुआत करेगा? 2003 के इराक युद्ध का अनुभव चेतावनी देता है कि त्वरित सैन्य कार्रवाई दीर्घकालिक अस्थिरता में बदल सकती है। फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती युद्ध को व्यापक क्षेत्रीय टकराव में बदलने से रोकना है। कूटनीतिक वार्ता और मध्यस्थता ही स्थायी रास्ता प्रतीत होती है। मध्य-पूर्व आज फिर इतिहास की प्रयोगशाला बना है और इस बार इसके परिणाम पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज की दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार

## ईपीएफओ के इस फैसले से देश के करीब 7 करोड़ से अधिक अंशधारकों को सीधा लाभ मिलेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को भविष्य निधि जमा पर 2025-26 के लिए ब्याज दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब ब्याज दर को इस स्तर पर रखा गया है। पिछले वर्ष फरवरी में, ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को बरकरार रखा था। ईपीएफओ के इस फैसले से देश के करीब 7 करोड़ से अधिक अंशधारकों को सीधा लाभ मिलेगा। आप अपने पीएफ बैलेंस और ब्याज की स्थिति EPFO Unified Portal पर देख सकते हैं।

ईपीएफओ ने 2024 में ब्याज दर को बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था, जो 2022-23 में 8.15 प्रतिशत थी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में सोमवार को केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने अपनी बैठक में 2025-26 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.25 प्रतिशत का ब्याज देने की सिफारिश की है। ईपीएफओ के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय सीबीटी की सिफारिश पर वित्त मंत्रालय मंजूरी देगा। सरकार द्वारा ब्याज दर आधिकारिक रूप से अधिसूचित करने के बाद ईपीएफओ अंशधारकों के खातों में ब्याज जमा करेगा। मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, ईपीएफओ ने मजबूत वित्तीय अनुशासन बनाए रखा है। इससे ब्याज खाते पर दबाव डाले बिना स्थिर और प्रतिस्पर्धी रिटर्न सुनिश्चित किया जा रहा है।

सीबीटी ने आयकर विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त उन ट्रस्ट के मामले में संबंधित अनुपालन मुद्दों को हल करने के लिए एकमुश्त माफी योजना को भी मंजूरी दी है, जो अभी तक कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अंतर्गत नहीं आते हैं या जिन्हें छूट नहीं दी गई है। इसमें वित्त अधिनियम, 2026 के प्रावधानों को भी ध्यान में रखा गया है। प्रस्तावित योजना का उद्देश्य प्रतिष्ठानों और न्यासों को एक निर्धारित छह महीने की अवधि के भीतर अनुपालन के दायरे में लाना है। निष्क्रिय खातों के निपटान के लिए, बोर्ड ने 1,000 रुपये या उससे कम की राशि वाले निष्क्रिय ईपीएफओ खातों में दावा निपटान की स्वतः शुरुआत के लिए एक पायलट परियोजना को मंजूरी दी। पायलट परियोजना की सफलता के आधार पर, इस सुविधा को बाद के चरणों में 1,000 रुपये से अधिक की राशि वाले खातों तक बढ़ाया जाएगा, जिससे ईपीएफओ में सदस्य-केंद्रित सुधारों को और मजबूती मिलेगी।

बोर्ड ने एक पारदर्शी और समयबद्ध ढांचे को संस्थागत रूप देने के लिए एक व्यापक मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दी।

- ईपीएफओ ने निष्क्रिय खातों के निपटान के लिए नई पहल को मंजूरी दी




- पीएफ बैलेंस और ब्याज की स्थिति EPFO Unified Portal पर देख सकते हैं

- 1,000 रुपये या उससे कम राशि वाले निष्क्रिय खातों में स्वतः दावा निपटान को पायलट प्रोजेक्ट शुरू

### पैसे कैसे वापस मिलेंगे?

जिन लोगों के EPF खाते आधार से जुड़े हुए हैं और बैंक खाते भी लिंक हैं, उनके खाते में पैसे सीधे ट्रांसफर हो जाएंगे। कोई क्लेम फॉर्म भरने या कागजात जमा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर खाता धारक का निधन हो चुका है, तो रजिस्टर्ड नॉमिनी या कानूनी वारिस को रकम मिलेगी।

### क्या होते हैं निष्क्रिय खाते

ईपीएफ खाता तब निष्क्रिय माना जाता है जब उसमें 36 महीने से ज्यादा समय तक न तो कर्मचारी की तरफ से और न ही कंपनी की तरफ से कोई योगदान आता है। ज्यादातर ऐसे खाते नौकरी बदलने वाले लोगों, रिटायर हो चुके लोगों या जिन्होंने पुराने खाते भूल गए हैं, उनमें होते हैं। कुल मिलाकर देश में 31.86 लाख निष्क्रिय ईपीएफ खाते हैं, जिनमें कुल 10,903 करोड़ रुपये जमा हैं। अभी यह अभियान छोटी रकम वाले खातों से शुरू किया जा रहा है।

### सीधे आपके बैंक अकाउंट में आएगा निष्क्रिय पीएफ खातों का पैसा

नई दिल्ली। देश में सात लाख से ज्यादा ऐसे खाते हैं जहां हर खाते में 1,000 रुपये या उससे कम रकम बची हुई है। इन सबमें कुल 30.52 करोड़ रुपये पड़े हैं, जिन्हें अब सदस्यों या उनके वारिसों को लौटाया जाएगा।

## बिजनेस ब्रीफ

### कॉफी डे एंटरप्राइजेज पर 38 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने वित्तीय लेखाजोखा (अकाउंटिंग) और प्रकटीकरण नियमों का उल्लंघन करने के लिए कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड और उसके अधिकारियों पर कुल 38 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सेबी के आदेश के अनुसार, कंपनी ने अपने तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम तैयार करने में निर्धारित भारतीय लेखा मानकों का पालन नहीं किया। इसके अलावा, कंपनी कानून 2013 के तहत तय मानकों से विचलन के कारणों का खुलासा न करने को भी गंभीरता से लिया गया है। नियामक ने पाया कि कंपनी ने पारदर्शी वित्तीय विवरण पेश करने की अनिवार्य शर्तों की अनदेखी की।

### बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने जोर : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को 'एशियन अवसंरचना निवेश बैंक' (AIIB) की नवनियुक्त अध्यक्ष जोउ जियायी से मुलाकात की। इस दौरान भारत और AIIB के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। वित्त मंत्री ने विशेष रूप से कम आय वाले सदस्य देशों में नवाचार आधारित वित्तीय साधनों के माध्यम से निवेश बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। गौरतलब है कि AIIB में 8.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत, चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यह बैठक भविष्य में भारत की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण के नए रास्ते खोलने में सहायक होगी।

### सूचना

मेरा एक किता मूल दस्तावेज बैनामा दिनांक 26.03.2004 जो सब–रजिस्टर कार्यालय गोण्डा में बुक संख्या 1 जिल्द 3288 में पेज 57 से 70 पंजीयन सख्या 3201 पंजीकृत हुआ था। जिसके विक्रेता नीबर उर्फ नीबरे तथा क्रेता परागदत्त थे जो कही खो गया है। जिसका काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। प्रार्थी – **सुमित सिंह पुत्र पवन कुमार सिंह निवासी– ग्राम व पोस्ट – मझारा, जिला गोण्डा।**

# कच्चा तेल 9% महंगा, पर पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने के आसार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



पश्चिम एशिया में ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब 9 प्रतिशत का जोरदार उछाल आया है। इसके बावजूद, भारतीय उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि देश में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में निकट भविष्य में बढ़ोतरी की संभावना नहीं है।

**ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर के करीब :** सैन्य संकट गहराने के बाद वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के करीब पहुंच गया है। वहीं, अमेरिकी कच्चा तेल (WTI) 8.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72.79 डॉलर पर आ गया है, जो शुक्रवार को करीब 67 डॉलर प्रति बैरल था।

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात करता है, ऐसे में वैश्विक कीमतों में वृद्धि से आयात बिल और महंगाई का दबाव बढ़ना तय है।

### क्यों नहीं बढ़ेंगे दाम?

सूत्रों के अनुसार, सरकारी तेल कंपनियां–IOC, BPCL और HPCL–एक सुविचारित नीति के तहत काम कर रही हैं। जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें कम होती हैं, तो ये कंपनियां अपना मार्जिन (मुनाफा) बढ़ा लेती हैं, और जब कीमतें बढ़ती हैं, तो उस मुनाफे का उपयोग उपभोक्ताओं को राहत देने और कीमतों को स्थिर रखने में किया जाता है।

**स्थिरता :** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अप्रैल 2022 से मोटे तौर पर स्थिर बनी हुई हैं।

**रणनीति :** सरकार की मंशा फिलहाल वैश्विक अस्थिरता का बोझ आम आदमी पर न डालने की है, भले ही तेल कंपनियों को अल्पकालिक घाटा उठाना पड़े।

### सुनील मित्तल ने बताई उत्तराधिकार योजना

**नई दिल्ली :** भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल ने समूह के लिए अपनी उत्तराधिकार योजना साझा की है। इसके तहत भारती एयरटेल की प्रवर्तक कंपनी भारती टेलीकॉम में उनके परिवार की अगली पीढ़ी की हिस्सेदारी बढ़ेगी। निवेशकों के साथ बैठक में मित्तल ने स्पष्ट किया कि उनके बच्चे श्राविन, कविन और ईशा वर्तमान में एयरटेल से बाहर स्वतंत्र रूप से अपना व्यवसाय चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी अपनी चुनौतियों और विफलताओं से सीखकर अनुभव प्राप्त कर रही है, ताकि भविष्य में वे शेयरधारक स्तर पर अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकें।

# ईरान-इजरायल के बीच सैन्य टकराव से सेंसेक्स 1048 अंक तक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनैतिक संकट और ईरान-इजरायल के बीच शुरू हुए सीधे सैन्य टकराव ने सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में कोहराम मचा दिया। सप्ताह के पहले ही दिन निवेशकों में भारी घबराहट देखी गई, जिससे बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,048.34 अंक (1.29%) की भारी गिरावट के साथ 80,238.85 के स्तर पर बंद हुआ। यह 2 सितंबर 2025 के बाद का सबसे निचला स्तर है।

**खुलते ही स्वाहा हुए अरबों रुपये :** बाजार की शुरुआत बेहद डरावनी रही। सुबह सेंसेक्स 2,743 अंकों की विशाल गिरावट के साथ 78,543 अंक पर खुला था, जिससे एक ही झटके में निवेशकों के अरबों रुपये डूब गए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 312.95 अंक (1.24%) फिसलकर 24,865.70 अंक पर आ गया।

### कंपनियों को अब महंगाई और निर्यात का डर

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया (मिडल ईस्ट) में गहराते सैन्य संकट ने सोमवार को भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजार में हलचल पैदा कर दी। दिग्गज कंपनियों ने लागत बढ़ने और निर्यात प्रभावित होने की आशंका जताई है। बिस्कुट कंपनी पारले प्रोडक्ट्स के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने चेतावनी दी कि कच्चा तेल महंगा होने से पैकेजिंग और माल ढुलाई की लागत बढ़ेगी। इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ सकता है। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी ने कहा कि वह निर्यात पर पड़ने वाले असर की बारीकी से निगरानी कर रही है।

### गिरावट के प्रमुख कारण:

**युद्ध का संकट :** 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका–इजरायल के हमले और ईरान की जवाबी कार्रवाई ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश (जैसे सोना) की ओर भागने पर मजबूर कर दिया। बाजार में अस्थिरता मापने वाला सूचकांक 'इंडिया वीआईएक्स' 25 के पार पहुंच गया, जो बाजार में छाई गहरी अनिश्चितता को दर्शाता है।

### किन पर पड़ी सबसे ज्यादा मार?

सबसे ज्यादा नुकसान एविएशन और ऑटो सेक्टर को हुआ। तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका में इंडिगो का शेयर 6.25% टूट गया। इसके अलावा एलएंडटी, अडाणी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

### फरवरी में रिकॉर्ड 4.25 लाख यात्री वाहन बिक्री

**नई दिल्ली :** भारत में घरेलू यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री फरवरी में एक साल पहले के मुकाबले 11.4 प्रतिशत बढ़कर लगभग 4,25,000 वाहन हो गई। एसयूवी यानी स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल्स की मांग और पिछले साल सितंबर में जीएसटी दरों में बदलाव से वाहनों की बिक्री में तेजी आयी है। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड ने लगभग 1,61,000 वाहनों के साथ गाड़ियों की थोक बिक्री में सालाना आधार पर मामूली वृद्धि दर्ज की, क्योंकि उसने ग्राहकों की प्रतीक्षा अवधि को नियंत्रित रखने के लिए मॉडलों के उत्पादन को संतुलित किया।



# आज लगेगा पूर्ण चंद्रग्रहण, अबकी चंद्रमा भी खेलेगा लाल रंग से होली

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मंगलवार को पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। इस ब्लडमून के दौरान चंद्रमा लाल रंग से होली खेलेगा। इस घटना का दीदार आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल, मनोरा पीक से कराने जा रहा है। आप एरीज के यूट्यूब चैनल पर शाम 5:30 बजे से इसे लाइव देख सकते हैं।

एरीज के खगोल वैज्ञानिक एवं साइंस सेंटर प्रभारी डॉ. वीरेंद्र यादव के अनुसार, आम जनता के लिए प्रत्यक्ष रूप से ग्रहण देखने की व्यवस्था शाम 6 बजे से की गई है। ग्रहण को नग्न आंखों से या दूरबीन से देखना सुरक्षित होता है। ऐसी दुर्लभ मनमोहक खगोलीय घटनाएं हमारी जिज्ञासा के लिए शानदार अवसर हैं। डॉ. यादव ने बताया कि पूर्ण चंद्र ग्रहण के समय सूर्य का कुछ प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल से होते हुए चंद्रमा पर पड़ता है। हमारा वायुमंडल सूर्यप्रकाश के रंगों में से बैंगनी और नीले रंगों को ज्यादा बिखेरता है और लाल और नारंगी रंगों को कम बिखेरता है अतः सूर्यप्रकाश का लाल रंग लगभग सीधे चंद्रमा पर पड़ता है, जिससे चंद्रमा गहरे लाल रंग का प्रतीत होता है। इस चंद्र ग्रहण में भी ऐसा रंग नजर आएगा, लेकिन भारत के अधिकांश हिस्सों से ये लाल नहीं दिखेगा क्योंकि यहां अधिकांश हिस्सों में आंशिक चंद्रग्रहण नजर आएगा। चंद्र ग्रहण दोपहर 3:20 बजे शुरू होगा और सायं 6:47 बजे समाप्त हो जाएगा। नैनीताल में सायं 6:15 बजे चंद्रोदय के बाद आंशिक चंद्र ग्रहण नजर आएगा।

### ब्लडमून का संयोग

डॉ. यादव के अनुसार, यह संयोग ही है कि, इस होली के अवसर पर पूर्ण चंद्रग्रहण होने जा रहा है। यह ब्लडमून वाला पूर्ण चंद्रग्रहण है। पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान चंद्रमा लाल रंग में रंग जाता है जिस कारण इसे ब्लडमून कहा जाता है।

## अर्थव्यवस्था पर होगी तगड़ी चोट

होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) दुनिया की वह धमनी है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था का रक्त यानी कच्चा तेल बहता है। ओमान और ईरान के बीच स्थित यह संकरा समुद्री मार्ग केवल 33 किलोमीटर चौड़ा है, लेकिन इसका रणनीतिक महत्व अकल्पनीय है। दुनिया का लगभग 20% से 25% तेल और एक-तिहाई तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) इसी मार्ग से होकर गुजरती है। यदि ईरान इस मार्ग को बंद करता है, तो यह केवल एक क्षेत्रीय विवाद नहीं, बल्कि एक वैश्विक आर्थिक आपातकाल होगा। इस मार्ग के बंद होने का अर्थ है प्रमुख तेल उत्पादकों का दुनिया से संपर्क कट जाना। भारत जैसे देश के लिए, जो अपनी तेल जरूरतों का 85% आयात करता है, यह स्थिति किसी बड़े झटके से कम नहीं होगी। यह न केवल ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि महंगाई के रूप में एक बहुआयामी चुनौती पेश करेगा।

# होर्मुज स्ट्रेट पर रोक



### भारत के लिए दोहरी मार

- **तेल की कीमतों में आग** : भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर को पार कर सकती हैं। परिवहन लागत बढ़ने से सब्जियों, अनाज और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ जाएंगे।
- **शेयर बाजार में गिरावट** : अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल सकते हैं, जिससे शेयर बाजार में गिरावट आ सकती है।
- **रुपये की कमजोरी** : तेल खरीदने के लिए अधिक डॉलर खर्च करने होंगे, जिससे डॉलर के मुकाबले रुपया अपने सबसे निचले स्तर पर जा सकता है।
- **व्यापार घाटा** : आयात बिल बढ़ने से भारत का चालू खाता घाटा बढ़ जाएगा।

### कौन से देश होंगे प्रभावित

- **इनसे टूटेगा संपर्क** : इस मार्ग के बंद होने का अर्थ है सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और कतर जैसे प्रमुख तेल उत्पादकों का दुनिया से संपर्क कट जाना।
- **एशियाई दिग्गज** : चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस मार्ग पर सबसे अधिक निर्भर हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एशियाई देशों का अधिकांश कच्चा तेल इसी रास्ते से आता है।
- **यूरोपीय बाजार** : पहले से ही रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण ऊर्जा संकट झेल रहा यूरोप, मध्य पूर्व से आने वाली एलएनजी के लिए इस मार्ग पर निर्भर है।
- **वैश्विक तेल कीमतें** : विशेषज्ञों का मानना है कि मार्ग बंद होने पर कच्चे तेल की कीमतें 150 से 200 डॉल प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।
- **भारत के लिए झटका** : भारत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल इसी रास्ते से आता है।

### भारत कैसे निपट सकता है

- **रणनीतिक तेल भंडार** : भारत ने विशाखापत्तनम, मंगलुरु और पादुर में भूमिगत तेल भंडार बनाए हैं। आपात स्थिति में भारत इनका उपयोग कर सकता है। के माध्यम से भारत अपनी आपूर्ति को कुछ हफ्तों तक सुरक्षित रख सकता है।
- **आपूर्ति स्रोतों का विविधीकरण** : भारत रूस, अमेरिका, अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों से तेल आयात बढ़ाकर मध्य पूर्व पर निर्भरता कम कर सकता है।
- **वैकल्पिक मार्ग और कूटनीति** : भारत ईरान के साथ अपने ऐतिहासिक संबंधों का उपयोग कर अपने जहाजों के लिए सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित करने की कोशिश कर सकता है।

# दूसरे देशों में फंसे भारतीयों की मदद को कदम उठाएं संबंधित विभाग

## सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने की पश्चिम एशिया के हालात की समीक्षा, भारतीयों की सुरक्षा पर जताई चिंता

- **पश्चिम एशिया विवाद का संवाद और कूटनीति से हल पर जोर**

नई दिल्ली, एजेंसी

सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति की समीक्षा की और क्षेत्र में रहने वाले बड़े भारतीय प्रवासी समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। सीसीएस ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश भी दिया है कि वे घटनाक्रम से प्रभावित भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार रात हुई बैठक में सीसीएस ने संघर्ष की स्थिति को शीघ्र समाप्त करने और संवाद एवं कूटनीति के जरिए मामले का हल निकालने के महत्व पर भी जोर दिया। सीसीएस देश के सुरक्षा संबंधी और रणनीतिक मामलों पर निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सीसीएस ने पश्चिम एशिया में उत्पन्न हो रही स्थिति की समीक्षा करने के लिए बैठक की और उसे ईरान में हुए हवाई हमलों और उसके बाद कई खाड़ी देशों में हुए हमलों सहित बढ़ते तनाव के बारे में जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि उसने क्षेत्र में रहने वाले बड़े भारतीय प्रवासी समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। सीसीएस ने पश्चिम एशिया से होकर गुजरने वाले भारतीय यात्रियों और निर्धारित परीक्षाओं में शामिल हो रहे छात्रों की कठिनाइयों के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभावों की भी समीक्षा की। सीसीएस ने सभी संबंधित विभागों को घटनाक्रम से प्रभावित भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।



**अपने नागरिकों के संपर्क में हैं भारतीय दूतावास :** ईरान में लगभग 10,000 भारतीय नागरिक रहते, पढ़ते और काम करते हैं, जबकि इज़राइल में 40,000 से अधिक भारतीय नागरिक रहते हैं। खाड़ी देशों और पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की संख्या लगभग 90 लाख है। पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ने के कारण उड़ान सेवाएं बाधित होने से सैकड़ों भारतीय दुबई, दोहा और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूरे क्षेत्र में भारतीय दूतावास अपने नागरिकों के साथ लगातार संपर्क में है।

### बहरीन के शाह और सऊदी अरब के युवराज से प्रधानमंत्री मोदी ने की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बहरीन के शाह हम्माद बिन ईसा अल खलीफा और सऊदी अरब के युवराज एवं प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत की तथा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान दोनों देशों पर हुए हमलों की निंदा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों पर हुए हालिया हमले उनकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के कुशलक्षेम के बारे में भी उनसे बात की। दोनों नेताओं के साथ फोन पर बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदी ने एक्स पर कहा कि सऊदी अरब के युवराज और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के साथ पश्चिम एशिया के बदलते घटनाक्रम पर चर्चा की। भारत सऊदी अरब पर हाल ही में हुए हमलों की निंदा करता है, जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है। कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# सीमा पर बाड़ लगाने को जमीन देगी बंगाल सरकार

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल सरकार ने सीमा पर बाड़ लगाने और चौकियां बनाने के लिए केंद्र को लगभग 105 एकड़ जमीन हस्तांतरित करने को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि लगभग 17 किलोमीटर की बाड़ लगाने और सीमा चौकियां) स्थापित करने के लिए यह जमीन सीमा सुरक्षा बल को हस्तांतरित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों को जमीन देने से संबंधित प्रस्तावों की जांच के लिए गठित मंत्रिस्तरीय समूह ने शुक्रवार को राज्य सचिवालय नबान्न में बैठक की और इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। हालांकि, अंतिम मंजूरी राज्य मंत्रिमंडल द्वारा दी जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीमा पर बाड़ लगाने और सीमा चौकियां बनाने के लिए बीएसएफ को जमीन सौंपने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। अब इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार सीमा के 17 किमी लंबे हिस्से पर बाड़ लगाने की योजना बना रही है और इसके लिए उसने राज्य सरकार से जमीन मांगी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इससे पहले केंद्रीय एजेंसियों को जमीन देने से संबंधित प्रस्तावों की जांच के लिए एक विशेष मंत्रिस्तरीय समूह को नियुक्त किया था।

## गोंडा-बलरामपुर

# फाल्गुनी उमंग से सराबोर बाजारों में छलका समृद्धि और उत्साह का रंग

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** फाल्गुन की बयार ने शहर से लेकर गांव तक उत्साह का रंग घोल दिया है। होली के पर्व को लेकर बाजारों में जबरदस्त रौनक है और चारों ओर खरीदारी की चहल-पहल दिखाई दे रही है। मंगलवार को चंद्र ग्रहण का प्रभाव होने के कारण मुख्य होली उत्सव और जुलूस बुधवार को होली महोत्सव समिति की अगुवाई में गाजे-बाजे के साथ निकाला जाएगा।

त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तरह सतर्क है। सुरक्षा व्यवस्था के साथ आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

शहर के प्रमुख बाजारों में बच्चों के लिए आकर्षक डिजाइन की पिचकारियों और रंग-बिरंगे मुखौटों की खूब मांग है। कपड़ों की दुकानों और शोरूम पर चल रहे। रंग विक्रेता राजेश ने बताया कि इस बार हर्बल रंगों की मांग अधिक है। कपड़ा व्यापारी सोनू के अनुसार त्योहार के चलते खरीदारी चरम पर है। महिलाओं ने कास्मेटिक, चिप्स, पापड़, नमकीन और खोया मिठाई सहित अन्य सामान की जमकर खरीदारी की। जिले के चारों नगर निकायों में होलिका दहन के लिए नगर पालिका व पंचायत प्रशासन द्वारा लकड़ी की व्यवस्था कराई गई है। आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के चेयरमैन डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने बताया कि शहर के 80 होलिका दहन स्थलों पर प्रत्येक स्थान पर छह-छह क्विंटल लकड़ी उपलब्ध कराई गई है। गुझिया और गुलाल की भी व्यवस्था कराई जा रही है। होली के मद्देनजर सभी जिला स्तरीय अस्पताल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अलर्ट मोड पर रहेंगे। सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने अपील की है कि रासायनिक व हानिकारक रंगों से बचें।



होली के दौरान बाजार में खरीदारी करते लोग। • अमृत विचार

## होली से पहले सीएमओ का निरीक्षण, सीएचसी नंद नगर खजुरिया में दो कर्मचारी अनुपस्थित



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण करते सीएमओ। • अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** होली पर्व को देखते हुए जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंद नगर खजुरिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार चौधरी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश गुप्ता एवं फार्मासिस्ट महादेव प्रसाद चौधरी अनुपस्थित पाए गए। इस पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएमओ ने अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता, इमरजेंसी सेवाएं, ड्यूटी रोस्टर और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित मेडिकल व पैरामेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया कि होली के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद रहें और मरीजों को तत्काल व गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी सरकारी अस्पतालों को पूर्व में ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि त्योहार के दौरान कोई भी कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित न रहे। लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# बालक के परिजनों को दी सहायता

- **हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बालक ने गंवाया हाथ**

**गैसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार :** गैसड़ी क्षेत्र के कोतवाली गैंसड़ी अंतर्गत ग्राम मूतेहरा सोनगढ़ा में 21 फरवरी को दर्दनाक हादसा हुआ। घर की छत से गुजरे हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से सुमेंद्र (8) गंभीर रूप से झुलस गया और उसे अपना एक हाथ गंवाना पड़ा। उसका इलाज केजीएमयू लखनऊ में चल रहा है।

रविवार सुबह 11 बजे एसडीएम राकेश कुमार जयंत ने गांव पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये की सहायता प्रदान की। उन्होंने बताया कि एसडीओ व अधिशासी अभियंता से कार्रवाई की रिपोर्ट लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। प्रधान प्रतिनिधि विश्राम चौधरी सहित ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि सुमेंद्र कंपोजिट विद्यालय मूतेहरा में कक्षा 6 का छात्र है। अब उसकी हालत में सुधार है। महाराणा प्रताप जनजातीय सेवा संस्थान के अध्यक्ष मदनलाल जायसवाल ने बिजली विभाग की लापरवाही पर रोष जताते हुए मुख्यमंत्री से पीड़ित के लिए आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी देने की मांग की है।



पीड़ित परिवार को सहायता राशि का चेक प्रदान करते एसडीएम। • अमृत विचार

# जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**बलरामपुर, अमृत विचार :** होली को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिले में सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए हैं। शनिवार को पुलिस व एसएसबी ने शहर से लेकर नेपाल सीमा तक सुरक्षा अभियान चलाया। नगर क्षेत्र में प्रमुख बाजारों, संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च कर हालात का जायजा लिया गया।

कोतवाली समेत विभिन्न थानों के प्रभारी निरीक्षकों ने पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया और व्यापारियों व आम नागरिकों से संवाद किया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत डायल 112 या नजदीकी थाने को दें ताकि कार्रवाई की जा सके।

**सीमावर्ती इलाकों में संयुक्त ऑपरेशन :** इंडो-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। हरैया सतघरवा, तुलसीपुर, जरवा, पचपेड़वा और गैसड़ी क्षेत्रों के सीमावर्ती गांवों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की गई। एसपी ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर जिले में हाई अलर्ट जारी है। पुलिस और एसएसबी मिलकर लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



त्योहारों के दौरान बाजार में गश्त करती पुलिस। • अमृत विचार

## कंपोजिट विद्यालय में छात्रों को पुस्तकें बांटीं




विद्यार्थियों को पुस्तक वितरित करते समिति के सदस्य। • अमृत विचार

**तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार :** जय गोविंद सेवा समिति की ओर से मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय शीतलपुर में कक्षा 6, 7 एवं 8 के विद्यार्थियों को अंग्रेजी, विज्ञान और गणित विषय की पुस्तकें वितरित की गईं। पुस्तक वितरण कार्यक्रम में बच्चों के चेहरे पर खासा उत्साह देखने को मिला। समिति के प्रबंधक आशीष पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है और जरूरतमंद बच्चों तक शैक्षिक सामग्री पहुंचाना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पुस्तकों की उपलब्धता से बच्चों को पढ़ाई में काफी सहूलियत मिलेगी और वे बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। सब पढ़ें, सब बढ़ें के संदेश के साथ उन्होंने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में समिति के सक्रिय सदस्य अजय यादव, पिंटू वर्मा, प्रशांत मिश्रा, भानु प्रताप सिंह व पंकज शुक्ला सहित विद्यालय की प्रधानाचार्या शकीला बानो और समस्त स्टाफ मौजूद रहा। विद्यालय प्रशासन ने समिति के इस प्रयास की सराहना की।

## होली ठिठोली कार्यक्रम

### मूर्खाधिराज व मूर्खाधिपति के अलंकार से सजा कार्यक्रम

# कवियों ने रचनाओं से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**बलरामपुर, अमृत विचार :** होली महोत्सव समिति के तत्वावधान में नगर के रामलीला मैदान में 38वां होली ठिठोली कार्यक्रम, कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हास्य-व्यंग्य और रंगारंग प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को देर रात तक गुदगुदाया।

होली ठिठोली के विशेष आकर्षण के रूप में कृष्णा शुक्ला को 'मूर्खाधिराज' तथा अभय सोनी को 'मूर्खाधिपति' के अलंकार से विभूषित किया गया। दोनों को सब्जियों और फलों की विशेष मालाएं पहनाकर तथा पट्टिका भेंट कर सम्मानित किया गया, जिस पर उपस्थित लोगों ने ठहाकों और तालियों से स्वागत किया।

कार्यक्रम में सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षिक क्षेत्र में योगदान देने वाले प्रमुख व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गेल्हापुर महंत बृजानंद महाराज तथा अध्यक्षता कर रहे बाबू राजेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों का समिति की ओर से अभिनंदन किया गया।

कवि सम्मेलन में स्थानीय कवियों ने हास्य, व्यंग्य और सम-सामयिक विषयों पर काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, महामंत्री राधेश्याम मिश्र सहित समिति के अनेक पदाधिकारी व नगरवासी उपस्थित रहे।



होली ठिठोली कार्यक्रम में मौजूद अतिथि और आयोजक। • अमृत विचार



प्रवचन सुनने के लिए जुटे श्रद्धालु। • अमृत विचार

## भाग्य से ही मिलता है सत्संग सुनने का मौका

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** जय गुरुदेव नगर स्थित आश्रम में चल रहे तीन दिवसीय आध्यात्मिक होली सत्संग कार्यक्रम के पहले दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उमाकांत महाराज ने आने वाले समय को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय संवेदनशील है और आगे कठिन परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं, जिनसे बचाव के लिए सत्संग और भजन ही सहारा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब भाग्य जागता है, तभी सच्चे संतों का सत्संग मिलता है। गुरु और प्रभु की कृपा से ही मनुष्य सत्संग तक पहुंच पाता है। उन्होंने कहा कि यदि हवा जहरीली भी हो जाए, तो गुरु की कृपा और आध्यात्मिक शक्ति से उसका प्रभाव कम हो सकता है। गुरु कृपा से संकट टल सकता है या उसका असर समाप्त हो सकता है।

## विद्यालय का ताला तोड़ हजारों का सामान चोरी

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** कटरा बाजार क्षेत्र के गोड़वा में एक निजी विद्यालय में चोरी की घटना प्रकाश में आई है। पारसनाथ तिवारी एजुकेशनल एकेडमी के प्रबंधक त्रिभुवन दत्त तिवारी ने कटरा बाजार थाने में तहरीर दिया है। उन्होंने बताया कि एक-दो मार्च की रात चोरों ने विद्यालय के गेट का ताला तोड़ दिया। चोर विद्यालय में रखे स्टेबलाइजर, हार्ड डिस्क, डीवीआर, यूपीएस व सीसीटीवी कैमरे के सभी उपकरण उठा ले गए। इतना ही नहीं चोरों ने लॉकर का ताला तोड़कर विद्यालय से संबंधित अभिलेख भी गायब कर दिए। सुबह विद्यालय पहुंचने पर चोरी होने की जानकारी हुई। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि एक निजी विद्यालय में चोरी की सूचना मिली है, जांच की जा रही है।



> हम सेमीफाइनल का इंतजार कर रहे है। हम मैच के दौरान छोटे-छोटे पलों को भुनाने के बारे में बात करते है और हमें उम्मीद है कि हम कुछ दिनों के बाद खेले जाने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे।
>
> -डेरिल मिचेल


# स्टेडियम

अयोध्या, मंगलवार, 3 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### न्यूजीलैंड चीजों को जरूरत से ज्यादा बड़ा नहीं बनाता : मिचेल

**कोलकाता।** आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने सोमवार को कहा कि न्यूजीलैंड चीजों को जरूरत से ज्यादा बड़ा नहीं बनाता और टीम को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत में खेलने के हालिया अनुभव से फायदा होगा। न्यूजीलैंड बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पहले सेमीफाइनल में पिछली बार की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। मिचेल ने कहा कि ब्लैक कैप्स को मैदान के अंदर और बाहर किस तरह काम करना है, इसे लेकर पूरी स्पष्टता है। उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट से कहा हम टीम के तौर पर कैसे खेलना चाहते हैं, इसे लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं। हम चीजों को जितना है उससे बड़ा नहीं बनाते लेकिन सेमीफाइनल में पहुंचने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और खुद को भाग्यशाली मानते हैं।

### घुड़सवार अनुष ने शानदार प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ बेल्जियम ड्रेसेज स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया जिससे उन्होंने आने वाले एशियाई खेलों के लिए अपनी क्वालीफिकेशन यात्रा शुरू की। अग्रवाला ने शनिवार को अपने आठ साल के घोड़े फ्लोरियाना के साथ ऑर्डर में 14वें नंबर से शुरुआत करते हुए 68.85 प्रतिशत के शानदार स्कोर से आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन दिया जिससे वह कुल मिलाकर चौथे नंबर पर रहे। वह रविवार को अपने 10 साल के घोड़े फिलान के साथ लौटे जिसमें उन्होंने पांचवें नंबर से शुरुआत की और इसमें और भी बेहतर प्रदर्शन देते हुए 70 .3 प्रतिशत का व्यक्तिगत स्कोर हासिल किया। 70 प्रतिशत का स्कोर हासिल करना दबाव में निरंतरता और संयम दिखाता है।

### 250 जिलों में एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं होंगी

**नई दिल्ली।** खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने सोमवार को घोषणा की कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आठ और नौ मार्च को देश भर के 250 जिलों की दो लाख से अधिक लड़कियां 'अस्मिता' एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगी। खडसे ने भारत की 2036 ओलंपिक की दावेदारी को मजबूत करने के लिए खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की वकालत की। यह खेल मंत्रालय की पहल का एक हिस्सा है जो अहमदाबाद में 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों और भारत के ओलंपिक मेजबान बनने की कोशिश को ध्यान में रखते हुए देश भर में महिला तकनीकी अधिकारियों का एक पूल बनाने की भी शुरुआत करेगा।

### भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका ने इतिहास रचा

**वालेंशिया।** भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका मीर ने 'चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी (सीओएफटीए) कार्टिंग सीरीज' के यूरोपीय चरण में पोडियम स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया। ग्यारह साल की अतिका ओकेएनजे (जूनियर) वर्ग में तीसरे स्थान पर रही। वह इस रेस में पोडियम पर जगह बनाने वाले पहली भारतीय रेसर है। यह उनके अब तक के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। एफवन अकादमी के समर्थन पाने वाली पहली भारतीय अतिका ने ग्रिड में नौवें स्थान से शुरुआत करते हुए शुरुआती रेस में तीसरा और दूसरी रेस में दूसरा स्थान हासिल किया।

# मैंने फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया और अंतरात्मा की आवाज सुनी : सैमसन

## टी-20 विश्व कप : खराब फॉर्म के दौर में भी नहीं गिरने दिया अपना आत्मविश्वास

कोलकाता, एजेंसी

भारत के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपने फोन और सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिए ताकि खराब फॉर्म के दौर में भी उनका आत्मविश्वास न डगमगाए और आखिर में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के करो या मरो मैच में मैच विजेता पारी खेलकर लय हासिल कर ली। सैमसन ने रविवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में 50 गेंदों में 97 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई।

सुपर आठ के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से भारत की करारी हार के बाद इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को सलामी बल्लेबाज के रूप में अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। सैमसन ने रविवार को यहां भारत की पांच विकेट से जीत के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा मैंने अपने शॉट चयन पर लगातार काम किया। मैं बहुत अधिक बदलाव नहीं करना चाहता था क्योंकि मुझे पता था कि मैंने उसी तरह से खेलते हुए, पहले अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा, अपना फोन बंद कर दिया, सोशल मीडिया से दूर रहा और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। मुझे खुशी है कि मैंने एक ऐसे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जो बहुत खास था। सैमसन ने असल में अकेले दम पर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस बीच उन्हें कप्तान सूर्यकुमार यादव (18) और तिलक वर्मा (27) का कुछ साथ मिला। उन्होंने कहा यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था। हमारी बल्लेबाजी की मजबूती को देखते हुए मुझे लग रहा था कि ईडन गार्डन्स में ओस पड़ने पर 196 रन के लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो जाएगा, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से यह चुनौतीपूर्ण हो गया। सैमसन ने कहा यहीं पर मेरे अनुभव ने अहम भूमिका निभाई। मुझे अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन जब विकेट गिरते रहे तो मुझे लगा कि मुझे मैच का सकारात्मक अंत करना होगा। उन्होंने कहा आप हमेशा ऐसा प्रदर्शन करना चाहते हैं लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। इसलिए मुझे खुशी है कि इस मैच में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। जब आप दबाव वाली परिस्थितियों में लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो आप अलग-अलग विकल्प अपनाते हैं और जोखिम भरे विकल्पों पर विचार करने के बजाय अधिक बाउंड्री लगाते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए सैमसन ने अपनी तकनीक में किए गए बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा यह मानवीय प्रकृति है कि हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं, जैसे क्या मैं ऐसा कर सकता हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर सकता हूं।'' जब भी मेरे मन में ऐसे विचार आते हैं तो मैं उन्हें सकारात्मक विचार से बदलने की कोशिश करता हूं। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था लेकिन चीजें मेरे अनुकूल नहीं रही। सौभाग्य से मुझे 10 दिन का समय मिल गया। सैमसन ने कहा मैंने आत्ममंथन किया। मैंने अपनी बुनियाद पर काम किया कि मैंने खुद को कैसे तैयार किया था। बहुत से लोगों ने सुझाव दिए मैंने खुद से कहा कि ''संजू, तुमने इसी प्रारूप में तीन अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं। जब सैमसन से पूछा गया कि कोलकाता में खेली गई उनकी पारी उनके लिए क्या मायने रखती है, तो उन्होंने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि वह उस सपने को जी रहे हैं जिसे उन्होंने बचपन से संजोकर रखा है। उन्होंने कहा भारत में सौ से अधिक क्रिकेटर ऐसे दिन का सपना देखते हैं। मैंने सपना देखने की हिम्मत की। केरल के त्रिवेंद्रम का एक युवा लड़का देश के लिए खेलने और इतने महत्वपूर्ण मैच में जीत हासिल करने का सपना देख रहा था। मैंने सपना देखने की हिम्मत की और यह सच हो गया।



### सभी चाहते थे कि संजू अच्छा प्रदर्शन करे

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का कहना है कि संजू सैमसन इतने अच्छे इंसान हैं कि हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करें और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप में खेली गई उनकी निर्णायक पारी ने उनके प्रशंसकों पर से भी दबाव कम कर दिया होगा। सैमसन ने रविवार रात कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में नाबाद 97 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा 97 रन की इस नाबाद पारी ने न सिर्फ संजू सैमसन पर से बड़ा बोझ हटा दिया है बल्कि उन लोगों पर से भी बोझ उतार दिया है जो जानते हैं कि वह कितने बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। उनके करियर में उतार-चढ़ाव आए हैं। वह बहुत ही अच्छे इंसान हैं। हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करें। विश्व कप से पहले सैमसन का प्रदर्शन खराब रहा था। वह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे थे। गावस्कर ने कहा सभी भारतीय प्रशंसक इस बात से खुश होंगे कि इस ईमानदार क्रिकेटर को वह सफलता मिली है जिसका वह हकदार है। अब भारत गुरुवार को मुंबई में सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगा। गावस्कर ने कहा करो या मरो के मैच में मैन ऑफ द मैच बनना सपना सच होने जैसा है। मैच विजेता पारी खेलने के बाद संजू के चेहरे पर भाव साफ झलक रहे थे। वह शतक से सिर्फ तीन रन दूर थे और अगर वह शतक तक पहुंच जाते तो यह शानदार होता।



# संजू को सफेद गेंद की टीम में नियमित खेलना चाहिए

कोलकाता, एजेंसी

- पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सैमसन का किया समर्थन

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को संजू सैमसन को भारत की सफेद गेंद की टीमों में नियमित रूप से शामिल किए जाने का समर्थन किया और टी20 विश्व कप से पहले इस आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज की आलोचना पर हैरानी व्यक्त की। सैमसन की 50 गेंद में नाबाद 97 रन की पारी से भारत ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्चुअल क्वार्टरफाइनलमें 196 रन के लक्ष्य का पीछा किया। इसे एक शानदार पारी बताते हुए गांगुली ने कहा वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है। उसे सफेद गेंद के क्रिकेट में भारत के लिए लगातार खेलना चाहिए, शत प्रतिशत।

उन्होंने कहा यह मुकाबला लगभग क्वार्टर फाइनल जैसा था और 97 रन पर नाबाद रहना उसके कौशल को दिखाता है। वह इस तरह का खिलाड़ी है। जब वह मैदान में उतरता है तो विरोधी टीम को नुकसान पहुंचाता है। सैमसन ने यह पारी उस दिन खेली जब भारत के मुख्य बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, कप्तान सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या सस्ते में आउट हो गए। लेकिन सैमसन ने दबाव से अच्छी तरह निपटते हुए आखिर तक बिना किसी जोखिम के बल्लेबाजी की।

गांगुली ने आगे कहा वह परिस्थिति के हिसाब से खेला और यह जरूरी था। इससे हम सभी को यह सीख मिलती है कि यह वही लड़का है जो पिछले छह महीनों में टीम में अपनी जगह नहीं बना पाया, भले ही ईशान किशन पारी का आगाज कर रहा हो या कोई और आ रहा हो। उन्होंने कहा विश्व कप से ठीक पहले मैं अखबार में पढ़ता था कि संजू फिर विफल हो गया वह टीम में शामिल होने का हकदार नहीं भारत में इतनी प्रतिभा है, शुभमन गिल टीम में क्यों नहीं है? और फिर यही लड़का क्वार्टरफाइनल जैसे मैच 97 रन बनाकर नाबाद रहता है और आपको सेमीफाइनल में पहुंचा देता है। गांगुली ने यह भी कहा कि इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज से ज्यादा मुश्किल होगी और कहा कि मुंबई में सेमीफाइनल की मुश्किल पार करने के लिए घरेलू टीम को अपनी बेहतरीन फॉर्म बनाए रखनी होगी।



> इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज से ज्यादा मजबूत प्रतिद्वंद्वी होगी। उन्हें वैसा ही खेलना होगा जैसा उन्होंने कल के मैच में जीत दिलाई थी। भारत के लिए सबसे अच्छी बात यह रही है कि टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ निराशाजनक सीरीज के बाद संजू सैमसन ने शीर्ष क्रम में फॉर्म में वापसी की है।
>
> - सौरव गांगुली

**सेमीफाइनल**

| टीम | तारीख |
|---|---|
| न्यूजीलैंड बनाम द. अफ्रीका | 4 मार्च |
| भारत बनाम इंग्लैंड | 5 मार्च |


**फाइनल**

| | |
|---|---|
| सेमीफाइनल विजेता टीम | 8 मार्च |

# क्रिकेट एक टीम गेम है : गंभीर

कोलकाता, एजेंसी

- कई वर्षों से हम सिर्फ कुछ खास योगदान की ही बात करते आए हैं



गौतम गंभीर का मानना है की टीम गेम में प्रत्येक खिलाड़ी का छोटा या बड़ा योगदान महत्वपूर्ण होता है लेकिन भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से इसका अभाव रहा है। भारत के मुख्य कोच ने कहा कि अगर शिवम दुबे ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में 19वें ओवर दो चौके नहीं लगाए होते तो संजू सैमसन की 97 रन की मैच विजेता पारी की कोई बात नहीं कर रहा होता।

गंभीर ने कहा कि जब तक वह कोच हैं, प्रत्येक खिलाड़ी के योगदान का पूरे सम्मान के साथ उल्लेख किया जाएगा। गंभीर ने पत्रकारों से कहा मुझे खुशी है कि आप सभी के योगदान के बारे में बात कर रहे हैं क्योंकि कई वर्षों से हम केवल कुछ विशेष योगदानों के बारे में ही बात करते रहे हैं। यह एक टीम गेम है और यह हमेशा टीम गेम ही रहेगा। उन्होंने कहा मेरे लिए शिवम के दो चौके भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने संजू के 97 रन, क्योंकि अगर उसने वे दो चौके नहीं लगाए होते तो आप उस (97 रन की पारी) के बारे में बात भी नहीं करते।''''

गंभीर ने कहा बड़ा योगदान सुर्खियां बटोरता है, लेकिन छोटा योगदान भी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वह टीम को जीत दिलाने में मदद कर सकता है, उसे लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। इसीलिए मैं कहता हूं कि जब तक मैं इस पद पर हूं, हमारी आगे भी यही नीति रहेगी। दुनिया भर के कोच आंकडों (डेटा) को महत्वपूर्ण मानते हैं लेकिन इनमें गंभीर शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहा सच कहूं तो मुझे आंकड़ों पर भरोसा नहीं है। मैंने कभी आंकड़े देखे ही नहीं। मुझे तो यह भी नहीं पता कि आंकड़े होते क्या हैं। मैं उन पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं करता, क्योंकि मुझे लगता है कि वे अधिकतर सहज ज्ञान पर आधारित होते हैं। गंभीर की यह टिप्पणी आश्चर्यजनक थी क्योंकि टीम डेटा विश्लेषक हरि प्रसाद पर काफी हद तक निर्भर रहती है।

भारतीय कोच ने कहा टी20 क्रिकेट में सहज ज्ञान और उस सहज ज्ञान पर भरोसा करना ही सब कुछ है। खेल और टी20 प्रारूप के बारे में मुझे जो भी जानकारी है, मैं उसे कप्तान को देने और जितना हो सके उनकी मदद करने की कोशिश करता हूं। उन्होंने कहा लेकिन आखिर में फैसला कप्तान को करना होता है लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मुझे आंकड़ों पर कोई विश्वास नहीं है क्योंकि इन्हें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। मेरे लिए यह बहुत सौभाग्य की बात है कि हमारे पास विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में होने वाले सेमीफाइनल के बारे में गंभीर ने कहा उनकी (इंग्लैंड) टीम एक विश्वस्तरीय टीम हैं। उनके पास कई बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं और हम सभी जानते हैं कि वानखेड़े में खेलना आसान नहीं होता है। उम्मीद है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# जहीर के बाद भज्जी से संपर्क किया बीसीसीआई ने

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को तैयार करने में मदद के लिए अपने पूर्व क्रिकेटरों से संपर्क किया है। इसमें पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह शामिल हैं। उनसे बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए कहा है।

बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान युवा तेज गेंदबाजों के साथ पांच दिवसीय शिविर के लिए पहले ही बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। ये युवा गेंदबाज सीनियर टीम में जगह बनाने के करीब हैं या उसके लिए कुछ मैच खेल चुके हैं। सीओई के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने इससे सुखद परिणाम की उम्मीद जताई है।

# मेसी के दो गोल से इंटर मियामी जीता

ऑरलैंडो, एजेंसी



लियोनेल मेसी ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जबकि डिफेंडर टेलास्को सेगोविया ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे मौजूदा चैंपियन इंटर मियामी ने एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराकर इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली बार जीत हासिल की।

पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की तरफ से पहला गोल दूसरे हाफ के चौथे मिनट में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया। मेसी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई। मेसी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत सुनिश्चित कर दी। अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी इस तरह से एमएलएस में 52 गोल कर चुका है। मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद मार्टिन ओजेडा ने गोल किया जिससे ऑरलैंडो सिटी को 2-0 की बढ़त मिल गई।


### ईरान का विश्व कप फुटबॉल में खेलना संदिग्ध

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के उनके देश पर किए गए हमले के बाद वह पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि उनकी टीम इस साल अमेरिका में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में खेल पाएगी या नहीं। मेहदी ताज ने खेल पोर्टल वर्जेश3 से कहा निश्चित रूप से इस हमले के बाद हम विश्व कप में भाग लेने को लेकर उम्मीद की दृष्टि से नहीं देख सकते। अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने भी जवाबी हमले किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद इस देश का भविष्य अनिश्चितता में डूब गया है और क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। विश्व कप में ईरान को ग्रुप जी में रखा गया है और उसे इंग्लेवुड, कैलिफोर्निया में 15 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसक बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ पहले दौर का अपना अंतिम मैच खेलेगा। विश्व कप फुटबॉल 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा।

## विचार

दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट व वनडे कप्तान बोले- क्रिकेट भद्रजनों का खेल है, हम इसी सोच के साथ बड़े हुए

# हाथ नहीं मिलाने की नीति अच्छी नहीं लगती : तेम्बा बावुमा



नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के प्रेरणादायी टेस्ट और वनडे कप्तान तेम्बा बावुमा का मानना है कि अंतर्राष्ट्रीय मैचों के दौरान खिलाड़ियों द्वारा हाथ नहीं मिलाना खेल के लिए अच्छा संदेश नहीं देता। भारत और श्रीलंका में खेले जा रहे मौजूदा टी20 विश्व कप के कमेंट्री पैनल में शामिल बावुमा ने कहा भारत-पाकिस्तान मुकाबलों में 'नो हैंडशेक (हाथ नहीं मिलाने)' नीति के अलावा अन्य मुद्दों पर बात की। सामाजिक मुद्दों पर बेबाक राय रखने के लिए पहचाने जाने वाले 35 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने देश में सभी को समान अवसर दिए जाने की जोरदार वकालत की और खेल को एकजुट करने वाली शक्ति पर भी बल दिया।

बावुमा ने कहा हां, अगर आप इसे बाहर से देखते हैं तो अच्छी नहीं लगती। यह क्रिकेट के खेल के लिए अच्छा नहीं दिखता। आखिरकार यह भद्रजनों का खेल है, हम इसी सोच के साथ बड़े हुए हैं कि हमसे एक खास व्यवहार की अपेक्षा की जाती है।

उन्होंने आगे कहा लेकिन जैसा मैंने कहा, यह बाहर से देखने का नजरिया है। मैं भारत और पाकिस्तान के बीच की राजनीति से पूरी तरह परिचित नहीं हूं, इसलिए उस दृष्टिकोण से कुछ नहीं कह सकता। लेकिन एक दर्शक के तौर पर, जो बिना पूरी पृष्ठभूमि जाने इसे देख रहा है, तो यह क्रिकेट के खेल के लिए अच्छा संदेश नहीं देता। दक्षिण अफ्रीका ने बावुमा की कप्तानी में पिछले साल जून में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद भारत में 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद टेस्ट श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। पिछले 12 महीनों में मिली बड़ी सफलताओं ने 'चोकर्स' के तमगे से भी काफी हद तक मुक्त कर टीम के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है।

### पीसीबी ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के लिए अपने खिलाड़ियों पर लगाया जुर्माना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (लगभग 18000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया है। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सुपर आठ स्टेज के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया और लगातार चौथी बार आईसीसी पुरुष टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया। पाकिस्तान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। क्रिकइनफो की रिपोर्ट के अनुसार जुर्माना डिसिप्लिनरी कारणों से नहीं है, बल्कि खास तौर पर बोर्ड के अनुसार टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के लिए लगाया गया है। ये जुर्माना ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच के तुरंत बाद लगाया गया था, जहां खराब प्रदर्शन के कारण 61 रन से हार मिली थी। उन्हें बताया गया था कि अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचता है तो जुर्माना माफ किया जा सकता है। हालांकि, मौजूदा पीसीब प्रबंधन के पास बड़े टूर्नामेंट में निराशा के बाद सजा देने का यह तरीका है। पांच महीने पहले, एशिया कप फाइनल में भारत से मिली करीबी हार के बाद, पीसीबी ने खिलाड़ियों को दिए गए सभी नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट को कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया था।


होली धमाका
रंगों के पर्व होली पर पायें
अमृत विचार
का E-Paper Subscription
03 माह के लिए
फ्री
Subscribe करने के लिए Scan करें